राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

धन तेरस

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

वर्ष : 15 | अंक : 196 | नई दिल्ली, मंगलवार, 29 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# धन्वंतरि जयंती पर 12850 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और शिलान्यास

नई दिल्ली,, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में धन्वंतरि जयंती और नौवें आयुर्वेद दिवस पर स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित 12 हजार 850 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य दायरे कवरेज के विस्तार का शुभारंभ करेंगे। श्री मोदी देश के पहले अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के चरण- द्वितीय का उद्घाटन करेंगे। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के प्रयोग को बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री 11 तृतीयक स्वास्थ्य संस्थानों में ड्रोन सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए डिजिटल पहलों को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री यू-विन पोर्टल का शुभारंभ करेंगे, जो गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को लाभान्वित करने वाली टीकाकरण प्रक्रिया को डिजिटल बनाता है। मेक इन इंडिया के अनुरूप प्रधानमंत्री चिकित्सा उपकरणों और थोक दवाओं के लिए पीएलआई योजना के तहत पांच परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और परीक्षण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई पहलों का भी शुभारंभ भी होगा। प्रधानमंत्री एक राष्ट्रव्यापी अभियान, देश का प्रकृति परीक्षण अभियानह्व भी शुरू करेंगे, जिसका उद्देश्य नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। वह प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के लिए जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर राज्य-विशिष्ट कार्य योजना भी शुरू करेंगे, जिसमें जलवायु परिवर्तन के अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं के विकास के लिए अनुकूलन रणनीति तैयार की जाएगी। प्रधानमंत्री यू-विन पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। यह टीकाकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल बनाकर गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को लाभान्वित करेगा। यह गर्भवती महिलाओं और बच्चों (जन्म से 16 वर्ष तक) को बीमारियों के खिलाफ जीवन रक्षक टीकों को समय लगाया जा सकेगा। इसके अलावा, प्रधानमंत्री संबद्ध और स्वास्थ्य पेशेवरों और संस्थानों के लिए एक पोर्टल भी जारी करेंगे। यह मौजूदा स्वास्थ्य पेशेवरों और संस्थानों के केंद्रीकृत डेटाबेस के रूप में कार्य करेगा। श्री मोदी देश के पहले अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के दूसरे चरण का उद्घाटन करेंगे। इसमें एक पंचकर्म अस्पताल, औषधि निर्माण के लिए एक आयुर्वेदिक फामेर्सी, एक खेल चिकित्सा इकाई, एक केंद्रीय पुस्तकालय, एक आईटी और स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन सेंटर और 500 सीटों वाला एक ऑडिटोरियम शामिल है। वह मध्य प्रदेश के मंदसौर, नीमच और सिवनी में तीन मेडिकल कॉलेजों का भी उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, वह हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर, पश्चिम बंगाल के कल्याणी, बिहार के पटना, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, मध्य प्रदेश के भोपाल, असम के गुवाहाटी और नई दिल्ली में विभिन्न एम्स में सुविधा और सेवा विस्तार का उद्घाटन करेंगे, जिसमें एक जन औषधि केंद्र भी शामिल होगा। प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सरकारी मेडिकल कॉलेज में एक सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक और ओडिशा के बरगढ़ में एक क्रिटिकल केयर ब्लॉक का भी उद्घाटन करेंगे। वह मध्य प्रदेश के शिवपुरी, रतलाम, खंडवा, राजगढ़ और मंदसौर में पांच नर्सिंग कॉलेजों, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मणिपुर, तमिलनाडु और राजस्थान में 21 क्रिटिकल केयर ब्लॉकों और नई दिल्ली के एम्स तथा हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में अनेक सुविधाओं और सेवा विस्तारों की आधारशिला भी रखेंगे। श्री मोदी मध्य प्रदेश के इंदौर में एक ईएसआईसी अस्पताल का उद्घाटन करेंगे और हरियाणा के फरीदाबाद, कर्नाटक के बोम्मासंद्रा और नरसापुर, मध्य प्रदेश के इंदौर, उत्तर प्रदेश के मेरठ और आंध्र प्रदेश के अचुतापुरम में कर्मचारी राज्य बीमा निगम - ईएसआईसी अस्पतालों की आधारशिला रखेंगे। इन परियोजनाओं से करीब 55 लाख ईएसआई लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिलेगा।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

सोना 80,405

चांदी 1,1000

सैंसेक्स 80,220

निफ्टी 24,472

## संक्षिप्त खबरें

### वक्फ समिति की बैठक छोड़कर बाहर निकले विपक्षी सदस्य

नई दिल्ली। वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति की बैठक सोमवार को हुई जिसमें से कई विपक्षी सदस्य दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रस्तुतिकरण का विरोध करते हुए बैठक से बाहर निकल गए। विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि समिति के समक्ष पेश हुए दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक ने दिल्ली सरकार की जानकारी के बिना प्रस्तुतिकरण में बदलाव किया है। आम आदमी पार्टी के सदस्य संजय सिंह, द्रमुक सांसद मोहम्मद अब्दुल्ला, कांग्रेस के नसीर हुसैन और मोहम्मद जावेद समेत अन्य कुछ विपक्षी सदस्य बैठक छोड़कर बाहर निकल गए। विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि दिल्ली नगर निगम के आयुक्त और दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक अश्विनी कुमार ने मुख्यमंत्री की मंजूरी के बिना वक्फ बोर्ड की प्रारंभिक रिपोर्ट को पूरी तरह बदल दिया।

# सीएम की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में बनाई गई प्रदूषण रोकथाम योजना

## प्रदूषण के खिलाफ जंग में सिविल डिफेंस वॉलंटियरों और बस मार्शलों को ग्राउंड जीरो पर तैनात किया जाएगा

- वाहनों को गलत तरीके से प्रदूषण सर्टिफिकेट न मिलें, सभी जांच केंद्रों पर सिविल डिफेंस वालंटियर तैनात किए जाएँगे

नई दिल्ली, एजेंसी




दिल्ली में सप्ताहभर के भीतर 10,000 सिविल डिफेंस वॉलंटियरों और बस मार्शलों को प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में ग्राउंड जीरो पर तैनात किया जाएगा। सोमवार को मुख्यमंत्री आतिशी की अध्यक्षता में हुए एक उच्चतरीय बैठक में इसकी योजना तैयार की गई। बैठक में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे। बता दे कि, दिल्ली सरकार के लंबे संघर्ष के बाद पिछले दिनों केंद्र सरकार की ओर से दिल्ली में सिविल डिफेंस वॉलंटियरों और बस मार्शलों की नियुक्ति का रास्ता खुला था। इस बाबत प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये साझा करते हुए सीएम आतिशी ने कहा कि, प्रदूषण के खिलाफ जंग में 10,000 सिविल डिफेंस वॉलंटियरों और बस मार्शलों को ग्राउंड जीरो पर तैनात किया जाएगा और सप्ताह भर में इनका पंजीकरण शुरू होगा। उन्होंने कहा कि, वाहनों को गलत तरीके से प्रदूषण सर्टिफिकेट न मिलें, इसके लिए सभी जांच केंद्रों पर सिविल डिफेंस और बस मार्शल तैनात किए जाएँगे। साथ ही ग्रैप की पाबंदियां बढ़ने के साथ दिल्ली की सीमाओं पर चेकिंग के एनफोर्समेंट टीमों के साथ बस मार्शलों की भी तैनाती होगी।प्रदूषण रोकथाम के लिए एमसीडी और डीपीसीसी एनफोर्समेंट टीमों की मदद के साथ-साथ जागरूकता अभियानों में भी मार्शलों की तैनाती होगी। उन्होंने कहा कि, भाजपा चाहे जितना परेशान करे, अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में हम दिल्लीवासियों की हर समस्या का समाधान जरूर निकालेंगे। सीएम आतिशी ने कहा कि, दिल्ली में बसों में महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए 2017-18 में दिल्ली सरकार ने दिल्ली की बसों में बस मार्शल तैनात किए। ये बस मार्शल 2-3 शिफ्ट में काम करते थे। बसों में महिलाओं को कोई परेशानी होती, कोई उनसे दुर्व्यवहार करता उस समस्या को दूर करने के लिए बसों में बस मार्शल तैनात किए गए। लेकिन 2023 के अप्रैल से केंद्र सरकार ने इन बस मार्शलों को हटाने की साजिश रची। अप्रैल 2023 से इनकी तनख्वाह रोक दी। उन्होंने कहा कि, दिल्ली सरकार, आम आदमी पार्टी के विधायक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने तब बार-बार लिखित में कहा कि बस मार्शलों को तनख्वाह मिलनी चाहिए, बसों में उनकी तैनाती होनो चाहिए। लेकिन केंद्र सरकार ने एक साजिश के तहत अक्टूबर 2023 में 10,000 बस मार्शलों और सिविल डिफेंस वालंटियर्स को नौकरी से हटा दिया। सीएम आतिशी ने कहा कि, पिछले 1 साल से ये बस मार्शल और सिविल डिफेंस वालंटियर सड़कों पर संघर्ष कर रहे है। लेकिन दिल्ली सरकार, दिल्ली सरकार के मंत्रियों और आम आदमी पार्टी के विधायकों ने उनका पूरा साथ दिया है।

चाहे सड़क पर संघर्ष करना हो, पुलिस की लाठियां खानी हो इन बस मार्शलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कोई चला है तो वो दिल्ली सरकार के मंत्री और आम आदमी पार्टी के विधायक है। उन्होंने कहा कि, आखिरकार इन बस मार्शलों का संघर्ष रंग लाया और केंद्र सरकार को इन बस मार्शलों के संघर्ष के सामने झुकना पड़ा। और लगातार दिल्ली सरकार कहती आ रही थी कि, इन बस मार्शलों को दोबारा नौकरी पर रखा जाए, उस प्रस्ताव को आखिरकार केंद्र सरकार को मानना पड़ा। सीएम आतिशी ने कहा कि, ऱ्हमने कुछ दिनों पहले घोषणा की थी कि, अब इन 10,000 बस मार्शलों और सिविल डिफेंस वालंटियरों को दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ हम जो युद्ध लड़ रहे है , उसमें तैनात किया जाएगा। उन्होंने साझा करते हुए कहा कि, आज गोपाल राय जी और मैंने पर्यावरण विभाग, डीपीसीसी, राजस्व विभाग और जिलाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में एक पूरे प्लान की समीक्षा की गई है कि, किस प्रकार बस मार्शलों और सिविल डिफेंस वालंटियरों को प्रदूषण के खिलाफ इस युद्ध में लगाया जाएगा। बस मार्शलों और सिविल डिफेंस वालंटियरों को कहा तैनात किया जाएगा सीएम आतिशी ने साझा करते हुए कहा कि, कुछ बस मार्शलों को परिवहन विभाग में तैनात किया जाएगा और दिल्ली भर में तकरीबन 1000 प्रदूषण जाँच केंद्र है, जहाँ वाहनों की प्रदूषण जाँच होती है। वहाँ इनकी ड्यूटी लगाई जाएगी कि किसी भी गाड़ी को गलत तरीके से प्रदूषण सर्टिफिकेट न मिले। उन्होंने कहा कि, जैसे ही ग्रैप 3,4 की पाबंदियाँ लगती है उसमें वाहनों के प्रकार पर भी पाबंदियाँ लगती है कि, किस प्रकार के वाहन दिल्ली आ सकते है या नहीं आ सकते है।ऐसे में बॉर्डरों पर भी चेकिंग के लिए परिवहन विभाग के एनफोर्समेंट टीमों के साथ इन बस मार्शलों को तैनात किया जाएगा। सीएम आतिशी ने कहा कि, दिल्ली में 13 हॉटस्पॉट और 27 अन्य ऐसे स्थान जहां प्रदूषण का स्तर बढ़ा होता है और मॉनिटरिंग की जरूरत होती है। वहाँ एमसीडी के डिप्टी कमिश्नरो के साथ बस मार्शलों को तैनात किया जाएगा। साथ ही एमसीडी की निरीक्षण टीम जो लगातार कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट, अवैध डंपिंग, ओपन वेस्ट बर्निंग और डीजी सेट्स के प्रयोग आदि का निरीक्षण कर रही है। उनके साथ भी बस मार्शलों और सिविल डिफेंस वालंटियरों को लगाया जाएगा।

# देश में सुनियोजित तरीके से नफरत और गुस्सा फैलाती है केंद्र सरकार : प्रियंका



वायनाड, एजेंसी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए सोमवार से अपने अभियान का आगाज किया। उन्होंने मीनांगडी में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने मुझे जो प्यार दिया है, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। कुछ दिन पहले मैं अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए वायनाड आई थी। मैं रात में जब अपने होटल जा रही थी, उसी दौरान मैंने कुछ लोगों को खड़ा देखा, इसलिए मैं रुक गई और उनसे बात की। उन्होंने आगे कहा, उनमें से एक शख्स सेना से था। उसने बताया कि वह अपनी नौकरी के लिए पूरे देश में यात्रा कर चुका है। उसकी मां मुझसे मिलना चाहती थी, लेकिन वह उस जगह तक चलकर नहीं आ सकती थी, इसलिए मैंने उससे कहा कि वह मुझे अपने घर ले जाए, ताकि मैं उनसे मिल सकूं।

उन्होंने मुझे पहले कभी व्यक्तिगत रूप से नहीं देखा था, लेकिन जब वह मुझसे मिलीं तो उन्होंने मुझे ऐसे गले लगाया, जैसे मैं उनकी अपनी बच्ची हूं। उन्होंने मुझे ठीक वैसे ही पकड़ा था जैसे मेरी मां पकड़ती है। मुझे कोई अंतर महसूस नहीं हुआ। आप सभी ने मुझे वायनाड में कदम रखते ही प्यार दिया है। उन्होंने भाजपा पर भी हमला बोला। कहा, आप जानते हैं कि हम किस दौर में जी रहे हैं। केंद्र में भाजपा की सरकार है, जहां भय, अविश्वास और क्रोध विभिन्न समुदायों के बीच फैला हुआ है। आपने अल्पसंख्यकों पर हमले देखे हैं, मणिपुर में क्या हुआ? आपने बार-बार देखा है कि कैसे यह सरकार एकजुट, योजनाबद्ध तरीके से नफरत और गुस्से को फैलाती है। हमारे संविधान के मूल्यों को लगातार तोड़ा जा रहा है। प्रियंका ने आगे कहा कि जनता की भलाई के बजाय पीएम के खास दोस्तों के पक्ष में लगातार नीतियां बनाई जा रही हैं। हमारे किसानों के लिए कोई दया नहीं है, जो पूरे दिन खेतों में मेहनत करते हैं। आदिवासी लोगों की परंपराओं की कोई समझ और सम्मान नहीं है, क्योंकि उनकी जमीन उनसे छीन ली जाती है और बड़े व्यापारियों को दे दी जाती है। प्रियंका गांधी ने वायनाड भूस्खलन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, जब मैं अपने भाई राहुल के साथ वायनाड में आए भीषण भूस्खलन के बाद यहां आई तो मैंने देखा कि किस तरह लोगों की मदद की जा रही है। मैंने देखा कि आप में से हर एक ने मदद करने के लिए अपना हाथ बढ़ाया है। चाहे आप किसी भी धर्म या पेशे से हों। आप एक साहसी लोग हैं। आपने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी, यह आपके इतिहास में है। उन्होंने आगे कहा कि वायनाड एक खूबसूरत जगह है। यह विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच सद्भाव का समृद्ध इतिहास समेटे हुए है। आपका कृषि समुदाय पूरे देश को भोजन उपलब्ध कराता है। आपके मूल्य मजबूत हैं, समानता और सामाजिक न्याय में निहित हैं, जो हर जगह स्पष्ट है। प्रियंका ने कहा कि आप नारायण गुरु जी की शिक्षाओं का पालन करते हैं और सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। मैं आज भारत में सबसे गौरवान्वित व्यक्ति कैसे नहीं हो सकती कि मुझे आपका प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिले? अगर आप मुझे चुनते हैं तो यह मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान होगा। इससे पहले मीनांगडी जाते समय वायनाड के लोगों ने प्रियंका का गर्मजोशी से स्वागत किया था। उन्होंने स्थानीय नन से भी मुलाकात की और उनका आशीर्वाद भी लिया।

# चीन और भारत के बीच सीमा समझौता द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक कदम: रूसी राजदूत

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने सीमा मुद्दे पर हुए चीन-भारत समझौते को द्विपक्षीय संबंधों की दिशा में सोमवार को सकारात्मक कदम बताया और कजान में संपन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बैठक का स्वागत किया। अलीपोव ने कहा कि रूस के कजान शहर में हाल में संपन्न हुआ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पूर्णतः सफल रहा तथा यह कोई विशिष्ट नहीं बल्कि समावेशी मंच है। अलीपोव ने यहां संवाददाताओं से कहा, ब्रिक्स पश्चिम विरोधी नहीं बल्कि गैर-पश्चिम देशों का समूह है। उन्होंने सीमा मुद्दे पर हुए चीन-भारत समझौते के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में कहा, यह भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों की दिशा में एक सकारात्मक प्रगति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त और सैनिकों को पीछे हटाने को लेकर हुए भारत-चीन समझौते का 23 अक्टूबर को समर्थन किया था। मोदी और शी के बीच हुई बैठक के बारे में पूछे जाने पर भारत में रूसी राजदूत ने कहा, हमने इसमें कोई भूमिका नहीं निभाई है, लेकिन हमें खुशी है कि यह कजान में हुई। उन्होंने कहा, हम इस बैठक का तहे दिल से स्वागत करते हैं।

# शिवसेना की दूसरी सूची में 20 उम्मीदवारों के नाम

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना ने रविवार को 20 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची की घोषणा की। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा भी शामिल हैं, जो वर्ली निर्वाचन क्षेत्र में शिवसेना (यूबीटी) उम्मीदवार आदित्य ठाकरे को चुनौती देंगे। पूर्व सांसद संजय निरुपम को, जो लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना में शामिल हो गए थे, शिवसेना (यूबीटी) के सुनील प्रभु के खिलाफ डिंडोशी निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है।

# आतंकियों ने सेना की गाड़ी पर की फायरिंग

जम्मू, एजेंसी

सोमवार को जम्मू-कश्मीर के अखनूर इलाके में आतंकियों ने एक सेना के वाहन पर हमला करने की कोशिश की। इसके बाद वहां मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों के अनुसार, सोमवार सुबह अखनूर के बत्तल इलाके में आतंकियों ने सेना के वाहन पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया, आतंकियों की घात लगाकर हमला करने की कोशिश नाकाम हो गई, जिसके बाद इलाके में घेराबंदी अभियान शुरू किया गया। अब सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी चल रही है। आतंकियों के सभी निकलने के रास्ते सील कर दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इलाके में और सैनिक भेजे गए हैं। खासकर शांति से हुए लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बाद आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर में अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं। पिछले गुरुवार को आतंकियों ने गुलमर्ग के पास सेना के एक वाहन पर हमला किया, जिसमें दो सैनिकों और दो स्थानीय पोर्टरों की मौत हो गई थी। इस हमले में घायल एक और सैनिक ने अगले दिन दम तोड़ दिया था, जिससे मरने वालों की संख्या पांच हो गई थी। 20 अक्टूबर को आतंकियों ने गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में एक निजी निर्माण कंपनी के श्रमिक शिविर पर हमला किया था।

**यात्रा** आज सी-295 (विमान) संयंत्र के उद्घाटन के साथ ही हमारी साझेदारी का एक नया अध्याय शुरू................

# सांचेज की भारत यात्रा ने दोनों देशों के संबंधों में नई ऊर्जा और उत्साह का किया संचार : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



वडोदरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि स्पेन के उनके समकक्ष पेड्रो सांचेज की भारत यात्रा ने दोनों देशों के संबंधों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। सांचेज ने कहा कि दोनों देश एक-दूसरे के पूरक हैं और स्पेन इस शानदार सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है। दोनों नेताओं ने गुजरात के वडोदरा शहर में लक्ष्मी विलास पैलेस के दरबार हॉल में द्विपक्षीय वार्ता की। स्पेन के पीएम सांचेज का यह पहला भारत दौरा है। मोदी ने कहा कि सांचेज की यात्रा ने दोनों देशों के संबंधों में नई ऊर्जा और उत्साह भर दिया है। इससे पहले, दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत में सी-295 सैन्य विमान के निर्माण के लिए वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड -एयरबस सुविधा का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। समझौते के तहत वडोदरा संयंत्र में 40 विमान बनाए जाएंगे, जबकि विमानन क्षेत्र की बड़ी कंपनी एयरबस सीधे 16 विमान उपलब्ध कराएगी। टीएएसएल भारत में इस तरह 40 विमानों को बनाने के लिए जिम्मेदार होगा। मोदी ने द्विपक्षीय वार्ता के दौरान अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा, आज सी-295 (विमान) संयंत्र के उद्घाटन के साथ ही हमारी साझेदारी का एक नया अध्याय शुरू हुआ है। हमारी साझेदारी सदियों पुरानी है। लोकतंत्र और कानून के शासन जैसे मूल्यों में साझा विश्वास हमें एक साथ बांधता है। उन्होंने कहा कि भारत और स्पेन के बीच अर्थव्यवस्था, रक्षा, फार्मा, आईटी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे कई क्षेत्रों में मजबूत सहयोग है और दोनों देश वैश्विक शांति, समृद्धि और सहयोग पर जोर देते हैं। मोदी ने कहा, लोगों का संपर्क हमारे संबंधों के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है। भारतीय युवा प्रतिभा स्पेन के हरित और डिजिटल बदलाव में योगदान दे रही है।

**दोनों देश एक दूसरे के पूरक हैं : सांचेज**

सांचेज ने अपनी शुरूआती टिप्पणी में कहा कि उनकी यात्रा भारत और स्पेन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी, क्योंकि दोनों देशों का दुनिया में अपना एक प्रभाव है। एक आवाज और प्रभाव, जो हमारे देशों के साथ मिलकर काम करने पर कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा, मुझे इस बात की भी खुशी है कि आज हम एक महत्वाकांक्षी संयुक्त घोषणा का समर्थन कर रहे हैं जिसमें हमारे सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों को शामिल किया गया है। हम निवेश, रेलवे, सीमा शुल्क, सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर करने का जश्न मना रहे हैं और हम उन मुद्दों को मजबूत करने के लिए तत्पर हैं जो हमारे संबंधों की समृद्धि और गहराई को दशार्ते हैं। सांचेज ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि दोनों देशों के बीच सहयोग कई अन्य क्षेत्रों में भी बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि 2026 में संस्कृति, पर्यटन और कृत्रिम मेधा के लिए स्पेन-भारत वर्ष के जश्न को देखते हुए इसे और मजबूती मिलेगी। स्पेन के प्रधानमंत्री ने कहा, दोनों देश एक दूसरे के पूरक हैं। भारत न केवल हिंद-प्रशांत में बल्कि व्यापक संदर्भ में भी एक प्रमुख भूमिका निभाता है।

# मोदी रोजगार मेले को संबोधित करेंगे और नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को 51,000 से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे और रोजगार मेले को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को यहां बताया कि श्री मोदी ये नियुक्ति पत्र वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वितरित करेंगे। रोजगार मेला रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए सार्थक अवसर प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाएगा। देश भर में 40 स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नए कर्मचारी केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों, जैसे राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय आदि शामिल होंगे। नये कर्मचारियों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारम्भ के माध्यम से आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर 1400 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं जो नई भर्तियों को अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करेंगे।

## त्योहार से पहले चमका हल्द्वानी : बाजार में सजावट का सामान खरीदने के लिए उमड़ी भीड़

**हल्द्वानी, एजेंसी।** धनतेरस पर्व के लिए बाजार पूरी तरह सज गया है। रविवार को खील-खिलौनों से लेकर फूल-मालाओं समेत घरेलू सजावट के सामान से बाजार जगमग रहा। छुट्टी का दिन होने के कारण रविवार सुबह से देर शाम तक लोग दीपावली की खरीदारी में व्यस्त रहे।

धनतेरस पर्व से पहले ही बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ने लगी है। रविवार को बाजार में ग्राहकों की आमद ज्यादा रही। बर्तन बाजार से लेकर सोना, फूल, रंग-बिरंगी बिजली की मालाओं की दुकानों में ज्यादा भीड़ देखने को मिली।

मंगलवार को होने वाले धनतेरस पर्व के लिए बाजार पूरी तरह सज गया है। रविवार को खील-खिलौनों से लेकर फूल-मालाओं समेत घरेलू सजावट के सामान से बाजार जगमग रहा। छुट्टी का दिन होने के कारण रविवार सुबह से देर शाम तक लोग दीपावली की खरीदारी में व्यस्त रहे। मीरा बाजार, सदर बाजार, बर्तन बाजार में ग्राहकों की भीड़ रही। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा का कहना है कि ग्राहकों के पास खरीदारी के काफी



ऑप्शन हैं। मॉल और ऑनलाइन कारोबार होने के बावजूद लोगों का स्थानीय बाजार पर विश्वास बना हुआ है।

वर्तमान में सोना 24 कैरेट प्रति 10 ग्राम 81 हजार से ऊपर चला गया है। वहीं चांदी भी एक लाख रुपये प्रतिकिलो पहुंच गई है। सर्राफा कारोबारी राजेश अग्रवाल ने बताया कि सोने के साथ हीरे की अंगूठी, ब्रेसलेट, टॉप्स और नेकलेस की डिमांड कर रहे हैं। ब्रेसलेट 35 हजार, नेकलेस एक लाख और अंगूठी सात हजार रुपये से उपलब्ध है। ग्रीन सिटी सर्राफा एंड स्वर्णकार एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम रस्तोगी ने बताया कि सोने के दाम बढ़ने के बावजूद खरीदारों का उत्साह कम नहीं हुआ है। दीपावली पर लोगों ने चांदी से बनी लक्ष्मी, गणेश जी की मूर्ति, बर्तन और सिक्कों की डिमांड की है। ग्राहक पांच और 10 ग्राम के गोल्ड कॉइन ले रहे हैं। कुछ लोगों ने एक किलो चांदी की ब्रिक भी आर्डर की हैं। हल्द्वानी बाजार में करीब 14 प्रमुख बर्तन कारोबारी हैं। बर्तन व्यवसायी राजीव अग्रवाल ने बताया कि त्योहार के लिए थोक व्यापारी खरीदारी कर चुके हैं। अब धनतेरस पर बर्तन कारोबार चमकने की उम्मीद है। अधिकतर लोग तांबे, पीतल की पूजा सामग्री के अलावा स्टील के बर्तनों की डिमांड करते हैं।

नया बाजार में कपड़ा व्यापारी अश्विनी आनंद का कहना है कि दीपावली के लिए लोगों ने कपड़ों की खरीदारी शुरू कर दी है। सोमवार से बाजार और चढ़ने की उम्मीद है। सदर बाजार में कारोबारी दया किशन राठौर ने बताया कि बिजली की माला बिजली की माला 40 रुपये से शुरू हैं। लेजर वाली और रिमोट से चलने वाली मालाएं लोगों को भा रही हैं।

## कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत का बीजेनी पर हमला, कहा- भ्रष्ट सरकार को सबक सिखाने के लिए मजबूती से जीत दर्ज करेंगे

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।**
कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत ने नामांकन से ठीक पहले भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया है। इसमें प्रत्याशी मनोज रावत का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ उप चुनाव के लिए कांग्रेस ने उन्हें प्रत्याशी घोषित करके बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इसी बीच भाजपा का घेराव करते हुए कहा कि प्रदेश की भ्रष्ट भाजपा सरकार को सबक सिखाने के लिए केदारनाथ उप चुनाव में कांग्रेस मजबूती से जीत दर्ज करेगी।

पूर्व विधायक मनोज रावत ने कहा कि आज मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर नामांकन स्थल उखीमठ को जीरो जोन किया गया है। इससे साफ है कि मुख्यमंत्री केदार घाटी की जनता से डर चुके हैं इसलिए वह जीरो जोन में आ रहे हैं। वहीं दूसरे और उन्होंने कहा कि केदारनाथ उपचुनाव में कांग्रेस ने उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी दी है। साथ ही कहा कि वह कांग्रेस और केदारनाथ की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। इसी बीच प्रत्याशी मनोज रावत ने बीजेपी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि निश्चित रूप से प्रदेश की भ्रष्ट भाजपा



सरकार को सबक सिखाने के लिए केदारनाथ उप चुनाव में कांग्रेस मजबूती से जीत दर्ज करेगी।

मनोज रावत ने भाजपा पर भ्रष्ट सरकार होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मसूरी के एवरेस्ट इलाके में हजारों करोड़ की जमीन है। वहीं प्रदेश सरकार द्वारा इस जमीन को एक करोड़ की कीमत पर किराए पर देने के बावजूद भी पेट नहीं भर रहा है। ऐसे में सरकार राज्य के झरने आदि पर भी टैक्स लगाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने उन्हें टिकट देकर मैदान में उतारा है। इसका भली भांति जवाब प्रदेश की सरकार को केदारनाथ विस उपचुनाव में दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### चार माह बाद शुरू हुई लाढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग पर बस सेवा

**हरिद्वार, एजेंसी।** लालढांग-चिल्लरखाल वन मोटर मार्ग खुलने से शुरू हुए बसों के संचालन से लोगों को सुविधा मिलनी शुरू हो गई है। यह मार्ग बरसात के दौरान क्षतिग्रस्त होने से चार माह से बंद था।स्थानीय लोगों को नजीबाबाद होकर कोटद्वार जाना पड़ रहा था। इससे उन्हें धन और समय दोनों का नुकसान उठाना पड़ रहा था। शनिवार को को जीएमओ की बस हरिद्वार से कोटद्वार वाया लालढांग होकर चलनी शुरू हो गई। इससे लालढांग से कोटद्वार जाने वाले लोगों ने राहत की सांस ली। मार्ग के खुलने से दीपावली के त्योहार पर बाहर रह रहे लोगों का अपने घर त्योहार मनाने आते हैं। जहां एक कोटद्वार जाने वाले लोगो को राहत मिली हैं वही लालढांग से हरिद्वार आने जाने वालों को भी बस सेवा मिलनी शुरू हो गई। अभी तक वे हरिद्वार आने के लिए टैंपो और अन्य वाहनों पर निर्भर थे। जीएमओ हरिद्वार के स्टेशन प्रभारी भगवान सिंह रावत ने बताया हरिद्वार से कोटद्वार बाया लालढांग होकर सुबह साढ़े छह बजे से शाम 4~40 बजे के बीच हर आधे घंटे बाद बस संचालित की जा रही है।

### जमीनी रंजिश में दो भाई और मां पर हमला, केस दर्ज

**रूड़की, एजेंसी।** एक व्यक्ति ने जमीनी रंजिश के चलते कुछ लोगों पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लक्सर कोतवाली के खड़ंजाकुतुबपुर गांव निवासी अमन कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी मां ने वर्ष 2019 में लगभग डेढ़ बीघा जमीन खरीदी थी। इसका दाखिल खारिज भी उनकी मां के नाम पर है। बताया कि इस जमीन से निकलकर वह अपने दूसरे खेत पर आते-जाते हैं। आरोप है कि चंद्रपाल उनसे रंजिश रखता है। शुक्रवार को वह अपने भाई मोहित के साथ खेत पर धान की कटाई कर रहे थे। आरोप है कि तभी चंद्रपाल, उसके बेटे बिट्टू और अजय उर्फ अरुण निवासी केहड़ा, लक्सर हाथों में लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से लैस होकर मौके पर आ गए। आरोप है कि उक्त लोगों ने दोनों भाइयों और उनकी मां पर हमला कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर हमलावर धमकी देकर फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### चुनाव निरस्त होने से आक्रोशित छात्रों ने वीसी का पुतला फूंका

**ऋषिकेश, एजेंसी।** छात्रसंघ चुनाव निरस्त होने से नाराज छात्र-छात्राओं ने कुलपति की शव यात्रा निकालकर पुतला दहन किया।श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के पं. ललित मोहन शर्मा परिसर से विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने कुलपति के पुतले की शव यात्रा निकाली और घाट चौक पर पुतला दहन कर आक्रोश जताया। विवि परिसर में शनिवार को एबीवीपी, आर्यन, एनएसयूआई, वंदेमातरम समेत विभिन्न छात्र संगठन के कार्यकर्ता एकत्रित हुए। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने विवि प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने विवि परिसर से कुलपति के पुतले की शव यात्रा निकाली। छात्र नेताओं ने कहा कि रविवार को विवि परिसर में विवि प्रशासन की बुद्धि-शुद्धि के लिए हवन किया जाएगा। इस मौके पर निवर्तमान छात्रसंघ हिमांशु जाटव, रवि बिष्ट, मयंक भट्ट, वैभव रावत, मानव रावत, आशा चौधरी, सचिन यादव प्रियांशु कुमाईं, राजकुमार, दीपक भारद्वाज आदि शामिल रहे।

### टनकपुर मुख्य बाजार में 29 से 31 अक्तूबर तक दिन में नहीं चलेंगे भारी वाहन

**टनकपुर (चंपावत), एजेंसी।** दीपावली पर गांधी मैदान में प्रशासन की ओर से 40 पटाखा की दुकानों को लाइसेंस दिया गया है। मुख्य बाजार में तीन दिन तक 29 से 31 अक्तूबर तक रात नौ से सुबह नौ बजे तक ही भारी वाहन चलेंगे। दिन में भारी वाहनों पर रोक रहेगी। सीओ शिवराज सिंह राणा ने बताया कि गांधी मैदान में दुकानें 29 अक्तूबर से तीन नवंबर तक लगेंगी। मुख्य बाजार में फुटपाथ में रास्ता छोड़ेंगे, दुकानों में कार्यरत कर्मियों का सत्यापन होगा। नियम के विरुद्ध खुली दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पालिका ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी ने बताया कि नियमों का पूर्ण पालन और गांधी मैदान में पॉलीथिन के प्रयोग पर प्रतिबंध रहेगा।

## महंत गोविंददास हत्याकांडः खातों की डिटेल और सीसीटीवी फुटेज मांगी

**हरिद्वार, एजेंसी।** कनखल के श्रद्धा भक्ति आश्रम हड़पने के लिए महंत गोविंददास की हत्या कर देने के मामले में पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के साथ ही इसमें संलिप्त अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच तेज कर दी है। महंत गोविंद दास के बैंक खातों से किन-किन खातों में रकम ट्रांसफर की गई, उनकी डिटेल निकालने के साथ ही करीब पांच महीने पहले ही सीसीटीवी फुटेज भी बैंक से मांगी गई है। अब खातों को फ्रीज कराने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी धरपकड़ तेज कर दी गई है। बीते एक जून को श्रद्धा भक्ति आश्रम ज्ञानलोक कॉलोनी कनखल के महंत गोविंद दास की नशे का इंजेक्शन लगाने के बाद गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस 19 अक्तूबर को हत्याकांड का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी अशोक कुमार निवासी गली नंबर-2 दुर्गापुरी एक्टेंशन शहादरा थाना ज्योतिनगर दिल्ली, ललित निवासी पृथ्वी विहार नियर एफसीआई गोदाम मेरठ रोड थाना 32 सेक्टर करनाल हरियाणा, प्रॉपर्टी डीलर संजीव कुमार त्यागी निवासी मुडैत थाना मंगलौर, योगी रामगोपाल नाथ उर्फ गोपाल सिंह निवासी ग्राम कोहरा थाना सजेती तहसील घाटमपुर जिला कानपुर यूपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दो आरोपी फरार चल रहे हैं।

### पूर्व विधायक के भतीजे पर मारपीट और धमकी देने का आरोप

**रूड़की, एजेंसी।** भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश चंद जैन के भतीजे और फोनिक्स कॉलेज के चेयरमैन चैरब जैन पर आरआईटी कॉलेज के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गुप्ता ने घर पर आकर गाली गलौज करने और मारपीट का आरोप लगाया है। सत्येंद्र ने अपनी और परिवार की जानमाल का खतरा जताया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चैरब जैन और एक अन्य पर केस दर्ज कर लिया है।

गंगनहर कोतवाली क्षेत्र स्थित रामनगर अशोक मार्ग निवासी सत्येंद्र कुमार गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह हरिद्वार विश्वविद्यालय और आईआईटी कॉलेज के अध्यक्ष हैं। बताया कि 25 अक्तूबर की सुबह करीब दस बजे चैरब जैन ने उन्हें फोन कर मिलने के लिए घर आने की बात कही। आरोप है कि कुछ देर बाद चैरब जैन उनके घर के प्रथम तल पर बने कार्यालय में पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर हाथापाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

सत्येंद्र ने बताया कि उनके ड्राइवर ने आकर बीच बचाव कराया। इसके बाद चैरब जैन अपनी कार में जाकर बैठ गए और उनके घर के वीडियो और फोटो बनाने लगे। कार में उनके साथ तीन से चार लोग और थे। आरोप लगाया कि उन्हें और परिवार को चैरब जैन और एक अन्य से जान-माल का खतरा है।

## लालकुआं विधायक का भारी विरोध, गाड़ी के आगे लेटे ग्रामीण; तीन घंटे तक चला हंगामा

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
चोरगलिया पशु चिकित्सालय के वैक्सीनेटर को हटाए जाने से गुस्साए ग्रामीणों ने रविवार को पचुवाखेड़ा में एक कार्यक्रम में आए विधायक मोहन बिष्ट का घेराव किया। जमकर नारेबाजी के बीच विधायक जब जाने लगे तो ग्रामीण विधायक की गाड़ी के आगे लेट गए।

हल्द्वानी के चोरगलिया पशु चिकित्सालय के वैक्सीनेटर को हटाए जाने से गुस्साए ग्रामीणों ने रविवार को पचुवाखेड़ा में एक कार्यक्रम में आए विधायक मोहन बिष्ट का घेराव किया। जमकर नारेबाजी के बीच विधायक जब जाने लगे तो ग्रामीण विधायक की गाड़ी के आगे लेट गए। करीब तीन घंटे बाद पुलिस ने किसी तरह विधायक को वाहन के साथ भीड़ के बीच से निकलवाकर लालकुआं रवाना किया।

एक परिवार के लोगों की शिकायत पर वैक्सीनेटर को पिछले दिनों लालकुआं से सम्बद्ध कर यहां से हटा दिया गया था। ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य भी वैक्सीनेटर को दोबारा चोरगलिया लाने की मांग को लेकर विधायक से उनके आवास पर मिल चुके थे, लेकिन विधायक



ने वैक्सीनेटर को वापस नहीं बुलाया। रविवार को विधायक दुग्ध संघ के बोनस वितरण कार्यक्रम में पहुंचे। उनके यहां आने के बारे में ग्रामीणों को पहले से जानकारी थी। सैकड़ों की संख्या में नाराज ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली से कार्यक्रम स्थल पहुंच गए। इनमें महिलाएं, ग्राम प्रधान, बीडीसी सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी थे।

अपराह्न 3~25 बजे जैसे ही विधायक कार्यक्रम में पहुंचे, ग्रामीणों ने वैक्सीनेटर को वापस लाने की मांग करना शुरू कर दिया। मगर विधायक ने साफ मना कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने मुर्दाबाद के नारे लगाना शुरू कर दिए। हंगामा बढ़ने पर पुलिस ने विधायक को कार्यक्रम स्थल से ले जाना चाहा तो ग्रामीण विधायक की गाड़ी के आगे लेट गए। करीब तीन घंटे हंगामा चलता रहा। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों से बात नहीं की। बाद में किसी तरह पुलिस ने लोगों को हटाकर विधायक को वहां से निकलवाया।

ग्रामीणों का आरोप है कि उनका क्षेत्र पशुपालन वाला है। ग्रामीणों की आय कृषि और पशुपालन आधारित है। उनके यहां एक ही वैक्सीनेटर भुवन चंद्र पंत तैनात थे। वह गाय के इलाज के साथ कृत्रिम गर्भाधान भी कराते रहे हैं। आरोप है कि व्हाट्सएप और फेसबुक पर भुवन पंत ने एक पोस्ट कर दी। इससे नाराज एक परिवार ने विधायक से शिकायत की। इस पर वैक्सीनेटर को यहां से हटाने के लिए लालकुआं सम्बद्ध कर दिया गया। ग्रामीण वैक्सीनेटर को वापस पशु अस्पताल लाने की मांग कर रहे थे।

पुलिस को ग्रामीणों के विरोध का पहले से ही अंदेशा था। इस कारण पहले से ही पचुवाखेड़ा में दुग्ध संघ के बोनस वितरण कार्यक्रम में पुलिस तैनात थी। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने विधायक को यह बात पहले ही बता दी थी। इसके बाद भी विधायक वहां आए।

विधायक के विरोध में गांव की करीब 200 से अधिक महिलाएं सहित ग्रामीण पहुंचे थे। पुलिस को विरोध का तो अंदाज था, मगर नाराज ग्रामीणों के इतनी बड़ी संख्या में पहुंचने का अंदेशा नहीं था। जब विधायक का भारी विरोध होने लगा तो पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। तुरंत थाने से अतिरिक्त फोर्स बुलानी पड़ी।

## छात्र संघ चुनाव निरस्त किए जाने पर जमकर हंगामा, 100 से अधिक अज्ञात छात्रों पर मुकदमा दर्ज

**ऋषिकेश, एजेंसी।**
उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित श्रीदेव सुमन विवि के प.ललित मोहन शर्मा परिसर के 100 से 120 अज्ञात छात्र- छात्राओं के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। दरअसल, इन अज्ञात छात्रों ने छात्र संघ चुनाव निरस्त किए जाने पर जमकर हंगामा किया। इसी बीच पुलिस ने इन अज्ञात छात्रों के खिलाफ दंगा, सरकारी कार्य में बाधा डालने, आत्महत्या का प्रयास व सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

प्राप्त सूचना के मुताबिक छात्र- छात्राएं चुनाव निरस्त किए जाने पर विवि व राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलित हैं। वहीं, बीते शुक्रवार को विरोध




के दौरान छात्र- छात्राओं ने परिसर के दोनों गेट पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया था। इस दौरान कुछ छात्र-छात्राएं पानी की टंकी पर भी चढ़ गए थे। इस दौरान परिसर के दोनों गेटों पर ताला लगाने से अन्य छात्र व परिसर के शिक्षक व अन्य स्टाफ बाहर ही रह गए थे। छात्र-छात्राओं के विरोध प्रदर्शन के दौरान कुछ देर तक हाईवे पर जाम की स्थिति भी बनी रही। इसमें लोगों को आवाजाही में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। करीब 100 से 120 अज्ञात छात्र-छात्राओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके अतिरिक्त मामले की जांच की जा रही है। वहीं,जांच के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## फर्जी कॉपरेटिव सोसायटी का भंडाफोड, 92 करोड़ की धोखाधड़ी का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

**हरिद्वार, एजेंसी।** पौड़ी पुलिस ने 92 करोड़ की धोखाधड़ी का खुलासा करने के साथ ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पौड़ी पुलिस ने राज्य स्तर पर फर्जी कॉपरेटिव सोसायटी/कपंनी की धोखाधड़ी का भंडाफोड, किया। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने प्रकरण का खुलासा किया। बताया कि कंपनी पूरे प्रदेश में निवेश के नाम पर फर्जी सोसायटी चला रही थी।

एसएसपी ने बताया कि कोटद्वार निवासी महिला की शिकायत पर प्रकरण की जांच की गई, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। कंपनी के स्टेट हेड सहित पांच आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड ट्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसायटी (एलयूसीसी) के नाम से फर्जीवाड़ा कर रहे थे।

पौड़ी में दुगड्डा, कोटद्वार, सतपुली, श्रीनगर, पौड़ी, देहरादून, रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी सहित 35 शाखाएं संचालित की जा रही थी। एसएसपी सिंह ने बताया कि कंपनी पर 92 करोड़ की देनदारी है।

## चरस तस्करी में दोषी दो महिलाओं को 12-12 वर्ष का कठोर कारावास

**चंपावत, एजेंसी।** विशेष सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार संगल की अदालत ने चरस तस्करी में दो नेपाली महिलाओं को दोषी करार देते हुए 12-12 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों को एक-एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा भी सुनाई है। अर्थदंड न चुकाने पर दोनों को एक-एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। दोनों के पास से चार किलो से अधिक चरस बरामद हुई थी।

28 दिसंबर 2022 को शारदा बैराज चौकी पुलिस लामा पुल और श्मशान घाट मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान गोमा धर्ती (43) निवासी ग्राम बोठी बुंगा जिला धौर पटान नेपाल से दो किलो और कमला मगर (46) निवासी ग्राम लमाई, नगरपालिका तीन, जिला डांग, नेपाल के पास से 2.30 किलो चरस बरामद हुई।

दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्राथमिकी दर्ज की गई। दोनों नेपाल से चरस लेकर जंगल के रास्ते भारत में प्रवेश कर गई थी। उनकी योजना भारत में चरस बेचने की थी। अभियोजन पक्ष ने छह गवाह और 25 साक्ष्य देकर आरोप सिद्ध किया। विशेष सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार संगल ने दोनों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

## मनीष सिसोदिया ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, भाजपा पर निशाना

**हरिद्वार, एजेंसी।**
दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने शनिवार को हरिद्वार पहुंचकर आप कार्यकर्ता में जोश भरा।आप नेता अरविंद केजरीवाल पर हमले के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराते हुए मनीष सिसौदिया ने कहा कि उत्तराखंड में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर दिल्ली मॉडल लागू कराएंगे। जिसमें दिल्ली की तर्ज पर शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी आदि मूलभूत सुविधाएं व बुजुर्गों को निःशुल्क धार्मिक यात्रा जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

सैनी आश्रम में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मनीष सिसोदिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी उत्तराखंड में होने वाले आगामी नगर निकाय चुनाव को पूरे दमखम से लड़ेगी। उत्तराखंड की जनता ने सहयोग और आशीर्वाद दिया तो मूलभूत



सुविधाएं जनता को उपलब्ध करायी जाएगी। लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर भी जोरदार हमला बोला। उन्होंने पार्टी संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हुए हमले के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि पहले केजरीवाल पर झूठे मुकद्मे लगाए गए। जेल भेजा गया। इससे भी कुछ नहीं हुआ तो अब हमले जैसा कदम उठाया जा रहा है। लेकिन जनता के हितों के संघर्ष से आम आदमी पार्टी पीछे नहीं हटेगी। जनता सब कुछ जानती समझती है और आने वाले चुनाव में एक बार फिर आम आदमी पार्टी को अपना आशीर्वाद देगी। इसके पूर्व आप जिलाध्यक्ष संजय सैनी व अन्य पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने गंगाजली, बुके भेंटकर और पटका पहनाकर मनीष सिसोदिया का स्वागत किया।

इस दौरान प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एसएस कलेर, प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल चौधरी, सोहेब अंसारी, जिलाध्यक्ष संजय सैनी, सचिन बेदी, ममता सिंह, कुर्बान अली, डा. मेहरबान, विशाल सैनी, निर्माण सैनी, सुरेंद्र बिरला, सागर तेश्वर, संजग गौतम, आर्यन राठौर, शरभ जैन, सनव्वर अंसारी, अंबरीष गिरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।रुद्रप्रयाग। आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने केदार बाबा के दर्शन किए। उन्होंने पूजा अनुष्ठान किया, तथा आदि शंकराचार्य की समाधि स्थल पर ध्यान लगाया। प्रदेश संगठन मंत्री गणेश भट्ट ने उन्हे देवप्रयाग का गंगाजल भेंट किया। श्री केदारधाम के तीर्थ पुरोहित समाज ने मनीष सिसोदिया का स्वागत एवं अभिनंदन किया। पुरोहित समाज को आ रही परेशानियों से भी अवगत कराया। मनीष सिसोदिया ने कहा बाबा केदार के दर्शन पाकर वे धन्य हुए उन्होंने बाबा केदार से सम्पूर्ण देश के हर बच्चे तक अच्छी शिक्षा पहुंचाने की प्रार्थना की। मनीष सिसोदिया के साथ पंजाब के केबिनेट मंत्री बरिंद्र गोयल, दिल्ली के विधायक रोहित मेहरौलिया, उत्तराखंड के कार्यकारी अध्यक्ष एस एस कलेर, संगठन मंत्री गणेश भट्ट, देवेंद्र बिष्ट, दिलवर फर्सवान, भवन चौहान, अंकुश शुक्ला आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खाद्य तेल के विरोधाभास

दीपावली के त्योहारी मौसम में खाद्य तेलों की कीमतों में खूब उबाल आया है। यह चुनाव का मौसम भी है। महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों की गहमागहमी है। इसी दौरान महंगाई का मुद्दा एक बार फिर गरमा उठा है। झामझंगी डायन खाए जात हो वाला गीत पहले भी प्रासंगिक था और अब मौजूदा सरकार के दौरान भी मौजू है। एक महीने के दौरान ही ताड़, सूरजमुखी, सोयाबीन, सरसों और मूंगफली के तेल काफी महंगे हो गए हैं। ताड़ के तेल की कीमतों में 37 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। ये सभी रोजाना के इस्तेमाल में आने वाले खाद्य तेल हैं। वे औसतन 58 फीसदी महंगे हुए हैं। बीते माह सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति की दर 5.5 फीसदी थी, जो 9 महीनों में सर्वाधिक थी। खाद्य तेलों की महंगाई भी मुद्रास्फीति से जुड़ी है अथवा यह मुनाफाखोरी, जमाखोरी या कालाबाजारी की महंगाई है! अजीब विरोधाभास है कि भारत दलहन और तिलहन का बड़ा उत्पादक देश है। सरसों, सोयाबीन, ताड़ आदि की फसलें पर्याप्त हुई हैं। उसके बावजूद भारत को 65 फीसदी खाद्य तेल विदेशों से आयात करना पड़ता है। यह मोदी सरकार का ही विरोधाभास नहीं है। मौजूदा सरकार से पहले भी हमें 58 फीसदी खाद्य तेल आयात करना पड़ता था। यह विरोधाभास इसलिए है, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी अधिक तिलहन, दलहन की पैदावार का आह्वान करते रहे हैं, किसानों ने अधिक पैदावार की भी है, लेकिन सरकार 10-20 फीसदी फसल की ही खरीद करती है। ऐसा क्यों है? सवाल यह भी है कि भारत ने खाद्य तेल में आत्मनिर्भर बनने की कोशिश क्यों नहीं की? भारत कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बना भी है और कइयों में ऐसे प्रयास जारी हैं, लेकिन किसानों की फसल खरीद में अलग-अलग मापदंड हैं! खाद्य तेल घरेलू भोजन का आधार हैं, तो होटल, रेस्तरां, ढाबों और मिठाई की दुकानों की भी बुनियादी जरूरत है। उनके यहां खाद्य तेल की खपत खूब होती है, क्योंकि तेल से ही विभिन्न व्यंजन बनाए जाते हैं। अब बीते एक माह के दौरान ही सरसों का तेल 29 फीसदी, सोयाबीन और सूरजमुखी के तेल 23 फीसदी प्रति महंगे हुए हैं। गनीमत है कि मूंगफली के तेल की कीमतें मात्र 4 फीसदी ही बढ़ी हैं। जाहिर है कि घरेलू और व्यवसायों की अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। तेल से बनने वाले व्यंजन या सामान्य भोजन अथवा स्नैक्स आदि सभी महंगे होंगे। क्या आम आदमी इस महंगाई को झेल सकता है? भारत ऐसा देश है, जिसमें आर्थिक आकलन किया गया था कि जिनकी औसतन आय 25, 000 रुपए माहवार है, वे देश की सम्पन्न जमात में आते हैं। ऐसी मात्र 10 फीसदी आबादी है। इसके मायने हैं कि देश की अधिकतर आबादी गरीब है, क्योंकि उसकी आमदनी 25, 000 रुपए से कम है। क्या ऐसा देश 181 रुपए प्रति लीटर का खाद्य तेल खरीद सकता है और घर की रसोई को ह्यचिकनाह्ल रख सकता है? यह मुद्दा कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने लपक लिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे का आकलन है कि आम आदमी की थाली औसतन 52 फीसदी महंगी हुई है। खडगे के मुताबिक, टमाटर की कीमत 247 फीसदी, आलू के दाम 180 फीसदी, लहसुन के 128 फीसदी बढ़े हैं। अन्य सब्जियां भी 89 फीसदी महंगी हुई हैं। नमक, खाद्य तेल, आटे के दाम भी बढ़े हैं। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के अर्थशास्त्र के मुताबिक, एक परिवार के लिए दिन में दो थाली भोजन तैयार करने की मासिक लागत 2023 में 3053 रुपए थी। अब 2024 में यह बढकर 4631 रुपए हो गई है। जाहिर है कि इससे आम आदमी की जेब पर असर पड़ेगा। बीते साल अक्तूबर से लेकर अब तक संतुलित भोजन की थाली 52 फीसदी बढ़ी हैं, जबकि औसत वेतन में 9-10 फीसदी ही वृद्धि होती है। श्रम श्रेणी के लिए यह भी निश्चित नहीं है। इसी दौरान मोदी सरकार ने कच्चा ताड़ तेल, सोयाबीन और सूरजमुखी के कच्चे तेल पर आयात शुल्क 5.5 फीसदी से 27.5 फीसदी बढ़ा दिया है।

## सनातन शंखनाद समन्वय समिति ने उठाया ब्राह्मणों का मुद्दा



इसी परिपेक्ष में आप देख भी रहे होंगे दिल्ली जैसे राज्य में जहां केंद्र सरकार, राज्य सरकार और नगर निगम की सरकार काम कर रही है लेकिन ये तीनों मात्र खो खो का खेल खेल कर जनता को जाति पाती और धर्म में उलझा कर रख दी है जिसको किसी को बताने की आवश्यकता नहीं। ऐसे में ही आज दिल्ली के मोती नगर विधान सभा अंतर्गत जखीरा पुल के नीचे प्राचीन शिव मंदिर में ब्राह्मणों की एक बड़ी बैठक की गई जिसमें अगल बगल विधान सभाओं के बहुत विद्वान व प्रकांड विद्वान शामिल हुए जिसमें कई ब्राह्मण प्रकांड कथावाचक, मंदिरों के पुजारी व अच्छे कर्मकांडी भी मौजूद रहे। स्वस्तिवाचन से सभा की शुरूआत करने के बाद दिल्ली की दोनों सरकारों को घेरते हुए ब्राह्मणों द्वारा सरकार पर सीधा आरोप लगाया गया कि दिन रात जो ब्राह्मण सनातन धर्म को संजोए रखने के लिए दर दर भटकते रहते है लोगों के भले के लिए विश्व के कल्याण के लिए हवन पूजन करते रहते है और जिस सनातन की बात करके आज दिल्ली की दोनों सरकारें सत्ता में बनी हुई है भले कोई हनुमान जी के सहारे हो या कोई प्रभु राम जी के सहारे सत्ता में बैठे हो ये लोग ही ब्राह्मणों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे है। एक तरह जहां ये राजनेता हिंदू मुस्लिम में दिवाल खड़ी करके हिंदू मुस्लिमों को एक दूसरे का दुश्मन बना दिए है वही ये राजनेता सरकार में बैठने के बाद मुस्लिम धर्म के मौलानाओं और मौलवियों को एक मुश्त सैलरी दे रहे है और हिन्दू धर्म के कर्मकांडी ब्राह्मणों और पुजारियों की तरफ कोई देखने वाला भी नहीं। बल्कि वहीं इन राजनीतिक दलों में घटिया मानसिकता नेता जितना ब्राह्मणों को उल्टा सीधा बोल दें गाली दे दे बेइज्जत कर दें वे उनकी दल का उतना ही बड़ा नेता मान लिया जाता है, यह समाज ही नहीं देश के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण है। यह सब बातें सभा में ब्राह्मणों द्वारा बताई गई। इस सभा की संचालन कर रहे विजय तिवारी ने ब्राह्मणों को एक सूत्र में बांधे रहने की महती भूमिका निभाई। इस सभा की अध्यक्षता कर रहे एस के चौबे ने बताया कि इस समय ब्राह्मण अपने आपको अनाथ समझ रहे है क्योंकि अब देश की राजनीतिक दल सनातन धर्म का मात्र दिखावा कर रही है और वास्तव में सनातन को खत्म करना चाहती है। सरकारें भी और विदेशी शक्तियां जो सनातन के विरुद्ध काम कर रही है वे जानती है कि जब तक ब्राह्मणों के अपने पांडित्य और कर्मकांड से समाज के बीच में भागवत भक्ति का गुणगान करते रहेंगे तब तक भारत से सनातन को खत्म नहीं किया जा सकता ऐसे में ब्राह्मणों को अपमानित करके, वित्तविहीन करके कमजोर कर दो जिसके बाद वे पेट पालने के लिए जब दूसरे कामों के लग जाएंगे तब जाकर चाहे ईसाई धर्म हो या मुस्लिम धर्म भली भांति फल फूल सकेगा जिसका जीता जागता उदाहरण आज देखने को मिल रही है कि देश के विभिन्न राज्यों में अन्य धर्म के पुजारियों / या कर्मकांडियों को सरकारें दोनों हाथों से खुले तनख्वाह के नाम पर पैसे उड़ा रही है और हिंदू धर्म के पोषक ब्राह्मणों / कर्मकांडियों को झुनझुना पकड़ा कर रखी हुई है। यह सौतेला व्यवहार अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब यह संघर्ष सनातन शंखनाद समन्वय समिति जो दिल्ली के तमाम ब्राह्मण संगठन, सनातनी संगठन और हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले संगठनों को एक डोरी में बांधकर सरकार से दो दो हाथ करने को तैयार है साथ ही साथ अब न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया जाएगा और माननीय न्यायालय से समाज को बांटने वाले ऐसे किसी भी योजना को या तो बंद कर दे या सभी धर्म के लोगों को तनख्वाह के रूप में एक समान वेतन देने का आदेश पारित हो ऐसा जनहित याचिका के माध्यम से गुहार भी लगाएगा। इस सभा का मार्गदर्शक रहे पंडित श्रीनाथ पाण्डेय ने सभी ब्राह्मणों को एकजुट रहकर इस आंदोलन को जनांदोलन में परिवर्तित करने का गर्मजोशी से आगाज किए और एक ब्राह्मण को 10 - 10 ब्राह्मण जोड़ने का निवेदन किए। शास्त्री मुक्ति प्रसाद पाठक, उमा शंकर त्रिपाठी, शास्त्री काली प्रसाद तिवारी, पंडित अवधेश पांडेय, पंडित मुरारी लाल शर्मा, पंडित पवन भारद्वाज, पंडित मिलित कृष्ण दूबे, पंडित सर्वेश मिश्रा, पंडित सुरेश चंद्र शास्त्री सहित कई विभूतियों ने अपने विचारों से सभा में बैठे ब्राह्मणजनों में नई ऊर्जा का सृजन किए।

# अमेरिका चुनाव : डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच दिलचस्प मुकाबला

**दुनिया में क्या हो रहा है उसको देखकर अमेरिका सदैव चौकस रहता है लेकिन अपनी राष्ट्रभक्ति के लिए अमेरिकन समाज अग्रणी रहता है। वह चाहते हैं कि हमारा राष्ट्रपति ईमानदार, देशभक्त, सर्वगुण संपन्न हो वह किसी तरह के घोटाले में शामिल न हो। जनमत सर्वेक्षणों में अभी भी ट्रंप का पलड़ा भारी लगता है। यदि ट्रंप जीत जाते हैं तो रिपब्लिकलन पार्टी की बहुत बड़ी जीत होगी और अमेरिका की विदेश नीति में बहुत बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। भारत-अमेरिका के बीच रिश्ते मधुर होने की पूर्ण सम्भावनाएं बढ़ जाएंगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रंप की तुलना में कमला हैरिस को चुनावी फंडज ज्यादा प्राप्त हो रहे हैं।**





**सुभाष आनंद**
लेखक

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की गतिविधियां चरम पर हैं। इस बार यहां पांच नवम्बर को चुनाव होना है। मुख्य मुकाबला अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच होना है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया लगभग एक वर्ष पूर्व से ही प्रारंभ हो जाती है। अमेरिकन संविधान बहुत सख्त है इस बार अमेरिका में दो मुख्य राजनीतिक पार्टियां मैदान में है। सत्तारूढ़ डैमोक्रेटिक पार्टी की ओर से कमला हैरिस अपना समर्थन बढ़ाने के लिए पूरी कोशिश कर रही हैं। वह राष्ट्रपति जो बाइडन को साथ लेकर अपने प्रतिद्वंदी डोनाल्ड ट्रंप पर बढ़त बनाने के लिए जी जान से प्रयत्न कर रही हैं लेकिन रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप भी इस रोचक मुकाबले में आगे दिखाई देते हैं। फैडरल पार्टी इस स्थिति में नहीं है कि वह किसी भी उम्मीदवार की हार जीत को प्रभावित कर सकें। इन चुनावों में कौन जीतेगा इससे पहले हमें यह जानना होगा कि विश्व के शक्तिशाली देश अमेरिका में राष्ट्रपति के चुने जाने की प्रक्रिया क्या है? विश्व में अमेरिकी लोग सिद्धांतों के बहुत ही पक्के होते हैं यह चुनाव की प्रक्रिया 1789 से चल रही है। लेकिन अभी तक कोई हेर-फेर नहीं हुआ पूरे संविधान में 31 संशोधन हुए है किसी पर कोई अंगुली नहीं उठा सकता। अमेरिका में राष्ट्रपति प्रणाली है और यह प्रणाली तब से चली आ रही है जब से अमेरिका में संविधान लागू हुआ है। राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च है लेकिन वह कभी तानाशाह नहीं बन सकता। अमेरिका में लोकतंत्र प्रणाली बड़े अच्छे ढंग से चल रही है इसी कारण राष्ट्रपति चुनाव में कुछ कम बदलाव देखने को मिले हैं। चुनाव की तिथि 5 नवम्बर पहले से निर्धारित है इन तारीखों का कभी उल्लंघन नहीं हुआ, बाकी फेर बदल बहुत दूर की बात है। यहां राष्ट्रपति चुनने की प्रक्रिया एक वर्ष पहले शुरू हो जाती है क्योंकि कई स्तरों पर उम्मीदवार का चयन होता है सर्वप्रथम विभिन्न राजनीतिक दल राज्यों में अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं जिन्हें प्राइमरी कहा जाता है हर राज्य के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार तय होते हैं फिर प्रत्येक पार्टी अपना अधिवेशन बुलाती है इसी अधिवेशन में पार्टी अपने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारों का चयन करती है। उम्मीदवारों का नाम तय करने के लिए बॉक्स प्रणाली का प्रयोग किया जाता है। बॉक्स का अभिप्राय छोटी से छोटी इकाई की मीटिंगें। निचले स्तर पर छोटी-छोटी इकाईयों की मीटिंग होती है जो राष्ट्रपति के नामों पर विचार करती है लेकिन अंतिम निर्णय राष्ट्रपति अधिवेशन में ही होता है। इस बार राष्ट्रपति अधिवेशन में डैमोक्रेटिक पार्टी ने कमला हैरिस और रिपब्लिकन ने ट्रंप पर दांव खेला है। अमेरिका में 5 नवम्बर को राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के जो चुनाव होने हैं वह बाकी देशों से भिन्न हैं। देशभर में 538 निर्वाचक चुने जाते हैं। इसका महत्व राष्ट्रपति चुने जाने तक होता है। इलेक्टोरल कॉलेज का अपने आप में कोई अस्तिव नहीं होता न ही प्रशासन में उनकी कोई खास हिस्सेदारी होती है। आधुनिक चुनाव यद्यपि राष्ट्रपति के नाम पर ही लड़ा जाता है लेकिन चुने जाते हैं निर्वाचक। ये निर्वाचक अपने-अपने दल के राष्ट्रपति के उम्मीदवारों के प्रतिनिधि के रूप में वचनबद्ध होते हैं। कुछ राज्यों में कानूनी कार्रवाई है लेकिन कुछ राज्यों में परम्परा से ही ये निर्वाचक अपने-अपने उम्मीदवारों के लिए वचन बद्ध होते हैं। ये राज्य स्तर पर चुने जाते हैं और चुने जाने के पश्चात दिसम्बर के दूसरे बुधवार के पश्चात पहले सोमवार को राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के लिए वोट डालते हैं और सभी राज्यों से इन मतों को इकट्ठा करके कांग्रेस के दोनों सदनों के सामने खोला जाता है इसके लिए जनवरी की छह तिथि निर्धारित है कुल निर्वाचकों की संख्या 538 है विजय के लिए 270 वोट हासिल करना जरूरी हैं। यदि दोनों उम्मीदवारों को बराबर वोट पड़े तो तब कांग्रेस का निचला सदन अर्थात हाऊस ऑफ रिप्रजेंन्टेटिव फैसला करता है। अध्यक्ष का यह अधिकार होता है कि वह पहले 3 में से एक पर सहमति जताए चूंकि कुछ निर्वाचक कांग्रेस या सरकार के सदस्य भी हो सकते हैं निर्वाचक केवल राजनीतिक कार्यकर्ता होते हैं इसलिए इस काम के बाद उनका राजनीतिक महत्व समाप्त हो जाता है। इतिहास साक्षी है कि अमेरिका में निर्वाचक लोगों ने पार्टी के साथ कभी दगा नहीं किया अर्थात राष्ट्र सर्वोपरि है 20 जनवरी को राष्ट्रपति अपने पद पर आसीन होता है राष्ट्रपति का कार्यकाल 4 वर्ष का होता है। राष्ट्रपति के गद्दी पर बैठने से पहले ही यदि किसी कारणवश कोई दुर्घटना हो जाती है या देहांत हो जाता है या राष्ट्रपति किसी तरह अयोग्य ठहराया जाता है तो उपराष्ट्रपति स्वतः ही राष्ट्रपति बन जाता है यदि दोनों के साथ दुर्घटना हो जाती है तो फिर कांग्रेस का अध्यक्ष यह कार्यभार संभालता है लेकिन बीच में चुनाव करवाने का कोई प्रावधान नहीं है। अमेरिका के बड़े संविधान और नियमों को लेकर राष्ट्रपति का चुनाव निष्पक्ष वातावरण में होता है। अमेरिका में राष्ट्रपति के चुनाव को सफल बनाने में मीडिया की बहुत अहम भूमिका मानी जाती है। राष्ट्र अधिवेशन के पश्चात जब यह साफ हो जाता है कि कौन-कौन उम्मीदवार मैदान में है तो देशभर में वाद-विवाद शुरू हो जाते हैं। किसी नेता के पक्ष या विपक्ष में जनमत बनाने में इन चचाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यहां इस समय वाद-विवाद का सिलसिला शुरू हो चुका है। आरंभ में दोनों पार्टियों की आंखों में चमक देखने को मिल रही है। कमला हैरिस को कम लोग जानते हैं जबकि उसके विपरीत ट्रंप जाने माने राजनीतिक है और वह पहले भी अमेरिका के राष्ट्रपति रह चुके हैं पिछले चुनावों में वह जो बाइडन के हाथों बुरी तरह पराजित हुए थे। मीडिया का चुनावों में बड़ा हाथ होता है। अमेरिका में जनमत संग्रह की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चुनावों से पहले वहां की सर्वेक्षण कम्पनियां और वहां के अखबार मिलकर सर्वे करवाते है। चुनाव वर्ष आरंभ होते ही यह बड़ी-बड़ी कम्पनियां उम्मीदवारों की लोकप्रियता को लेकर सर्वे करना आरंभ कर देती हैं इसी कारण काफी बड़ा जनमत इन सर्वेक्षणों से प्रभावित होता रहता है।

# मध्यप्रदेश में पेंशनरों के साथ अन्याय मुख्यमंत्री से न्याय की उम्मीदें

**भारत सरकार द्वारा केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों और केंद्रीय वेतनमान पाने वाले राज्यों के अधिकारियों और पेंशनरों की क्षतिपूर्ति स्वरूप वर्ष में दो बार महंगाई भत्ता/महंगाई राहत की घोषणा की जाती है। केंद्र सरकार की मंशा यह रही कि तत्काल प्रभाव से अधिकारियों और कर्मचारियों को इसका आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके किंतु मध्यप्रदेश के पेंशनर्स को कभी भी महंगाई राहत समय पर प्राप्त नहीं हुई है। प्रदेश के शासन और प्रशासन की मेहरबानी पर पेंशनर निर्भर है। उनकी जब मर्जी होती है, तब से वे मंहगाई राहत की घोषणा करते हैं।**







**डॉ. चन्दर सोनाने**
लेखक

केन्द्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों और पेंशनरों को जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत डीए और डीआर देने के आदेश दे दिए गए हैं। इस प्रकार केन्द्र के कर्मचारियों और पेंशनरों को वर्तमान में महंगाई भत्ता और मंहगाई राहत बढ़कर 53 प्रतिशत हो गया है। किन्तु मध्यप्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों को अभी केवल 46 प्रतिशत मंहगाई भत्ता और महंगाई राहत ही प्राप्त हो रही है। इस प्रकार केन्द्र के कर्मचारियों की तुलना में मध्यप्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों को 7 प्रतिशत कम महंगाई भत्ता और महंगाई राहत प्राप्त हो रही है। यही नहीं मध्यप्रदेश की सरकार अपने पेंशनरों से भी भेदभावपूर्ण व्यवहार कर रही है। इसकी लंबी सूची है। राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के तहत नए राज्यों के रूप में मध्यप्रदेश से 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश से 9 नवंबर 2000 को उत्तरांचल और बिहार से 5 नवंबर 2000 को झारखंड राज्य अस्तित्व में आया। इन राज्यों में एक दूसरे राज्य की सहमति के बिना महंगाई राहत का भुगतान हो रहा है। राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की छठवीं अनुसूची की धारा 49 में पेंशनर्स के संबंध में जिम्मेदारी के विभाजन की बात का उल्लेख है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा इसकी गलत व्याख्या कर मध्यप्रदेश के पेंशनरों के साथ अन्याय किया जा रहा है। पेंशन देनदारियों के लिए नियत अनुपात मध्यप्रदेश के लिए 76 प्रतिशत और छत्तीसगढ़ के लिए 24 प्रतिशत है। इसका समायोजन वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च में होना निर्धारित किया गया है। पुनर्गठित राज्यों में उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड़ एवं बिहार से झारखंड में महंगाई राहत के भुगतान में दोनों राज्य सरकारों की परस्पर सहमति लिए बिना लगातार भुगतान समय-समय पर हो रहा है। किन्तु एक मात्र मध्यप्रदेश राज्य ही है, जो छत्तीसगढ़ से पेंशनरों की महंगाई राहत के लिए सहमति मांगता है और जबसे छत्तीसगढ़ राज्य सहमति देता है, तब से मध्यप्रदेश के पेंशनरों को महंगाई राहत मिलती आ रही है। इसमें भी अनेक बार भेदभाव हो चुका है। ऐसा अन्य किसी भी राज्य में नहीं हो रहा है। यह अजूबा केवल मध्यप्रदेश में ही हो रहा है !भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष जनवरी एवं दिसंबर में साल में दो बार अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की वृद्धि के आधार पर महंगाई भत्ता और महंगाई राहत की घोषणा की जाती है। भारत सरकार द्वारा केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों और केंद्रीय वेतनमान पाने वाले राज्यों के अधिकारियों और पेंशनरों की क्षतिपूर्ति स्वरूप वर्ष में दो बार महंगाई भत्ता/महंगाई राहत की घोषणा की जाती है। केंद्र सरकार की मंशा यह रही कि तत्काल प्रभाव से अधिकारियों और कर्मचारियों को इसका आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके किंतु मध्यप्रदेश के पेंशनर्स को कभी भी महंगाई राहत समय पर प्राप्त नहीं हुई है। प्रदेश के शासन और प्रशासन की मेहरबानी पर पेंशनर निर्भर है। उनकी जब मर्जी होती है, तब से वे मंहगाई राहत की घोषणा करते हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने छठे वेतनमान का एरियर देते समय भी ऐसा ही किया था। प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों को छठे वेतनमान का एरियर दे दिया गया था, किन्तु पेंशनरों को एरियर की राहत राशि नहीं दी गई थी। मध्यप्रदेश पेंशनर एसोसिशन द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका लगाकर 1 जनवरी 2006 से 31 अगस्त 2008 तक की 32 माह की छठे वेतनमान की एरियर राशि देने की माँग की गई थी। उच्च न्यायालय द्वारा पेंशनरों के हित में निर्णय लेने के बाद भी राज्य सरकार ने पेंशनरों को एरियर राशि नहीं दी। इस कारण पेंशनर्स एसोसिएशन ने उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका लगा दी थी। तब से उस पर तारीख पर तारीख मिल रही है। इसी प्रकार पेंशनर एसोसिएशन ने छठें वेतनमान की एरियर राशि देने के उच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर पेंशनरों के सातवें वेतनमान की जनवरी 2016 से मार्च 2018 तक 27 माह की एरियर राशि भी पेंशनरों को नहीं देने पर उच्च न्यायालय में याचिका लगा दी है। उच्च न्यायालय द्वारा 27 जनवरी 2021 को याचिका स्वीकार भी कर ली है। किन्तु राज्य सरकार एरियर राशि नहीं देने पर अड़ी है और उच्च न्यायालय से तारीख पर तारीख ले रही है ! राज्य सरकार द्वारा पेंशनरों के साथ किए जा रहे भेदभाव का एक और उदाहरण देखिए। केन्द्र सरकार ने 13 नवम्बर 2017 को मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को पत्र जारी कर पेंशनरों के हित में निर्देश भी जारी किए थे। उसके अनुसार केन्द्र सरकार के गृह विभाग ने 13 नवम्बर 2017 को पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश भोपाल को चिट्ठी लिखकर धारा 49 के उन्मूलन की जानकारी भी दे दी थी। इस पत्र की प्रतिलिपि उन्होंने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को भी दी थी। इसके बावजूद दोनों राज्य इस अति महत्वपूर्ण पत्र को दबाकर बैठ गए हैं। मध्यप्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा अनेक बार राज्य सरकार को इस पत्र का हवाला देते हुए धारा 49 के उन्मूलन की चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ से सहमति नहीं माँगने का अनुरोध किया था, किन्तु राज्य सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंगी ! इसके साथ ही यह भी उल्लेखनीय है कि धारा 49 यदि लागू भी होती है तो वह सन्‌ 2000 के पहले सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों पर लागू होगी। इसके बाद सेवानिवृत्त होने वाले किसी भी कर्मचारी पर यह लागू नहीं होगी। इस महत्वपूर्ण बिन्दु को भी राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी घोलकर पी गए हैं। मध्यप्रदेश की अनेक पेंशनर्स एसोसिएशनों द्वारा समय-समय पर सैकड़ों बार पेंशनरों के साथ हो रहे अन्याय को बंद कर न्याय दिलाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, मुख्य सचिव और वित्त सचिव को पत्र भेजकर और मिलकर निवेदन किया, किन्तु उसका कोई सकारात्मक परिणाम अभी तक नहीं मिला है। अब प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से पेंशनर्स को उम्मीद है कि वे पेंशनरों की पुकार को सुनेंगे और उन्हें न्याय दिलायेंगे।

# नेमनूक पर पलने वाले खबरची अकेले नहीं

**राकेश अचल**

मीडिया की दुनिया की अच्छी-बुरी खबरें जारी करने वाले भड़ास मीडिया के जरिये कुछ लोगों ने मप्र के उन पत्रकारों को लांछित करने की कोशिश की है, जो परिवहन विभाग की और से बांटे जाने वाले नेमनूक से अपना जेबखर्च चलाते हैं। नेमनूक का मतलब धर्मस्व विभाग में पुजारियों को दी जाने वाली राशि होता है। ये नाममात्र की होती है, लेकिन रियासतों के जमाने से लेकर अबतक बांटी जा रही है। सब जानते हैं कि आबकारी, सिंचाई, लोनिवि और परिवहन जैसे विभागों में पत्रकारों के साथ ही नौकरशाहों, जन= प्रतिनिधियों को नेमनूक वितरित किये जाने की परम्परा है। ऊपरी कमाई करने वाले विभागों में नेमनूक बाँटने के काम को लेकर कोई दूसरा काम ईमानदारी से नहीं होता। नेमनूक राजनितिक दलों, दलों के जिले से लेकर प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों, भाप्रसे, भापुसे और राप्रसे के अफसरों के साथ ही सिपाही स्तर तक समान रूप से वितरित किया जाता है। मुझे इसका पता इसलिए है क्योंकि आज से कोई तीस साल पहले मेरे एक परिचित पुलिस इंस्पेक्टर परिवहन महकमे में प्रतिनियुक्ति पर गए थे और उन्होंने मुझे उस समय 300 रुपए का नेमनूक दिया था। उस समय मेरा वेतन कोई 6 हजार रुपए हुआ करता था। पहले नेमनूक हमारे जैसे आर्थिक रूप से कमजोर पत्रकारों पर अनुकम्पा कर दिया जाता था। लेकिन बाद में पत्रकारों के लिए ये नियंत व्यवस्था बन गयी। पत्रकार इतने कम या ज्यादा नेमनूक के बदले भ्ष्टाचार की और से अपनी आँखें बंद कर लें ऐसा कभी नहीं हुआ। मुझे तो पहली बार पता चला कि नेमनूक पत्रकार की हैसियत के हिसाब से तय होता थ। आजकल ये नेमनूक बंद है क्योंकि अब प्रदेश में नयी सरकार ने परिवहन चौकियां बंद करा दीं हैं। ऐसे में नेमनूक ले चुके पत्रकारों के नामों की फेहरिश्त जारी करने का एकमात्र मतलब पत्रकारों का मान-मर्दन करना है।। मुझे ये स्वीकार करने में कोई गुरेज नहीं है कि पत्रकार नेमनूक लेते है। मैंने भी लिया है लेकिन मेरे जैसे तमाम पत्रकारों को आज भी नेमनूक देने वाले शायद शक्ल से नहीं पहचानते, क्योंकि ये काम करने वाले सभी हाथ अदृश्य होते हैं। अंगूठा छाप होते हैं, उनका लिखने -ेपढ़ने से कोई वास्ता नहीं होता। वे केवल एजेंट होते है। परिवहन महकमे के, केंद्रीय और राज्य के मंत्रियों के। ये नेताओं और अधिकारीयों का हिस्सा तो हड़प नहीं पाते किन्तु पत्रकारों के नेमनूक में भांजी जरूर मार देते थे। पत्रकारों को नेमनूक बाँटने की प्रथा सनातन है। हर सत्ता इसका पालन करती है, हाँ सभी के तरीके अलग-अलग होते हैं। कोई नेमनूक को नजराना कहता है तो कोई सप्रेम भेंट, कोई इसे शुकराना कहता है तो कोई बख्शीस। लेकिन ये किसी का जन्मसिद्ध अधिकार नहीं है। ये सौ फीसदी अनुकम्पा है। ये आपको नगद सम्मान के रुप में भी मिल सकती है। आवासीय भूखंड के रूप में भी। कार के रूप में भी और उपहार के रूप में भी। चिकित्सा सहायता के रूप में भी मिल सकती है और पर्यटन पैकेज के रूप में भी। विज्ञापन के रूप में मिल सकती है या आपकी किताब खरीद कर। ये मुगलों के समय भी मिलती थी और अंग्रेजों के समय भी। कांग्रेस के समय भी मिलती थी और भाजपा के समय में भी। मेरा एक पत्रकार के रूप में लंबा तजुर्बा है इसलिए मुझे ये कहने में कोई ऐतराज नहीं है कि आज का समाज संतों का समाज नहीं है। संतों को दी जाने वाली बख्शीस की भी एक फेहरिश्त है। नौकरशाहों की भी है और माननीय नेतागणों की भी। सब मिल-बांटकर प्रसादम पाते है। कोई दूध का धुला नहीं है। न मै, न मेरी बिरादरी। न नेताओं का कुनवा और न नौकरशाहों का कुनवा। यदि ऐसा होता तो नौकरशाहों के घर से 300 करोड़ की नगदी न मिलती, यदि ऐसा होता तो किसी नौकरशाह, किसी अखबार मालिक के घरों पर छापा न पड़ता, यदि ऐसा होता तो अकेले तनख्वाह पाने वाले तमाम खबरची, नेता और अफसर फार्म हाउसों, खदानों, क्रेशरों के मालिक न होते। घर में दीपावली पर आने वाली आतिशबाजी और मिठाई भी एक तरह का नेमनूक है भाई ! यानि हरि अनंत ह्री कथा अनंता है। किसी ने खुन्नस निकलने के लिए नेमणूक पाने गरीब पत्रकारों के नाम उजागर कर दिए, लेकिन उसने अपनी माँ का इतना दूध नहीं पिया था कि वो इसी नेमनूक पाने वाले नेताओं, विधायकों और नौकरशाहों के नामों की सूची भी भड़ास -4 को दे पाता। जिन महानुभावों का नाम इस फेहरिश्त में नहीं है वे, आप मान लीजिये कि सूचीबद्ध पत्रकारों से दस गुना ज्यादा नेमनूक पा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### प्राकृतिक एवं जैविक खेती की ओर कदम बढ़ाएं किसान : डीएम

अमरोहा।कृषि विभाग के संयोजन में स्वच्छता एक्शन प्लान नमामि गंगे योजना के तहत प्राकृतिक खेती एवं जैविक उत्पाद मेले का आयोजन हुआ। डीएम निधि गुप्ता ने जागरूकता संबंधी स्टाल का अवलोकन किया। कहा कि जिले के जो उन्नतिशील किसान परंपरागत जैविक खेती, पशुपालन, मधुमक्खी पालन आदि कार्य कर रहे हैं, वह सराहनीय है। अन्य किसान भी ऐसे किसानों से सीख लेकर परंपरागत जैविक खेती की ओर कदम बढ़ाएं। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि मिट्टी जितना हमसे लेगी उससे दुगना हमें लाभ देगी। मिट्टी के सुधार के लिए जैविक एवं परंपरागत खेती को अपनाएं। दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा और अन्य मेट्रो शहरों में इसकी मांग है। इससे स्थानीय किसानों की आय भी बढ़ेगी। माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश गोला ने कहा कि जो प्रदर्शनी लगाई गई है और जो उत्पाद यहां रखे गए हैं वह सभी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं। सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा ने कहा कि जैविक और परंपरागत खेती की ओर जागरूक करने में यह कार्यशाला उपयोगी साबित होगी। उन्नतशील किसानों को सब्जी की खेती, गेंदा, वर्मीकंपोस्ट, मधुमक्खी पालन, कृषक उत्पादक संगठन, जैविक उत्पाद, गोमूत्र व गोबर के जीवामृत एवं घनामृत, जैविक उत्पादों के लाभ और उत्पादन की विधियों की जानकारी भी दी गई। मौजूद उन्नतिशील किसानों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान पीडी अमरेंद्र प्रताप सिंह, उप कृषि निदेशक राम प्रवेश, जिला कृषि अधिकारी बबलू कुमार समेत अन्य संबंधित अधिकारी और किसान मौजूद रहे।

### पत्नी से तकरार के बाद युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमरोहा।पत्नी के साथ हुई तकरार के बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। शहर के मोहल्ला अतरपुरा निवासी 32 वर्षीय अमित कुमार का अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर बीते कई दिन से विवाद चल रहा था। रविवार रात भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि पत्नी से झगड़ा होने के बाद अमित कमरे में चला गया। रात में उसने पत्नी के दुपट्टे से फंदा बनाया और फांसी पर झूलकर आत्महत्या कर ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं फांसी के फंदे पर अमित का शव लटका देख उसकी पत्नी ने शोर मचा दिया। आसपास के लोग भी जमा हो गए। परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे जांच व कार्रवाई करने की बात कही।

### जरूरतमंदों की दीपावली में अफसर जलाएंगे रोशनी के दीप

अमरोहा।जरूरतमंद परिवारों की दीपावली इस बार पूरी तरह रोशन होगी। खुद अफसर उनके घरों तक दीपक का उजियारा पहुंचाने की पहल करेंगे। दीपक, बाती संग उपहार किट का तोहफा मिलेगा। डीएम निधि गुप्ता की पहल पर जिलेभर के जिम्मेदार प्रशासनिक अफसर व विभागीय कर्मचारी ऐसे परिवारों को चिन्हित करने में जुटे हैं।दीपावली पर्व पर हर साल पुलिस-प्रशासनिक अफसर कुष्ठ आश्रम, अनाथ आश्रम आदि स्थानों पर जरूरतमंद लोगों को मिठाई आदि का वितरण करते हैं। इस बार जिला प्रशासन ने अपनी मुहिम को और आगे बढ़ाया है। कुष्ठ व अनाथ आश्रम के साथ ही समाज में जरूरतमंद परिवारों तक भी मदद पहुंचाई जाएगी। दीपावली पर्व के प्रतीक दीपक, बाती और तेल संग उपहार किट उन्हें उपलब्ध कराई जाएगी। डीएम निधि गुप्ता ने इस बाबत जिला स्तर पर सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है, जिसके बाद ऐसे परिवारों को चिन्हित करने की कवायद भी शुरू कर दी गई है। डीएम के मुताबिक विभागीय अफसर-कर्मचारी जरूरतमंद सभी परिवारों तक दीपावली पर्व पर जरूरतमंद सभी परिवारों को उपहार भेंट करेंगे। इसको लेकर रणनीति तैयार कर ली गई है। संसाधन व धनाभाव में किसी भी परिवार के पर्व का उल्लास फीका नहीं पड़े, यही जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

### रोटरी क्लब आकर्षण के संयोजन में दीपावली मेले का आयोजन

हसनपुर। नगर के बाईपास मार्ग स्थित बैंक्वेट हॉल परिसर में रोटरी क्लब आकर्षण के संयोजन में रविवार रात दीपावली मेले का आयोजन किया गया। प्रतिभागी बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समा बांध दिया। मेले का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी और नगर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने किया। मेले में बेबी फैंसी ड्रेस शो, कविता, गायन एवं डांस प्रतियोगिता हुई। क्लब की ओर से लकी ड्रा एवं बंपर ड्रा का आयोजन भी किया गया। मेले में लगे सामाजिक एवं व्यापारिक स्टालों पर लोगों की भीड़ रही। इस दौरान क्लब अध्यक्षा संगीता अग्रवाल, सचिव डा.रिचा गुप्ता, ऋतु सक्सेना, आदेश अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, लवकेश अग्रवाल, मोहित शर्मा, राजीव अग्रवाल, अमित अग्रवाल, कुलभूषण सक्सेना, मयंक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, पंकज भटनागर, संजय शर्मा, पवन राज, सुनील अग्रवाल आदि रहे।

# महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति के महादुखी काल का अंत होगा : अखिलेश यादव

प्रात: किरण, संवाददाता



लखनऊ,। विपक्षी दलों के समूह इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के प्रमुख घटक दल समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को दावा किया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में संयुक्त और संगठित राजनीतिक रणनीति से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली महायुति के महादुखी काल का अंत होगा।सोशल मीडिया मंच एक्स पर महाराष्ट्र के निवासियों और मीडियाकर्मियों को संबोधित एक अपील में सपा प्रमुख यादव ने महाराष्ट्र चुनाव में महायुति के खिलाफ एकजुटता दिखाने का आह्वान करते हुए दावा किया, इंडियासंयुक्त और संगठित राजनीतिक रणनीति से भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति के महादुखी काल का अंत होगा। उन्होंने इस अपील के सबसे अंत में प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, महाराष्ट्र के दुश्मनों को हराने के लिए और सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए वचनबद्ध और संकल्पबद्धहू.आपका अखिलेश। अपने पोस्ट की शुरुआत में यादव ने कहा, प्रिय महाराष्ट्रवासियो और मीडियाकर्मियो, आपकी जागरूकता से महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव महाराष्ट्र को भाजपा की साजिशों से भरी तोड़-फोड़ की नकारात्मक राजनीति और सांप्रदायिक सियासी दांव पेंचों से मुक्ति दिलाएगा। यादव ने कहा,संयुक्त विपक्ष की सकारात्मक रणनीति और परस्पर समायोजन को भाजपा की नकारात्मक राजनीति समझ ही नहीं पा रही है। महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को धीरे-धीरे खत्म करने के भाजपाई षड्यंत्र का खुलासा महाराष्ट्र की जनता के सामने हो गया है। उन्होंने कहा, भाजपा ने महाराष्ट्र के समाज के ऐतिहासिक सौहार्द और भाईचारे को भी तोड़ा है और महाराष्ट्र के लोगों को भी। भाजपा चाहती है कि महाराष्ट्र को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से इतना कमजोर कर दिया जाए कि महाराष्ट्र के हाथ से देश के आर्थिक नेतृत्व की लगाम छीनकर किसी और के हाथ में दी जा सके। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, महाराष्ट्र की जनता और महाराष्ट्र के हितों की रक्षा करने वाले मीडियाकर्मियों के बीच आई ह्यराजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक चेतनाह्व भाजपा की इस चाल को कामयाब नहीं होने देगी। यादव ने कहा, महाराष्ट्र के मान-सम्मान, रोजी-रोटी, रोजगार, व्यापार और कारोबार के दुश्मनों को महाराष्ट्र के लोग हराएंगे। दागी और दगा देने वाले भाजपा के संगी-साथियों को करारी शिकस्त मिलेगी। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपाइयों ने महापुरुषों की मूर्तियों तक को नहीं छोड़ा। बच्चियों के मान को भंग करने वालों को राजनीतिक संरक्षण दिया। सपा प्रमुख ने जनता पर भरोसा जताते हुए, महाराष्ट्र की जागरूक और तरक्की पसंद जनता की संयुक्त शक्ति भाजपाई धोखेबाजी और खोखेबाजी दोनों को परास्त करेगी। उन्होंने मीडिया से भी खास अपेक्षा करते हुए कहा, आशा है महाराष्ट्र के दायित्व बोध से संपन्न निष्पक्ष मीडियाकर्मी भी लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ की अपनी परंपरागत गौरवशाली भूमिका बखूबी निभाएंगे और किसी भी प्रकार के भ्रामक भाजपाई दुष्प्रचार को प्रचारित, प्रसारित और प्रकाशित होने से न केवल रोकेंगे, बल्कि उसका मुखर खंडन भी करेंगे।

# सभी को अपनी बात रखने का हक, जेपीसी बैठक को लेकर बोले जगदंबिका पाल

प्रात: किरण, संवाददाता



लखनऊ, । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में वक्फ संशोधन संयुक्त समिति की बैठक बुलाई गई है। जिसमें बिल पर विस्तृत चर्चा होगी। इससे पहले सांसद ने दावा किया कि सबको बात रखने का मौका दिया जाएगा। वक्फ संशोधन संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा, हमने बैठक में दिल्ली, हरियाणा और पंजाब वक्फ बोर्ड को बुलाया है। हमारी कोशिश है कि सभी स्टेकहोल्डर्स से चर्चा करें, ताकि एक व्यापक रिपोर्ट तैयार की जा सके। हमने इस संबंध में बीते दिनों दक्षिण भारत का भी दौरा किया था। अब हम उत्तर भारत का रुख करेंगे। विभिन्न प्रदेशों का दौरा करेंगे। इस तरह से पहली बार जेपीसी इतने सारे लोगों से मिलने का काम कर रही है। आज की बैठक में हमने सेवानिवृत्त न्यायाधीश और इस्लामिक विद्वानों को भी बुलाया है। हमारी कोशिश है कि एक अच्छी रिपोर्ट तैयार करके उसे जमीन पर उतारा जा सके, ताकि वक्फ बोर्ड का उद्देश्य पूरा हो सके। वहीं, कुछ लोगों द्वारा इस बिल का विरोध किए जाने पर जगदंबिका पाल ने कहा, हकीम क्या कहता है। यह अलग विषय है। जेपीसी में हर किसी को अपनी बात रखने का पूरा हक है। मुझे या किसी और को कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन, यहां गौर करने वाली बात है कि जब सरकार ने इस बिल को चर्चा के लिए जेपीसी को सौंप दिया है, तो यहां सभी को अपनी बात रखने का पूरा हक है। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि वो कौन है। जेपीसी में सभी पार्टियों का प्रतिनिधित्व होता है। संसद को कानून बनाने का हक है। वहीं, बीते दिनों जेपीसी की बैठक में कल्याण बनर्जी द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने पर जगदंबिका पाल ने कुछ नहीं कहा। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि हमारी कोशिश है कि कैसे भी करके हम शीर्ष नेतृत्व को एक बेहतर रिपोर्ट सौंप दें, जिससे आगे का काम आसान हो। उन्होंने आगे कहा कि यह लोकतंत्र है। लोकतंत्र में सभी को विरोध और समर्थन करने का हक है। जेपीसी को इस पर विस्तृत चर्चा करने का अधिकार है। हम इस पर चर्चा करके रिपोर्ट आगे शासन को सौंपेंगे।

## नवाबपुर भूड़ के ग्रामीणों ने लगाया कब्रिस्तान की भूमि पर टंकी का निर्माण कराने का आरोप



प्रात : किरण, संवाददाता

मंडी धनौरा तहसील क्षेत्र के गांव नवाबपुरा भूड़ के ग्रामीणों ने कब्रिस्तान की भूमि पर पानी की टंकी और तालाब का निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए कलक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। और मामले में निष्पक्ष जांच और कार्रवाई किए जाने की भी मांग की। सोमवार को धनौरा तहसील क्षेत्र के गांव नवाबपुर भूड़ के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुचकर पानी की टंकी और तालाब का निर्माण कब्रिस्तान की भूमि से दूर ग्राम समाज की बंजर भूमि पर कराने की मांग की। जिसमें उन्होंने कहा कि गाटा स0-152 राजस्व अभिलेखो में कब्रिस्तान क्षेत्रफल 0.4370 हे० में दर्ज है पूर्व ग्राम प्रधान नवाबपुरा भूड़ द्वारा कब्रिस्तान की भूमि में बिना किसी विनिमय के तालाब खुदवा दिया है। कब्रिस्तान की शेष भूमि का प्रस्ताव वर्तमान निर्वाचित ग्राम प्रधान द्वारा पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है। कब्रिस्तान से लगभग 300 मीटर की दूरी पर मुस्लिम अबादी निवास करती है बिना किसी विनिमय के गाटा स० 152 कब्रिस्तान की भूमि पर तालाब व टंकी का निर्माण किया जा रहा है। इसका भौतिक सत्यापन कराना अत्यन्त आवश्यक है। और जब कब्रिस्तान की भूमि पर पानी की टंकी का निर्माण कर दिया जाएगा तब मुस्लिम अबादी के शवो के दफन कैहा पर होगे कब्रिस्तान की भूमि गाटा स0 152 में किसी भवन का निर्माण करना मुस्लिम समाज के साथ नाइन्साफी है। वर्तमान ग्राम प्रधान द्वारा गाटा स० 152 कब्रिस्तान में भवन निर्माण करना मुस्लिम समाज की भावनाओ को अहात करना है। जिससे सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने का खतरा पैदा होता है।इस मौके पर अनीस, शौकत, सत्तार आदि ग्रामीणों के नाम दर्ज थे।

## न्याय पंचायत खेलकूद प्रतियोगिता में आंचल और केशव ने मारी बाजी

### खेलों से होता है शारीरीक एवं मानसिक विकास: अनिल कुमार

प्रात : किरण, संवाददाता



हसनपुर/रहरा। न्याय पंचायत स्तरीय दढ़ियाल की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय गुरैठा खादर के मैदान पर किया गया। खेलों का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह एवं जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर किया। खेलकूद प्रतियोगिता में न्याय पंचायत के सभी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। और खेलों में दमखम दिखाया। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 50 मीटर एवं 100 मीटर दौड़ में हरवीर प्राथमिक विद्यालय गुरैठा खादर प्रथम, तौफीक संविलियन विद्यालय दढ़ियाल खादर द्वितीय स्थान पर रहा। जबकि 200 मीटर दौड़ में केशव प्राथमिक विद्यालय जीवपुर प्रथम स्थान पर और देवा संविलियन विद्यालय गुरैठा खादर द्वितीय स्थान पर रहा। बालिका वर्ग प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर दौड़ में फिजा संविलियन विद्यालय दढ़ियाल प्रथम एवं किरनवती प्राथमिक विद्यालय गुरैठा खादर द्वितीय स्थान पर रही। जबकि 100 मीटर दौड़ में मोनिका प्राथमिक विद्यालय जीवपुर प्रथम एवं निशा प्राथमिक विद्यालय गुरैठा खादर द्वितीय स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ में मोनिका प्राथमिक विद्यालय जीवपुर प्रथम,फिजा प्राथमिक विद्यालय दढ़ियाल द्वितीय स्थान पर रही। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में अंकुर उच्च प्राथमिक विद्यालय भावली प्रथम, अर्जुन उच्च प्राथमिक विद्यालय दढ़ियाल द्वितीय स्थान पर रहा जबकि 200 मीटर दौड़ में दिलशाद उच्च प्राथमिक विद्यालय गुरैठा खादर प्रथम व मुनेश संविलियन विद्यालय मरौरा द्वितीय स्थान पर रहा। 400 मीटर दौड़ में करन उच्च प्राथमिक विद्यालय गुरैठा प्रथम एवं दिलखुश संविलियन विद्यालय काई ऐतमाली द्वितीय स्थान पर रहा। लम्बी कूद में उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवम संविलियन विद्यालय काई ऐतमाली प्रथम स्थान पर रहा। जबकि बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में आंचल उच्च प्राथमिक विद्यालय भावली प्रथम, सानिया उच्च प्राथमिक विद्यालय दढ़ियल द्वितीय स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ में अलीशा संविलियन विद्यालय दढ़ियल प्रथम,खुशबू उच्च प्राथमिक विद्यालय द्वितीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में आंचल उच्च प्राथमिक विद्यालय भावली प्रथम व मानवी संविलियन विद्यालय मरौरा द्वितीय स्थान पर रही।

## श्रीमद्भागवत कथा में सुनाया श्री कृष्ण-सुदामा मित्रता का प्रसंग

प्रात : किरण संवाददाता

धनौरा। क्षेत्र के गांव नवाबपुरा सोहरका के शिव मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन सोमवार को कथा वाचिका मधु शास्त्री ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए।
श्रद्धालुओं ने सुदामा-कृष्ण की झांकी पर पुष्प वर्षा की।
कहा कि इसे हम भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता से समझ सकते हैं।
कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे।
सुदामा द्वारिकाधीश के महल की ओर बढ़ने लगे।
द्वार पर पहरा दे रहे द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया।
तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं।
इस पर द्वारपाल महल में गए व प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है और अपना नाम सुदामा बताया है।
जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना, प्रभु सुदामा-सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की ओर दौड़े। सामने सुदामा को देख उन्होंने उन्हें अपने सीने से लगा लिया।
सुदामा भी कन्हैया-कन्हैया कहकर उनके गले लग गए।
इसके बाद श्रीकृष्ण सुदामा को अपने महल में ले गए व अभिनंदन किया।
समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।
इस दौरान अजय राणा, झम्मन सिंह, राजेंद्र सिंह, नीलपत सिंह, लालमन सिंह, राजवीर सिंह और बबलू राणा आदि रहे।

# प्राकृतिक खेती एवं जैविक उत्पाद मेला मे जिला अधिकारी ने लगाए गए स्टालों का अवलोकन कर ली जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता,



अमरोहा। विकास भवन परिसर में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री ओम प्रकाश गोला की उपस्थिति में कृषि विभाग की ओर से स्वच्छता एक्शन प्लान नमामि गंगे योजनान्तर्गत प्राकृतिक खेती किसान मेला एवं जैविक उत्पाद हाट का उद्घाटन तथा रवी गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम प्राकृतिक जैविक खेती एवं जैविक उत्पाद की विधि जीवामृत घनामृत ट्राइकोडर्मा सहित अन्य जनसामान्य उपयोग और जागरूकता सम्बन्धी लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने बड़ी संख्या में उपस्थित कृषक बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद के जो उन्नतिशील किसान परंपरागत जैविक खेती पशुपालन मधुमक्खी पालन का कार्य कर रहे हैं वह जनपद के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे हैं आए हुए किसान बंधु इनसे सीख लें और परंपरागत जैविक खेती की ओर कदम बढ़ाएं। कहा कि यह अवश्य ही आपके परिवार की इनकम बढाने के साथ-साथ स्वस्थ जीवन के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि हम जो कुछ अच्छा कार्य करते हैं और बुजर्गो का आशीर्वाद लेते हैं तो बोला जाता है जीते रहो खुश रहो तो हमे भी परंपरागत जैविक खेती करके मिट्टी के स्वास्थ्य को सुधारना है और आशीर्वाद लेना है जमीन से लगाव कर मिट्टी के स्वास्थ्य की भी चिंता करें। मिट्टी जितना हमसे लेगी उससे दुगना हमें लाभ देगी। कहा कि कठिनाई शुरू में आएगी लेकिन कुछ समय बाद ठीक हो जाएगा। जैविक खेती की लागत में हम को लगाएंगे उतना हम अपने को बीमारियों और गंदी हवाएं से बचाएंगे। हमारा स्वास्थ्य पर पर खर्च कम हो वह विकल्प चुनना होगा।आमदनी बढ़ेगी । मृदा के सुधार के लिए जैविक और परंपरागत खेती के लिए रुझान करें। कहा कि दिली गाजियाबाद नोएडा में इसकी माँग है इससे आपकी इनकम भी बढ़ेगी। जिलधिकारी ने उपस्थित किसानो से अपील किया कि जैविक खेती की तरफ किसान मुड़ें यह निश्चित रूप से लाभ कारी है हम सबके लिए। कहा कि कोई परेशानी होती है तो आपके साथ सरकार और विभाग है कोई कठिनाई नहीं होगी। श्री ओमप्रकाश गोला ने कहा कि जो प्रदर्शनी लगाई गयी हैं और जो उत्पाद रखे गए हैं वह अवश्य ही स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं। कहा जैविक खेती करेंगे तो हम लोग स्वस्थ्य रहेंगे बीमारियां बढ़ रही है शुद्ध हल्दी धनिया सब्जी मिलेंगी सरकार भी मोटे अनाज और स्वदेशी की बात करती है।किसान जो जनपद के उन्नतिशील किसान हैं उनसे मिलें और मौके पर जाकर देखें और लाभ लें । कहा आज बाजारों में केमिकल युक्त उत्पादन मिल रहे हैं जिन्हें हम प्रयोग कर बीमारियों से ग्रस्त होते जा रहे हैं इन सब से छुटकारा पाने का एकमात्र ही तरीका है कि हम परंपरागत जैविक खेती के लिए अग्रसर हों। मुख्य विकास अधिकारी श्री अश्वनी कुमार मिश्र जी ने कहा कि जैविक और परम्परगत खेती की जागरूकता की यह कार्यशाला अवश्य ही उपयोगी होगी। कृषक ज्यादा खेती न कर केवल अपने परिवार के खाने के लिए ही करें लागत भी कम आएगी कहा केमिकल का कम से कम प्रयोग हो बीमारियां बढ़ रही हैं अधिक से अधिक स्वस्थ्य लाभ लें। इस अवसर पर जनपद के उन्नतशील किसानों ने भी उपस्थित किसान बंधुओ को सब्जी की खेती गेंदा वर्मीकम्पोस्ट मधुमक्खी के पालन कृषक उत्पादक संगठन जैविक उत्पाद गौ मूत्र और गोबर के जीवा मृत घना मृत जैविक उत्पादों के लाभ और उत्पादन की विधियों के बारे में बताया । इस अवसर पर जिलाधिकारी जी व ओम प्रकाश गोला जी ने उन्नतिशील किसानों को साल ओढाकर सम्मानित किया तथा कुछ किसानों को सरसों के बीज की मिनी किट का भी वितरण किया। कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप ,उप निदेशक कृषि राम प्रवेश, जिला कृषि अधिकारी कृषि विज्ञान केंद्र गजरौला के प्रभारी मिश्रा जी व वैज्ञानिक तथा बड़ी संख्या में किसान बन्धु मौजूद रहे।

# चित्रकूट में रेलमार्ग के किनारे महिला के बेहोश मिलने के मामले में एसएचओ निलंबित

प्रात: किरण संवाददाता



बांदा । पड़ोसी चित्रकूट जिले के बरगढ़ थाना क्षेत्र में रेलमार्ग के किनारे महिला के बेहोश अवस्था में मिलने के मामले में पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी (एसएचओ) को निलंबित कर दिया है।
सोमवार को पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। चित्रकूट के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) चक्रपाणि त्रिपाठी ने सोमवार को बताया कि बरगढ़ थाना क्षेत्र के रेलमार्ग के पास शनिवार को एक महिला बेहोश मिली थी जिसके हाथ बंधे थे।
उन्होंने बताया कि महिला की पहचान एक निजी अस्पताल की 23 साल की नर्स तौर पर हुई थी। त्रिपाठी ने बताया कि मामले में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लापरवाही बरतने के आरोप में बरगढ़ थाना के एसएचओ राकेश मौर्या को निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म करने और अन्य सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और इसी आधार पर पुलिस की जांच आगे बढ़ रही है।
इसके पहले चित्रकूट जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि शनिवार सुबह साढ़े दस-ग्यारह बजे 23-24 साल की एक महिला रेलमार्ग के पास ट्रैकमैन को बेहोश अवस्था में मिली जिसके हाथ बंधे थे।
सिंह ने बताया कि ट्रैकमैन ने उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया और बाद में उसे (महिला को) स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल (प्रयागराज) ले जाया गया।
एसपी ने कहा, घटना के खुलासे के लिए अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ और दो महिला थानाध्यक्षों को लगाया गया है।
शीघ्र ही इस घटना का अनावरण होगा और आरोपी पुलिस की

## विद्यालय और समाज की भूमिका पर प्रतियोगिता आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। जे0 एस0 हिन्दू इण्टर कॉलेज में शिक्षा निदेशक माध्यमिक और जिला विद्यालय निरीक्षक विष्णु प्रताप सिंह के निदेर्शानुसार महीयसी महादेवी वर्मा वाद विवाद प्रतियोगिता 2024-25 के लिए विषय ह्न बच्चों में बढ़ती अवसादग्रस्तता और आत्महत्या की प्रवृत्ति में परिवार, विद्यालय और समाज की भूमिकाह्व पर प्रतियोगिता आयोजित कराई गई, जिसमें जे0 एस0 हिन्दू इण्टर कॉलेज अमरोहा, श्रीमती सुखदेवी इण्टर कॉलेज हसनपुर, के0 पी0 इण्टर कॉलेज शादपुर, ए0 के0के0 इण्टर कॉलेज अमरोहा के छात्र छात्राओं ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखे।प्रतियोगिता में के0 पी0 इण्टर कॉलेज शादपुर के छात्र दीपक कुमार और नैंसी ने क्रमशः पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रख प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर रहे श्रीमती सुखदेवी इण्टर कॉलेज हसनपुर की शिवानी और इलमा ने क्रमशः पक्ष और विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किये। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ0 जी0 पी0 सिंह ने सभी प्रतिभागियों और चयनित छात्र छात्राओं को बधाई दी। निर्णायक मण्डल में शर्मा देवी कन्या इण्टर कॉलेज से श्रीमती ममता अग्रवाल, राजकीय इण्टर कॉलेज अमरोहा से श्री किरण पाल सिंह तथा जे0 इस0 हिन्दू इण्टर कॉलेज से श्री शैलेश कुमार पंकज सम्मिलित थे।कार्यक्रम का संचालन डॉ0 वी0 के0 शुक्ल ने किया।इस अवसर पर अनिल कुमार, सुधीर गुप्ता, संजीव कुमार,आभा सिंह,अतहर आलम सिद्दीकी, राजवीर सिंह आदि उपस्थित थे।

# सुलतानपुर में विवाहिता की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या, आरोपी हिरासत में

प्रात : किरण संवाददाता




सुलतानपुर। सुलतानपुर जिले के थाना करौदी कला क्षेत्र में एक युवक ने अपनी शादीशुदा प्रेमिका की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी और उसके छह साल के बच्चे को भी घायल कर दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कादीपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) विनय गौतम ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सीओ ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है और परिवार की ओर से तहरीर मिलते ही मुकदमा कायम किया जाएगा। पुलिस के अनुसार, करौंदी कला थाना क्षेत्र के गजेंद्र पुर गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद गुजरात में नौकरी करता है और उसकी पत्नी हौसिला देवी (40) अपने तीन बच्चों के साथ गांव में रहती है। पुलिस ने बताया कि इस बीच हौसिला देवी का कथित तौर पर गांव के ही व्यक्ति बिंदे के साथ प्रेम प्रसंग शुरू हो गया और पिछले दो वर्षों से दोनों के बीच फोन पर बातचीत चल रही थी। उन्होंने बताया कि हाल में बिंदे और हौसिला के मध्य किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई और उसने बिंदे का फोन उठाना बंद कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रविवार रात बिंदे कुल्हाड़ी लेकर उसके घर पहुंचा, तब हौसिला के दो बच्चे दूसरी झोपड़ी में सो रहे थे और वह अपने छह वर्षीय पुत्र के साथ सो रही थी। उन्होंने बताया कि बिंदे ने हौसिला के गले पर वार कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी ने बच्चे पर भी हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया और उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज से ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। सीओ ने बताया कि मामले में सभी पहलुओं को ध्यान में रख कर जांच की जा रही है।

# सुभासपा पदाधिकारियों ने धूमधाम से मनाया पार्टी का स्थापना दिवस



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। सुभासपा का 22वाँ स्थापना दिवस सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी अमरोहा द्वारा ग्राम पंचायत दरियापुर मोहम्मद यूनुस सैफी प्रधान के आवास पर सुहेलदेव महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का गठन वर्ष 2002 में वंचितों व शोषितों, दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यको न्याय दिलाने के उद्देश्य से स्थापित की गई। सुभासपा का यह 23वें वर्ष में प्रवेश सभी के समर्पण का परिणाम है। बीते 22 वर्ष कई खट्टे मीठे अनुभव से भरे रहे किंतु पार्टी के सक्रिय पदाधिकारी, निष्ठावान कार्यकर्ता और जन समर्थन का परिणाम है कि हम निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। आज सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के उत्तर प्रदेश में एनडीए गठबंधन में शामिल है और जनता से जुड़ी समस्याओं को उठाने का काम कर रही है।राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के पास पंचायत राज विभाग अल्पसंख्यक कल्याण हज एवं वफ बोर्ड की जिम्मेदारी है। जिससे सर्व समाज का काम हो रहा है। जनता बहुत तेजी के साथ सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की ओर देख रही है और जुड़ रही है। इस दौरान मोहम्मद युनुस सैफी प्रधान, आदेश अमरोही, धर्मवीर सिंह बहेलिया, डॉ0 जगत सिंह, बाबू रामपाल, जसवीर चौहान, गुड्डू, जमालुद्दीन, प्रेम सिंह प्रजापति, शफीक अहमद, सलीम, नरेशपाल आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एससी-एसटी एक्ट के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

नासरीगंज(रोहतास) : पुलिस नें एससी-एसटी एक्ट के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । कछवां अपर थानाध्यक्ष सह प्रभारी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बगेया निवासी समीर अहमद को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 108/24 के आलोक में एससी-एसटी एक्ट के मामले में कांड दर्ज था ।

### बालू गिराकर भाग रहे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

प्रातः किरण संवाददाता

नासरीगंज(रोहतास) : पुलिस ने दो ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है । जानकारी देते हुए कछवां अपर थानाध्यक्ष सह प्रभारी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगरांव से 2 ट्रैक्टर को जब्त किया गया है । उन्होंने बताया कि दोनों ट्रैक्टर के चालकों ने पुलिस को देख बालू गिराते-गिराते भागने लगे । लेकिन उसका पीछा करते हुए दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया । उन्होंने कहा कि इस मामले में गिरफ्तारी नहीं हो पाई है । श्री कुमार ने बताया कि उक्त मामले के संदर्भ में दोनों ट्रैक्टर चालकों व मालिकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के पास रिपोर्ट भेज दी गई है । उन्होंने कहा कि जब्त दोनों ट्रैक्टर को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है ।

### पांच लीटर देशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

राजपुर(रोहतास) : राजपुर पुलिस ने देशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । राजपुर थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बरना डिहरी निवासी जंग राम को 5 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

### 25 लीटर चुलाई शराब को पुलिस ने किया नष्ट

प्रात : किरण, संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) : बिक्रमगंज अनुमंडलीय उत्पाद विभाग की पुलिस ने चुलाई शराब को किया विनष्ट । जानकारी देते हुए उत्पाद निरीक्षक बिक्रमगंज भिखारी कुमार ने बताया कि नासरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत अमियावर सोन नदी के किनारे 25 लीटर चुलाई शराब को विनष्ट किया गया । मौके पर उक्त दौरान अनुमंडलीय उत्पाद निरीक्षक भिखारी कुमार सहित उत्पाद विभाग की टीम मौजूद थी ।

### नौ शराबी भेजे गए जेल

प्रात : किरण, संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) । बिक्रमगंज पुलिस ने 9 पियक्कड़ को नशे की हालत में गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया ।

थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के घोसियां कला गांव से बक्सर जिला अंतर्गत बक्सर थाना क्षेत्र के पूर्व मोहल्ला भोजपुर जदीद निवासी मोहम्मद अंजाद खां,बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के तेंदूनी निवासी नासिर अंसारी,घुसियां कला निवासी बुधन राम,दीपक राम,बीरेंद्र राम,श्रीकांत सोनी,धनजी राम, छोटन राम एवं शिवपुर निवासी छोटू सिंह को गिरफ्तार किया गया है । थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी पियक्कड़ों के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया ।

# दीपावली और छठ पर रेलवे का अलर्ट जारी
## ट्रेन तथा स्टेशनों पर चोरी और नशाखुरानी गिरोह सक्रिय

**रेलवे डेहरी ऑन-सोन व चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम के संयुक्त तत्वाधान में रेल यात्री सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया**




प्रातः किरण संवाददाता

डेहरी(रोहतास) । दीपावली तथा छठ पूजा के दौरान देश के अन्य जगहों से उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग अपने अपने गांव लौट रहे है,जिसके चलते रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। जिसके कारण ट्रेन तथा स्टेशनों पर चोरी तथा नशाखुरानी गिरोह सक्रिय हो जाती है,जिसके लिए मानवाधिकार सामाजिक सुरक्षा जन -कल्याण संघ व रेलवे सुरक्षा बल डेहरी ऑन-सोन व चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम के संयुक्त तत्वाधान में रेल यात्री सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।।

जिसका अध्यक्षता आरपीएफ निरीक्षक राम विलास राम व मानवाधिकार सामाजिक सुरक्षा जन -कल्याण संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार गुप्ता ने किया।

इस अभियान में संस्था के बैनर ,पंपलेट तथा लाउड स्पीकर के माध्यम से यात्रियों के बीच अंजान व्यक्तियों के द्वारा दिया गया किसी भी सामग्री का सेवन नहीं करने , अंजान व्यक्तियों से मेलजोल नहीं करने की सलाह दी गई। अनावश्यक चेन पुलिंग नहीं करने तथा पायदान पर बैठ कर यात्रा नहीं करने की सलाह दी गई।

वहीं,आए दिन हो रहे रेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यात्रियों से अपील किया गया कि अनधिकृत रेलवे ट्रैक पार नहीं करने तथा हमेशा फुटओवर ब्रिज का उपयोग करने को कहा गया।वहीं यात्रा के दौरान अकेली महिला को यात्रा के समय कोई भी समस्या होने पर आरपीएफ के द्वारा चलाए जा रहे मेरी सहेली टीम के बारे में बताया गया तथा रेल तथा रेल परिसर में कोई भी समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 139 पर कॉल करने की सलाह दी

इस कार्यक्रम में संस्था के सूचना प्रभारी प्रताप कुमार गुप्ता,मीडिया प्रभारी जीपी सोनी, कोषाध्यक्ष ऋतुराज उपाध्याय राष्ट्रीय सलाहकार नीतीश कुमार ,विकास कुमार, सुदर्शन सिंह, पुनीत कुमार चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रीतम कुमारी, कुसुम कुमारी वही आरपीएफ के उपनिरीक्षक शिवराज साह,प्रधान आरक्षी रामचन्द्र यादव, बीके सिंह,आरक्षी हरेराम कुमार व दीपक आदि उपस्थित थे।

# मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

- आज ड्राफ्ट मतदाता सूची का होगा प्रकाशन, 28 नवंबर तक लिया जायेगा दावा/आपत्ति
- युवा मतदाताओं एवं महिला मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने पर विशेष बल

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय।छपरा कार्यालय। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने सोमवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया।

बताया गया कि मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 29 अक्टूबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।इसके बाद 28 नवंबर तक दावा आपत्ति प्राप्त किया जाएगा।

इस अभियान के तहत 2 नवंबर, 3 नवंबर, 23 नवंबर एवं 24 नवंबर को विशेष अभियान दिवस चलाया जाएगा जिस दिन सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर सभी आवश्यक प्रपत्रों के साथ मौजूद रहेंगे तथा नाम जोड़ने, संशोधन आदि के संबंध में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को इस अभियान को पूरी पारदर्शिता एवं त्रुटि रहित ढंग से क्रियान्वित करने का निर्देश दिया गया है। मतदाता सूची में 18-19 वर्ष आयु वर्ग के युवा मतदाताओं एवं महिलाओं का नाम जोड़ने पर विशेष फोकस देने को कहा गया। विशेष अभियान दिवस को सभी ईआरओ एवं एईआरओ को मतदान केंद्रों पर भ्रमणशील रहते हुए पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेंगे।

सभी राजनीतिक दलों को सभी मतदनकेन्द्रों पर बूथ स्तरीय अभिकर्त्ता की नियुक्ति करने का अनुरोध किया गया। बताया गया कि वर्त्तमान में मतदाता सूची में जेंडर रेशियो 910 है जो जिले की आबादी के औसत सेक्स रेशियो से काफी कम है। इसे बढ़ाने के लिये अधिक से अधिक छूटी हुई महिलाओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने हेतु विशेष प्रयास की आवश्यकता है। साथ ही अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष आयु पूरा करने वाले युवा मतदाताओं को भी मतदाता सूची में शामिल किया जाना है। इस अभियान को सफल बनाने में सभी राजनीतिक दलों को भी आवश्यक सहयोग करने का अनुरोध किया गया। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

# धनतेरस को ले लोगों ने की जमकर खरीदारी,बाजारों में उमड़ी भीड़



प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास) : बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के शहरी एवं ग्रामीण कस्बों में धनतेरस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आज यानी मंगलवार को मनाई जाएगी । धनतेरस के पर्व पर इस बार लक्ष्मी और गणेश जी, इलेक्ट्रिक सामान, कपड़े, ज्वेलर्स, जेनरल स्टोर एवं बर्तनों सहित अन्य दुकानें लोगों से गुलजार देखने को मिली । इस वक्त त्योहारों का मौसम चल रहा है । आज यानी मंगलवार को धनतेरस पर्व के आरंभ से ही दीपावली पर्व की शुरूआत हो गई है । ऐसे में आज धनतेरस के मौके पर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के बाजारों में लोग जमकर खरीदारी करते हुए दिखे । धनतेरस पर लोगों द्वारा सोने,चांदी, हीरे के आभूषण सहित अन्य सामानों की जमकर खरीदारी की गई । जिसको लेकर सभी दुकानदारों में खुशी का माहौल देखने को मिला । बाजारों में इस बार लोगों की भीड़ को देखकर लगता है कि इस बार धनतेरस व दीपावली के मौके पर व्यापारियों की चांदी रहेगी ।

# लायंस क्लब छपरा सारण ने सेलिब्रेट किया दीपोत्सव फैमिली गेट टु गेदर

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा : अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब छपरा सारण, महाराजगंज रघुशांती, एवं लियो क्लब ने संध्या को दीपावली मिलन समारोह सह दीपोत्सव का आयोजन बहुत धूम-धाम से फैमिली गेट टुगेदर कर के जन्नत पैलेस में मनाया। कार्यक्रम का उद्घाटन पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डा एस के पांडे, अध्यक्ष लायन डा अनिल कुमार, लायन ममता पुतुल, जेड सी लायन रणधीर जायसवाल, आर सी लायन विक्की आनंद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर परिसर को मिट्टी की दियों से सजाया गया, रंगोली बनाई गई एवं साथ हीं बच्चों के डांस के कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें देर रात तक लोगों ने अपने परिवार के साथ भरपूर मनोरंजन किया ।कार्यक्रम चेयरपर्सन प्रमोद मिश्रा ने बताया कि कई तरह के गेम सभी के लिए जैसे म्यूजिकल चेयर, स्टैच्यू डांस, प्लेइंग कार्ड एवं हाऊजी आदि का भी आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया और चांदी के सिक्कों के साथ अन्य कई उपहार जीते। लकी ड्रा के माध्यम से भी क्लब सदस्यों ने एक से एक उपहार जीतें ।

वहीं अध्यक्ष लायन डा अनिल कुमार ने इस मौके पर शहरवासियों से मिट्टी के दिए जलाने एवं इको फ्रेंडली दिपवाली मनाने की अपील की है ।इस अवसर पर मुख्य रूप से अजित सिंह, क्लब के सचिव शैलेंद्र कुमार, डा ओ पी गुप्ता, डा मकेश्वर चौधरी, अजय सिन्हा, गणेश पाठक, संदीप गुप्ता, नारायण पांडे, सुशील वर्मा, विक्की आनंद, बृजेंद्र किशोर, जगदीश शर्मा, वासुदेव गुप्ता, मनीष सिन्हा, लायन ममता पुतुल, लायन सोनी गुप्ता, लियो अध्यक्ष सुप्रीम, लियो छोटू, लियो स्वराज, लियो सूरज, ली विकास, लियो आदिल आदि सदस्यों के साथ-साथ सभी के परिवार के सदस्य मौजूद रहें।

मंच संचालन लायन मनोज वर्मा ंकिल्प ने किया और उक्त जानकारी पी आर ओ लायन साकेत श्रीवास्तव ने दी ।

# अधिकारियों ने रामघाट का किया निरीक्षण

प्रात : किरण, संवाददाता

माँझी। माँझी के रामघाट पर निमार्णाधीन अटल घाट के भाग को स्थानीय प्रशासन ने बेहद खतरनाक बताते हुए उसकी घेराबंदी करने के साथ साथ उसके दोनों तरफ की घाटों पर छठ व्रतियों को अर्घ्यदान की व्यवस्था कराने का निर्णय लिया है। सोमवार को रामघाट का निरीक्षण करने पहुँचे पदाधिकारियों ने प्रस्तावित अटल घाट से पश्चिम रेल पुल के समीप स्थित घाट तथा पुरब बहोरन सिंह के टोला छठ घाट को उपयुक्त बताते हुए दो भागों में व्रतियों के अर्घ्यदान करने की व्यवस्था करने का नगर पँचायत को निर्देश दिया। बताते चलें कि अटल घाट के निर्माण में लगी बुडको कम्पनी के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर कुमार अमन तथा संवेदक प्रतिनिधि अजित कुमार सिंह ने माँझी नगर पँचायत की कार्यपालक पदाधिकारी रक्षा लोहिया को दो अलग अलग पत्र भेजकर निमार्णाधीन अटल घाट के एरिया में मौजूद कंकड़ पत्थर, लोहे का रॉड एवम तार की जाली से व्रतियों की जान का खतरा बताते हुए उक्त घाट को बेहद खतरनाक बताया था। पत्र के आलोक में घाट का निरीक्षण करने पहुँचे सीओ सौरभ अभिषेक,बीडीओ रंजीत सिंह,तथा कार्यपालक पदाधिकारी रक्षा लोहिया ने छठ घाट को दो भागों में विभाजित कर अर्घ्यदान कराने का निर्णय लिया। मौके पर उप मुख्य पार्षद आदि थे।

# रोहतास डीएम ने जीरो टॉलरेंस नीति लागू करने के लिए कर्मियों को दिलाई शपथ

प्रातः किरण संवाददाता



सासाराम(रोहतास) : राज्य सरकार की ओर से भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टालरेंस नीति दृढ़तापूर्वक लागू करने के उद्देश्य से जिलेभर में तीन नवंबर तक सतर्कता अभिचेतना सप्ताह मनाया जायेगा। इस कड़ी में डीएम उदिता सिंह ने सोमवार को समाहरणालय के कर्मियों को प्रतिज्ञा की शपथ दिलायी। डीएम ने शपथ पत्र पढ़ा और कर्मियों ने उसे दोहराया। इस दौरान डीएम ने कहा कि हम नीतिपरक कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देंगे और इमानदारी और सत्य निष्ठा की संस्कृति को प्रोत्साहन देंगे। हम न तो रिश्वत देंगे और न ही रिश्वत लेंगे। हम पारदर्शिता, जिम्मेवारी और निष्पक्षता पर आधारित सुशासन की प्रतिज्ञा करते हैं। हम कार्यों के संचालन में संबद्ध कानूनों, नियमावलियों तथा अनुपालन प्रक्रियाओं का पालन करेंगे। हम अपने सभी कर्मचारियों के लिए एक नीति संहिता अपनाएंगे। हम अपने कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों के इमानदार निष्पादन के लिए उनके कार्य से संबद्ध नियमों, विनियमों आदि के बारे में सुग्राही बनाएंगे। हम समस्याओं तथा कपटपूर्ण कार्यकलापों की सूचना देने के लिए समस्या समाधान वपदार्फाश तंत्र का प्रबंध करेंगे। हम संबंधित पक्षों व समाज के अधिकारों तथा हितों का संरक्षण करेंगे।

# काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी ई किसान भवन में बीज वितरण

काराकाट (रोहतास) : काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी के ई किसान भवन में वर्ष 2024 -25 का रबि फसल के लिए बीज वितरण शुरू हो गया है ।जानकारी देते हुए प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह नोडल कृषि समन्वयक प्रवीण कुमार ने बताया कि बीज वितरण का कार्य 23 अक्तूबर से शुरू है । बताया कि बीस पंचायत के किसानों को अनुदानित दर पर बीज वितरण में फिलहाल चना,मसूर,मटर, सरसों के बीज का वितरण जारी है ।बीज वितरण रोस्टर के अनुसार किया जा रहा है । बीज वितरण पंचायत सिकरियां, बाराडीह,देव,मुंजी, सकला,सोनवर्षा तथा चिकसील में किया गया । बताया गया कि एक दिन में सात पंचायत के किसानों को बीज वितरण किया जा रहा है । रबि फसल के लिए अब तक चना का बीज 496 किसानों, सरसों का बीज 54 किसानों, मसूर का बीज 90 किसानों, मटर का बीज 27 किसानों को वितरित किया गया है । बताया कि गेहूं का बीज का वितरण अगले सप्ताह से होने की उम्मीद है । बीज वितरण में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सह प्रखंड उद्यान पदाधिकारी अजीत सिंह, कृषि समन्वयक अमृत कुमार पाल, अजय प्रताप, मंजू कुमारी,श्वेत प्रभा, विमल कांत प्रसाद ,किसान सलाहकार जैनेंद्र कुमार सिंह, रवि शंकर , मिथलेश सिंह,अखिलेश सिंह, हरेंद्र कुमार, इमरान आलम सहित कई किसान थे ।

# पैक्स चुनाव से वँचित हो जाने की अशंका ,राज्य निर्वाचन प्राधिकार से शिकायत

बनियापुर। सिसई पंचायत के पैक्स चुनाव के मतदाताओं को सदस्य से सह सदस्य बनाए जाने के मामले मे सदस्यों ने चुनाव से वँचित हो जाने की अशंका को देखते राज्य निर्वाचन प्राधिकार कि शिकायत पत्र सौप कर पहल कर स्थानीय पदाधिकारियो को निदेशीत करने का आग्रह किया है ताकि 30 अक्टूबर तक प्रकाशित सूची मे सदस्य बन सके और चुनाव से वँचित न हो सके। वही पिछले दिनों आपत्ति से संबंधित बैठक कर निष्पादन किया गया ।जहा सह निवार्ची पदाधिकारी आर एन चौधरी द्वारा सिसई पंचायत के पैक्स चुनाव के मतदाताओं की एक एक बिन्दुओ पर रिपोर्ट तैयार किया ।परन्तु अभी तक स्थिति यथावत है सदस्यों ने इस आशय की पत्र जिले के वरिय अधिकारियो को भी दिया है,मौके पर संजय कुमार शर्मा विनय कुमार ठाकुर महेश्वर ठाकुर वीरेंद्र सिंह उर्फ बीरु सिंह व्यास राय तारकेश्वर ठाकुर धर्मेंद्र यादव रवि राय आदि के हस्ताक्षर शामिल थे।

# टेलर और ट्रक के बीच आमने-सामने की हुई जोरदार टक्कर टेलर चालक की मौके पर मौत,सहचालक घायल

प्रातः किरण संवाददाता



काराकाट(रोहतास) : बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य पथ पर थाना क्षेत्र के जमुआ पेट्रोल पंप की समीप सोमवार की सुबह करीब चार बजे टेलर और ट्रक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई । जिसमे टेलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई और एक सहचालक घायल हो गया । मृतक चालक देवरिया जिला के भगवानपुर थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव निवासी जनकधारी चौहान के 40 वर्षीय पुत्र छोटू चौहान बताया जा रहा है ।वही घटना में घायल सहचालक देवरिया जिला के भलुवानी थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी रामवृक्ष चौहान के पुत्र अवधेश चौहान बताया जा रहा हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी अपने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया की घटना में घायल सहचालक को गोडारी सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मृतक व घायल की परिजनों को दे दिया गया हैं। हाइड्रा क्रेन की मदद से टेलर व ट्रक को रोड़ से हटाकर पुलिस की निगरानी में रखी गई है। वहीं ट्रैक चालक और सहचालक घटना के बाद दोनो मौका देख फरार हो गये ।

# किसानों की आय बढ़ाने और नई तकनीक से कृषि कार्य करने के लिए कृषि विज्ञान संस्थान कर रहा है कार्य : कुलाधिपति



प्रातः किरण संवाददाता

डेहरी(रोहतास) : शाहाबाद और मगध क्षेत्र के किसानों की आय बढ़ाने और नई तकनीक से उन्नत कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नारायण कृषि विज्ञान संस्थान हमेशा कार्य कर रहा है । परंपरागत कृषि से हटकर वाणिज्य कृषि की ओर अग्रसर होने के लिए कृषकों को प्रशिक्षित करने तथा उन्हें विभिन्न प्रकार के सुविधा मुहैया करने के दिशा में हमेशा कार्य किया जा रहा है ।गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह ने आज सरसों के बीज वितरण कार्यक्रम के दौरान यहां उपस्थित सैकड़ों किसानों को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने किसानों को आस्वस्त किया कि नारायण कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा निशुल्क सेवा हमेशा किसानों के लिए जारी रहेगी। साथ ही कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उन्हें प्रतिदिन शाम को चार से पांच बजे अवकाश के दिन को छोड़कर तकनीकी जानकारी दूरभाष द्वारा उपलब्ध कराइ जाएगी। इसके लिए दूरभाष नंबर 8544425063 भी जारी कर दिया गया है । इस अवसर पर संस्थान के कुलपति डॉ महेंद्र कुमार सिंह एवं प्रतिकुलपति डॉक्टर जगदीश सिंह ने भी किसानों को संबोधित किया। इस अवसर पर सहायक कुल सचिव मिथिलेश कुमार सिंह, कुलाधिपति के निजी सचिव योगेश उपाध्याय एवं कृष्णा साहू के साथ-साथ नारायण कृषि विज्ञान केंद्र के सभी कृषि वैज्ञानिक एवं शिक्षक गण तथा किसान लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉक्टर एच के सिंह ने किया । इस अवसर पर किसानों को सरसों के बीज के साथ ही सल्फर युक्त उर्वरक का पैकेट भी निशुल्क उपलब्ध कराया गया।

# विहंगम योग संस्थान भोजपुर द्वारा रेड क्रॉस ब्लड बैंक में स्वामी ज्ञान देव महाराज के जन्मोत्सव पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता




आरा :विहंगम योग संस्थान भोजपुर के द्वारा स्थानीय रेड क्रॉस ब्लड बैंक में स्वामी ज्ञान देव महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ,जिसमें कुल 65 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में बिहार एवं महामंत्री भूपेंद्र राय मंत्री उमेश कुमार की गरिमा में उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन विजय चंद्रकांत सचिव, योगेंद्र सिंह उपसचिव, भोजपुर जिला एवं संयोजक कृष्ण आरा अनुमंडल, संयोजक धर्मेंद्र कुमार धीरज पीरो अनुमंडल दिनेश पाल संयोजक जगदीशपुर अनुमंडल तथा

रीना गुप्ता संयोजिका आरा अनुमंडल के अथक प्रयास से किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय से पधारे दीनानाथ विश्वकर्मा की उपस्थिति ने सभी का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में सक्रिय सदस्यों में सुरेश कुमार, हरे राम सिंह, कृष्णानंद राम, जयधीर कुमार अनूप कुमार आरा के अलावा महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदाताओं में महिलाओं की भी भारी संख्या रही। आज के कार्यक्रम में रेड क्रॉस के सदस्य की उपस्थिति भी सराहनीय रही। संरक्षक उमेश चंद्र सिंहा कार्यकारिणी सदस्य अशोक शर्मा, तारकेश्वर ठाकुर, डॉ जितेंद्र शुक्ला ,एवं डॉ बी पी सिंह ने उपस्थित रहकर रक्तदाताओं का मन मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विज्ञान देव के जन्मोत्सव के उपलक्ष में प्रतिवर्ष की भांति प्रार्थना से की गई तत्पश्चात गुरुदेव के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए रक्तदान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर अशोक शर्मा ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि रक्तदाता है तो कहीं का भी ब्लड बैंक है रक्तदाताओं के अभाव में जरूरतमंदों की जान नहीं बचाई जा सकेगी। तारकेश्वर ठाकुर ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा दान है जिसमें किसी भी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है और आपको स्वयं नहीं पता कि आप किसकी जान बचा रहे हैं यह गुप्त दान है इससे बड़ा दान कुछ हो ही नहीं सकता।

डॉक्टर जितेंद्र शुक्ला ने स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मैं स्वयं रक्तदाता हूं और मुझे इससे जो आत्म संतुष्टि मिलती है इसे आप भी महसूस करते होंगे, यह हम सबके लिए बहुत ही जरूरी है कि अपने जीवन काल में हम किसी न किसी रूप में सहयोग प्रदान कर जरूरतमंदों की मदद करते रहे करते रहें। संरक्षक उमेश चंद सिंहा ने सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद देते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दी एवं आश्वासन दिया कि जहां भी जरूरत होगी रेड क्रॉस आप सब की मदद के लिए हमेशा उपलब्ध रहेगा। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था सचिव विभा कुमारी की देखरेख में की गई कार्यक्रम के समापन पर प्रार्थना के उपरांत सचिव विभा कुमारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ आज का कार्यक्रम समाप्त हुआ। आज के कार्यक्रम में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं के नाम इस प्रकार रहे--- पिंकी प्रसाद, बबीता देवी, कृष्णा प्रसाद ,अनिल कुमार सिंह, कमला देवी ,रवि शंकर पांडे, निर्मल प्रसाद, विक्रांत ओझा, सुशीला देवी ,शीला देवी, प्रवीण बजरंगी, पूजा देवी ,सूर्यमणि तिवारी, शिव शंकर सिंह, शुभम सिंह, रोहित कुमार , मीरा उपाध्याय, सोनी उपाध्याय, दीनानाथ विश्वकर्मा, अनिल प्रसाद, मिंता देवी, हर्ष राज तिवारी एवं विजय चंद्रकांत सचिव भोजपुर जिला आदि प्रमुख रहे

# धनतेरस पर शहर की व्यावसायिक प्रतिष्ठाने सज धज कर तैयार, ग्राहक करेंगे खरीदारी आज

- शहर की प्रतिष्ठित ज्वेलरी शोरूम ग्राहकों से रहता है गुलजार

मो. अयूब

छपरा ' धनतेरस दीपावली महोत्सव की शुरूआत का प्रतीक है, इसको लेकर बाजारों की दुकाने सज गई है, व्यापारी वर्ग भी अपने शोरूम में नई-नई रेंज की आकर्षक और लुभावने आइटमों से ग्राहकों को कर रहे हैं आकर्षित ' धनतेरस के अवसर पर शहर के विभिन्न ज्वेलरी दुकानों में ग्राहकों की खूब भीड़ लगती है, सोना चांदी और हीरे से बनी ज्वेलरी की खूब खरीदा-री की जाती है ' जबकि धनतेरस के अवसर पर तांबे से बनी बर्तन सहित अन्य किचन से संबंधित बर्तनों की भी खूब बिक्री होती है ' वहीं धनतेरस पर इलेक्ट्रानिक सामानों की भी जमकर खरीदारी की जाती रही है ' शहर में धनतेरस पर करोड़ों से अधिक का व्यापार होता है ' धनतेरस, जिसे धन त्रयोदशी भी कहा जाता है ' यह पर्व मुख्यतः धन, समृद्धि और स्वास्थ्य के देवता धन्वंतरि को समर्पित है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाया जाता है और इस दिन का विशेष महत्व है। भारतीय संस्कृति में इस दिन को लेकर कई मान्यताएँ और परंपराएँ प्रचलित हैं, जिनका समाज में गहरा प्रभाव है।

धनतेरस का पर्व भगवान धन्वंतरि से जुड़ा हुआ है, जो आयुर्वेद के जनक माने जाते हैं। कहा जाता है कि समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि अमृत कलश के साथ प्रकट हुए थे। उनके साथ अनेक अन्य रत्न और औषधियाँ भी प्रकट हुईं, जिनमें से एक ह्यधनन्न का महत्व विशेष है। इस दिन देवी लक्ष्मी की आराधना भी की जाती है, जो समृद्धि और ऐश्वर्य की देवी हैं।

धनतेरस पर लोगों द्वारा अपने घरों में नए बर्तन, सोने-चांदी के आभूषण, और अन्य कीमती वस्तुएँ खरीदने की परंपरा रही है, इसे समृद्धि और धन के आगमन का प्रतीक माना जाता है।

धनतेरस पर बर्तन खरीदने की परंपरा का विशेष महत्व है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन खरीदे गए बर्तन में समृद्धि आती है। इसके अलावा, सोने और चांदी के आभूषण खरीदना भी इस दिन की एक खास परंपरा है। यह भी मान्यता है कि जो धनतेरस पर नए आभूषण खरीदता है, वह सालभर धन और समृद्धि का अनुभव करता है।इस दिन लक्ष्मी माता की पूजा का आयोजन किया जाता है। लोग अपने घरों में दीप जलाते हैं,और लक्ष्मी जी के स्वागत के लिए रंगोली बनाते हैं। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 29 अक्टूबर, 2024





## शादी को लेकर क्या हैं राशि खन्ना के प्लान? अभिनेत्री ने खुद दी जानकारी

राशि खन्ना एक मशहूर भारतीय अभिनेत्री हैं, जो ज्यादातर साउथ की फिल्मों में नजर आती हैं। उन्होंने कई शानदार तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्मों के अलावा हिंदी फिल्मों में भी काम किया है। इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। इस बीच एबीपी साउथ समिट के दौरान उनसे शादी को लेकर सवाल पूछा गया, जिसका अभिनेत्री ने दिलचस्प जवाब दिया है।

राशि खन्ना की गिनती तेलुगु सिनेमा की शीर्ष अभिनेत्रियों में होती है। अब वह विक्रांत मैसी के साथ अपनी आगामी फिल्म का प्रमोशन कर रही हैं। इस बीच उनसे इवेंट के दौरान मेजबानी कर रहे मशहूर लेखक चेतन भगत ने शादी से जुड़ी उनकी योजनाओं का पूछा। इसका जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा कि ये उनका निजी मामला है और वह इस पर चर्चा नहीं करना चाहतीं।

### शादी करना चाहती हूं, लेकिन इसके लिए अभी समय है

इस सवाल पर जोर देते हुए जब उनसे एक बार फिर पूछा गया, तो अभिनेत्री ने काफी अच्छे तरीके से इसे टाल दिया। उन्होंने कहा, मैं शादी करना चाहती हूं और बच्चे पैदा भी करना चाहती हूं, लेकिन इसके लिए अभी समय है। यह एक बहुत ही निजी फैसला है, जिसका मेरे पेशे से कोई लेना-देना नहीं है। अभिनेत्री ने साफ कर दिया है कि अभी फिलहाल वह शादी के बजाय करियर पर ध्यान दे रही हैं।

### अरनमई 4 में भी आई थीं नजर

राशि खन्ना काफी लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। इतने लंबे समय से फिल्मी दुनिया में सक्रिय रहने के बाद भी उनका नाम किसी सह-कलाकार के साथ नहीं जुड़ा। अभिनेत्री अक्सर खुद को लाइमलाइट से दूर रखना पसंद करती हैं। इसके अलावा वह कई मौकों पर अपनी निजी जिंदगी को सार्वजनिक न करने को लेकर भी बात कर चुकी हैं। बात करें अभिनेत्री के वर्क फ्रंट की, तो वह द साबरमती रिपोर्ट में नजर आएंगी।

बताते चलें कि द साबरमती रिपोर्ट में, राशि ने एक पत्रकार की भूमिका निभाई है, जिसने पहले ही काफी दिलचस्पी पैदा कर दी है। फिल्म का निर्देशन धीरज सरना ने किया है। जी स्टूडियोज द्वारा इस फिल्म को रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म 15 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में राशि खन्ना के साथ विक्रांत मैसी भी पत्रकार की भूमिका में नजर आने वाले हैं, जो गोधरा कांड के बारे में खबरें दिखाते हैं।



## लापता लेडीज के ऑस्कर जीतने की प्रार्थना कर रही हैं प्रतिभा रांटा, स्टेज पर जाने के लिए हैं उत्साहित

किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज ने सिनेमाघरों में भले ही बहुत शानदार प्रदर्शन नहीं किया। मगर, ओटीटी पर रिलीज होने के बाद फिल्म की तारीफों का सिलसिला थम नहीं रहा। यह फिल्म ऑस्कर में भारत की ऑफिशियल एंट्री के तौर पर भेजी गई। फिल्म के मुख्य किरदारों का जीवन कैसे इन कुप्रथाओं के कारण मुश्किल में पड़ जाता है, इसी विषय के ईद-गिर्द फिल्म की कहानी घूमती है। अब हाल ही में, फिल्म में जया की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री प्रतिभा रांटा ने फिल्म के ऑस्कर जीतने की अपनी इच्छा जाहिर की है।हाल ही में, एक साक्षात्कार में प्रतिभा रांटा ने बताया कि वह घर पर दिवाली कैसे मनाते हैं। अभिनेत्री ने कहा, मेरे लिए दिवाली हमेशा से ही एक आध्यात्मिक अनुभव रहा है, क्योंकि मेरे दादा-दादी आध्यात्मिकता का अभ्यास करते हैं और उन्होंने मुझे चार साल की उम्र में पटाखे न जलाने के बारे में सिखाया गया था। उस दिन से, मैंने तय कर लिया कि अब से मेरी दिवाली उपहारों का आदान-प्रदान करने, सजने-संवरने और शायद अपने दोस्त के घर जाने पूजा करने के बारे में ही रहेगी।

### ऑस्कर जीतने की इच्छा की जाहिर

फिल्म के ऑस्कर जीतने की इच्छा जाहिर करते हुए अभिनेत्री ने कहा,इस दिवाली, मैं ऑस्कर के लिए थोड़ी ज्यादा प्रार्थना कर रही हूं। पर वो प्रार्थना तो मेरी रोज भी चलती रहती है। हर रात सोने से पहले, मैं भगवान का शुक्रिया अदा करती हूं। और अब मैंने एक और चीज मांगना शुरू कर दिया है।

### स्टेज पर जाने का अनुभव करना चाहती हैं अभिनेत्री

अभिनेत्री ने आगे बताया कि जब यह खबर आई तो वह मीटिंग में थीं, और उन्हें बधाई संदेशों की बाढ़ आ गई। प्रतिभा ने कहा, एक पल के लिए, मैं सोच में पड़ गई, क्या हुआ है? मुझे सच में इसे समझने में थोड़ा समय लगा। मैं अब उस दिन का इंतजार कर रही हूं जब हम वहां जाएंगे, और हम उस जगह खड़े होंगे। मैं उस पल का अनुभव करना चाहती हूं और हर बार जब मैं इसके बारे में सोचती हूं, तो मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं।



## कृति सेनन ने हमेशा अच्छे दिखने के दबाव पर जाहिर की राय

कृति सेनन ने कहा है कि वो बोटोक्स और कॉस्मेटिक सर्जरी कराने वालों को लेकर कोई राय नहीं बनातीं। हालांकि, उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वो नहीं चाहती कि युवा लड़कियां हमेशा परफेक्ट दिखने का दबाव महसूस करें। कृति सेनन की नवीनतम फिल्म दो पत्ती आज नेटफिलक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म का अभिनेत्री बीते कुछ समय से जोर-शोर से प्रमोशन कर रही थीं। इस बीच अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू के दौरान बोटोक्स, कॉस्मेटिक सर्जरी को लेकर बात की है। इस दौरान उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में होने के कारण अच्छा दिखने के दबाव को लेकर भी बात की है। अभिनेत्री ने कहा कि वह कॉस्मेटिक बदलाव करवाने वाले लोगों को लेकर कोई राय नहीं बनातीं। हालांकि, वह नहीं चाहती हैं कि युवा लड़कियां हर समय परफेक्ट दिखने का दबाव महसूस करें। फिल्मफेयर के साथ एक इंटरव्यू के दौरान, कृति सेनन ने कहा, मैं इसे लेकर बिल्कुल भी कोई राय नहीं बनाती। हर किसी का अपना-अपना तरीका होता है। अगर आप अपने किसी अंग को बदलकर ज्यादा आत्मविश्वास महसूस करते हैं, तो यह आप पर निर्भर करता है। ये फिर पूरी तरह से आपका फैसला है। आपको उस फैसले के साथ, जो भी होता है उसका सामना करना होगा। यह आपकी ज़िंदगी है, आपका शरीर है, आपका चेहरा है। अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं इसके बारे में जजमेंट महसूस नहीं करती, लेकिन हां, मैं समझती हूं कि मैं नहीं चाहती कि युवा लड़कियां हर समय परफेक्ट दिखने का दबाव महसूस करें। दो पत्ती अभिनेत्री ने कहा कि वह खूबसूरती से उम्र बढ़ाना चाहती हैं और अपना ख्याल रखना चाहती हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वो फिल्टर जोन से दूर रहना चाहती हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम मानसिक रूप से अपने साथ जो कुछ भी कर रहे हैं, उसका असर आपके चेहरे पर भी दिखता है। इसलिए, आपको अपने हर तरह से स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए। मैं हमेशा ऐसी तस्वीरें नहीं डालना चाहती, जिनमें मैं बिल्कुल परफेक्ट दिखूं। मैं जानबूझकर फिल्टर जोन से दूर जाना चाहती हूं।

बात करें कृति की हालिया रिलीज फिल्म दो पत्ती की, तो इस फिल्म में काजोल, कृति सनोन और शहीर शेख मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। यह फिल्म कृति की प्रोडक्शन कंपनी की पहली फिल्म है। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कृति दोहरी भूमिका में हैं, जबकि काजोल एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं, जो एक हत्या के प्रयास के मामले को सुलझाने के लिए निकलती है।

## सिंघम अगेन से भूल भुलैया 3 के क्लैश पर माधुरी दीक्षित की दो टूक



भूल भुलैया 3 की रिलीज की उल्टी गिनती जारी है। इस फिल्म का टकराव अजय देवगन अभिनीत फिल्म सिंघम अगेन से है। दोनों फिल्मों की रिलीज की तारीख 1 नवंबर तय की गई है। वहीं, अब मंजुलिका उर्फ माधुरी दीक्षित ने अजय देवगन की फिल्म के साथ टकराव पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। माधुरी ने कहा कि यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि कौन सी फिल्म सफल होगी या नहीं, लेकिन मुझे पता है कि हमने एक अच्छी फिल्म बनाई है। भूल भुलैया 3 पर बात करते हुए माधुरी दीक्षित ने कहा, हम सभी ने बहुत कड़ी मेहनत की है। हमने एक बहुत ही मनोरंजक फिल्म बनाने की कोशिश की है, और अभी मेरी उम्मीद बस यही है कि दर्शकों को यह पसंद आएगी। सिंघम अगेन से क्लैश पर चुप्पी तोड़ते हुए अभिनेत्री ने कहा, मूल रूप से यह दर्शकों पर निर्भर है। उन्हें यह तय करना होगा कि उन्हें कौन सा पसंद है और वे किसे देखना चाहेंगे। माधुरी यहीं नहीं रुकीं और अपनी बात में आगे जोड़ा, अंतिम परीक्षा थिएटर में है क्योंकि वहीं सबकुछ होगा जो होता है। इसलिए हम केवल बेहतरीन की आशा कर सकते हैं, और हम केवल यह कह सकते हैं कि हमारे पास एक अच्छी फिल्म है, कृपया आएं और देखें। माधुरी ने अतीत के एक ऐसे ही परिदृश्य को याद किया जब दो फिल्में दिल और बेटा एक ही समय पर रिलीज हुई थीं। उनमें भी भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन की तरह एक बड़ी स्टार कास्ट थी।



## मैं मॉल में जानबूझकर जाता था ताकि लोग पहचान सकें

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 के प्रमोशन में व्यस्त हैं। यह फिल्म इसी फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है। इसमें कार्तिक के अलावा तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित नजर आएंगी। अब हाल ही में, अभिनेता ने बताया है कि वह काम करके थक गए हैं। कार्तिक ने कहा कि वह एक ऐसी दौड़ में हैं, जिसकी कोई फिनिश लाइन नहीं है।

आइए जानते हैं कि अभिनेता ने और क्या कहा है। अभिनेता कार्तिक आर्यन ने अपनी निजी जिंदगी के बारे में बात की है, कि कैसे वह काम के लिए काफी फोकस्ड हैं और वह इससे थोड़े थक चुके हैं। इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए , कार्तिक ने बताया कि कैसे वह कभी पीछे मुड़कर नहीं देख पाते क्योंकि उनका मानना है कि वह ऐसी दौड़ में हैं, जिसका कोई अंत नहीं है।

### इस फिल्म ने अभिनेता को किया री-लॉन्च


कार्तिक ने कहा कि जब उनके पास काम नहीं था, तो वह केवल अपनी पहली फिल्म पाने के बारे में सोचते थे, लेकिन उस पल का आनंद नहीं ले पाए। उन्होंने 2011 में आई अपनी फिल्म प्यार का पंचनामा से अपनी शुरुआत की। उन्होंने कहा, मैंने बस इसे करने का फैसला किया, फिल्म रिलीज हुई, फिर दूसरी फिल्म नहीं चली और फिर सोनू के टीटू की स्वीटी ने मेरे करियर को फिर से पंख दिए, लगभग री-लॉन्च की तरह।

### काम करते-करते थक गए हैं अभिनेता

अभिनेता ने आगे कहा, सफलता, असफलता, सब कुछ होता रहा। यहां तक कि आज तक, मुझे आराम करने और सोचने का मौका नहीं मिला है कि मैं इतनी दूर आ गया हूं... मुझे बैठकर पीछे मुड़कर देखने का मौका नहीं मिला है, क्योंकि मैं ऐसी दौड़ में हूं, जिसकी कोई फिनिश लाइन नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें तब बहुत मजा आया जब पहली बार किसी ने उनसे सेल्फी के लिए पूछा और उन्हें पहचान लिया। उन्होंने यह भी कहा कि वह मॉल में जानबूझकर चलते थे ताकि लोग उन्हें पहचान सकें। कार्तिक ने यह भी कहा कि यह भी मेरे लिए काम है, यह बिल्कुल भी दिखावा नहीं है।

### वर्कहॉलिक हैं कार्तिक आर्यन

इंटरव्यू में आगे जब कार्तिक से पूछा गया कि उन्होंने अपने पहले ब्रेक का आनंद क्यों नहीं लिया, तो अभिनेता ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं खुद को वह समय दे पा रहा हूं, क्योंकि मैं हमेशा काम के बारे में सोचता रहता हूं, आगे का रास्ता, मैंने क्या नहीं किया, क्या गलत हुआ, क्या सही है। मैं लंबे समय से उस स्थिति में हूं। मुझे लगता है कि मुझे अपने लिए भी समय चाहिए, मैं इससे थोड़ा थक गया हूं। बस लगातार काम करते रहने से। लेकिन बात यह है कि मैं काम के अलावा और कुछ नहीं जानता। मैंने कोशिश की है, लेकिन यह मेरे लिए काम नहीं करता। मैं एक वर्कहॉलिक हूं।



## एक्शन-रोमांस और थ्रिलर का भरपूर डोज लेकर आ रहे हैं वरुण धवन

वरुण धवन इन दिनों अपनी आगामी एक्शन ड्रामा वेब सीरीज सिटाडेल- हनी बनी को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इसके अलावा वरुण कई आगामी प्रोजेक्स में भी नजर आएंगे। आइए एक नजर डालते हैं वरुण की आगामी सीरीज और फिल्मों को लेकर।

वरुण धवन इस साल कई फिल्मों को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। वरुण की आगामी वेब सीरीज और फिल्मों में सबसे पहले वरुण की सीरीज सिटाडेल हनी बनी रिलीज होगी। सिटाडेल- हनी बनी का प्रीमियर 7 नवंबर को विशेष रूप से भारत में प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। वरुण के साथ इस एक्शन ड्रामा सीरीज में समांथा रुथ प्रभु नजर आएंगी। सीरीज में सामंथा और वरुण के अलावा के के मेनन, सिमरन बग्गा और एम्मा कैनिंग भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह मूल रूप से सिटाडेल सीरीज का प्रीक्वल है।

### बेबी जॉन

अब बात करते हैं वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन की। बेबी जॉन एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो कैलीस द्वारा निर्देशित और जियो स्टूडियो, सिने1 स्टूडियो और ए फॉर एप्पल प्रोडक्शंस के तहत एटली, मुराद खेतानी और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। यह फिल्म एटली की तमिल फिल्म थेरी की आधिकारिक रीमेक है। इसमें वरुण के साथ कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ के साथ वरुण मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

### बॉर्डर 2

सनी देओल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक बॉर्डर का सीक्वल बन रहा है। बॉर्डर 2 में वरुण धवन होंगे इसकी आधिकारिक घोषणा भी हो चुकी है। सनी देओल ने इसकी पहली झलक दिखाई है, जिसमें वरुण धवन की आवाज सुनने को मिल रही है। वीडियो में वह कहते हैं, दुश्मन की हर गोली से जय हिंद बोलकर टकराना हूं, जब धरती मां बुलाती है, सब छोड़कर आता हूं। पोस्ट में आगे बताया गया कि फिल्म 23 जनवरी, 2026 को गणतंत्र दिवस के दौरान रिलीज होने वाली है।

### सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी

सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी एक आगामी बॉलीवुड रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो शशांक खेतान द्वारा लिखित और निर्देशित और करण जौहर द्वारा निर्मित है। इसमें वरुण धवन और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी सनी (वरुण धवन) और तुलसी कुमारी (जाह्नवी कपूर) के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो दो बिल्कुल अलग व्यक्तित्व के लोग हैं। सनी एक मस्ती करने वाला और लापरवाह लड़का है, जबकि तुलसी एक संस्कारी और गंभीर लड़की है। नियति उन्हें एक साथ लाती है, और वे प्यार में पड़ जाते हैं।

## श्री श्री रविशंकर का किरदार निभाएंगे विक्रांत मैसी!



हिंदी फिल्मों में जब से विक्रांत मैसी ने कदम रखा है अलग किस्म के किरदार किए हैं। वह बतौर कलाकार अपने किरदारों के साथ खूब प्रयोग करते हैं। अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर किरदार को पर्दे पर जीवंत कर देते हैं। यही कारण है कि उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई करती हैं। साथ ही बतौर कलाकार भी उन्हें खूब तारीफें मिलती हैं। जल्द ही वह एक अलग तरह की भूमिका करते हुए नजर आएंगे। अपनी आने वाली फिल्म में वह आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर की भूमिका निभाएंगे। साल 2023 में रिलीज हुई विक्रांत मैसी की फिल्म 12वीं फेल को खूब सराहा गया। वहीं इसी साल रिलीज हुई विक्रांत की फिल्म सेक्टर 36 भी बहुत चर्चित रही। यह फिल्म नोएडा के निठारी कांड से प्रेरित रही। जिस तरह से विक्रांत ने इन फिल्मों में अपने किरदार निभाए हैं, उससे यह तो उम्मीद की जा सकती है कि वह श्री श्री रविशंकर की बायोपिक के साथ भी पूरा न्याय करेंगे।




# धनतेरस पर नरम रहेगी सोने की बिक्री हल्के आभूषणों की उठने लगी है मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कीमतों के रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने की वजह से इस बार धनतेरस पर देशभर में सोने की बिक्री नरम रह सकती है इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के महासचिव सुरेंद्र मेहता ने बताया, शादियों का सीजन होने के बावजूद इस धनतेरस सोने की बिक्री पिछले साल के मुकाबले 15-18 फीसदी कम रह सकती है। पिछले धनतेरस पर करीब 42 टन और 2022 में 39 टन सोना बिका था।

मेहता ने बताया, पिछले साल धनतेरस की तुलना में इस बार सोने में करीब 31 फीसदी की तेजी देखी गई है। पिछले धनतेरस के दिन सोना 61,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआ था, जबकि 23 अक्तूबर, 2024 को कीमत रिकॉर्ड 81,500 रुपये पहुंच गई थी।

मेहता ने बताया, धनतेरस पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है। इसलिए, आसमान छूती कीमतों के बावजूद लोग खरीदारी जरूर करेंगे। लेकिन, शादियों का सीजन होने के बावजूद पिछले धनतेरस के उलट इस बार हल्के आभूषणों की मांग



अधिक है। ऑल इंडिया जेम्स एंड जूलरी डोमेस्टिक काउंसिल के चेयरमैन संयम मेहरा ने कहा, उत्तर भारत में मांग ज्यादा दिख रही है। 14 से 18 कैरेट वाले सोने के आभूषण अधिक बिक रहे हैं।

## मूल्य के लिहाज से वृद्धि संभव

सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुवनकर सेन ने कहा, पिछले धनतेरस की तुलना में इस साल मात्रा के लिहाज से बिक्री में कम-से-कम 10-12 फीसदी की गिरावट आ सकती है। हालांकि, मूल्य के हिसाब से बिक्री में करीब 12-15 फीसदी की वृद्धि देखने को मिल सकती है। पीएन गाडगिल के प्रबंध निदेशक सौरभ गाडगिल ने कहा, मात्रा के लिहाज से उद्योग के पिछले साल के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के क्षेत्रीय सीईओ (भारत) सचिन जैन का कहना है कि कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बावजूद ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि त्योहारों के कारण सोने की खरीदारी में फिर से उछाल आया है। दूसरी तिमाही के दौरान ग्राहकों की अच्छी संख्या को देखते हुए उद्योग त्योहारों में बिक्री को लेकर आशान्वित है। त्योहारों के लिए पहले से मिलने वाले ऑर्डर भी अच्छे दिख रहे हैं।

## 15 दिनों से बढ़ी है इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की मांग

रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (राई) के सीईओ कुमार राजगोपालन का कहना है कि इस धनतेरस लोग सोने-चांदी के अलावा इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। स्मार्टफोन, टीवी और फ्रीज की बिक्री में अधिक तेजी देखी जा रही है। हालांकि, इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की यह मांग पिछले 15 दिनों से ही बढ़ी है। कुल मिलाकर, इस बार इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की बिक्री में पिछले साल की तुलना में 10-12 फीसदी की बढ़ोतरी उम्मीद है।

# वैश्विक भुगतान में अमेरिकी डॉलर की अहम भूमिका, यूरो में गिरावट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक भुगतान में अमेरिकी डॉलर की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो 12 वर्षों में सबसे अधिक है। हाल ही में एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। स्विफ्ट रिपोर्ट के डेटा के अनुसार, पिछले दो वर्षों में अमेरिकी डॉलर का अंतरराष्ट्रीय भुगतान लेन-देन में उपयोग 9 प्रतिशत अंक बढ़ गया है। इस दौरान यूरो की हिस्सेदारी 939 प्रतिशत से घटकर 921 प्रतिशत पर आ गई है, जो कि एक दशक में सबसे कम है।

इसलिए, अमेरिकी डॉलर वैश्विक मुद्रा के रूप में अपनी प्रमुखता बनाए रखे हुए है और यह स्थिति स्पष्ट है कि इस मामले में कोई अन्य मुद्रा इसकी तुलना में नहीं आ पा रही है। यूरो की घटती हिस्सेदारी के पीछे विभिन्न आर्थिक और राजनीतिक कारण हो सकते हैं, जिनमें यूरोपीय संघ की आर्थिक स्थिरता, व्यापार संतुलन और अन्य अंतरराष्ट्रीय घटनाएं शामिल हो सकती हैं।

# अमेजन डाट इन के साथ अपने दिवाली त्योहार को करें रोशन

**बेंगलुरु, एजेंसी।** पार्टी के लिए एकदम सही चीजों के साथ अपने दिवाली त्योहार को इस बार सही रूप में यादगार बनाएं। चाहे आप पार्टी बीट्स की खोज कर रहे हों या दिवाली गेट-टुगेदर के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं, अमेजन डाट इन पर सैमसंग गैलेक्सी द्वारा प्रायोजित और सोनी प्लेस्टेशन द्वारा सह-प्रयोजित दिवाली स्टोर आपको हर वो चीज उपलब्ध कराएगा जिसकी आपको जरूरत है। अमेजन डाट इन पर दिवाली स्टोर को एक्सप्लोर करें और पार्टी के लिए जरूरी उत्पादों पर रोमांचक ऑफर्स हासिल करें। आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एचएसबीसी बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड ट्रांजैक्शन और क्रेडिट कार्ड ईएमआई पर 10 प्रतिशत या 9,000 रुपए तक की बचत करें। अमेजन डाट इन की ओर से सोच-समझकर बनाए गए विशेष ऑफर्स के साथ दिवाली मनाएं, जिसे इस त्योहारी सीजन को वास्तव में खास बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

# थर्ड पार्टी निर्माण कार्य के दौरान थिंक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

**भोपाल।** भोपाल में भोजपुर रोड के पास आरआरजी टाउनशिप कॉलोनी में थर्ड पार्टी द्वारा किए गए निर्माण कार्य के दौरान थिंक गैस की एमडीपीई पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। सोसाइटी से कॉल आने के बाद थिंक गैस की टीम और आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन (ईआरवी) तुरंत मौके पर पहुंचे और पाया कि सोसायटी के बिल्डर द्वारा थिंक गैस को बिना किसी पूर्व सूचना के किए गए निर्माण के कारण लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। परिणामस्वरूप, लगभग 50 घरों में गैस की आपूर्ति बाधित हो गई। थिंक गैस की टीम ने लाइन की मरम्मत की और घरों में गैस की आपूर्ति फिर से शुरू की। इस तरह के नुकसान से न केवल ग्राहकों को गैस की आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि जान-माल को भी खतरा होता है। अनुरोध है कि खुदाई करने से पहले थिंक गैस को उसके ग्राहक सेवा केंद्र पर सूचित करें ताकि खुदाई योजनाबद्ध तरीके से की जा सके। ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता है। गैस पाइपलाइन को नुकसान पहुँचाने का कृत्य स्पष्ट रूप से पेट्रोलियम और खनिज पाइपलाइन (भूमि में उपयोगकर्ता के अधिकार का अधिग्रहण) अधिनियम, (पीएमपी अधिनियम) 1962 की धारा 15(1) और (2) के साथ-साथ आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत अपराध की श्रेणी में आता है।

# टाटा प्ले बिंज है आपकी दिवाली का मनोरंजन का साथी

**मुंबई, एजेंसी।** देश में दिवाली की जगमगाती रोशनी, आतिशबाजी और मिठाई के बीच बॉलिवुड के दो सबसे बड़े सितारों, शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय बच्चन के जन्मदिन आ रहे हैं, जो त्योहारों की खुशी को और ज्यादा बढ़ा देंगे। रोमांस के बादशाह, शाहरुख खान और सौंदर्य की प्रतिमा, ऐश्वर्या राय ने सिनेमा स्क्रीन पर अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा है और दर्शकों के दिलों पे राज किया है। यादगार रोमांटिक फिल्मों से लेकर पुरस्कार विजेता प्रदर्शनों तक उन्होंने भारतीय सिनेमा में एक अलग पहचान बनाई और विश्व में एक विरासत स्थापित की। त्योहारों की खुशी के बीच टाटा प्ले बिंज इन दो महान कलाहारों का जन्मदिन क्रमशः 1 और 2 नवंबर को मना रहा है,

# टाटा ट्रस्ट के खर्चों में कटौती का प्लान आया सामने, दो बड़ी पोस्ट हो जाएंगी खत्म!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ट्रस्ट इस समय बड़े बदलावों से गुजर रहा है। जहां एक तरफ रतन टाटा के देहांत के बाद उनके सौतेले भाई नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट की कमान मिल गई है। वहीं, दूसरी तरफ टाटा ट्रस्ट अपने मैनेजमेंट और ऑपरेशनल खर्चों में कटौती करने जा रहा है। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

रिपोर्ट के अनुसार टाटा ट्रस्ट चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर की पोस्ट को खत्म करेगा। इसके अलावा, बाहरी कंसल्टेंसी सर्विसेज को भी घटाने की योजना है। बता दें कि मामले की जानकारी रखने वाले व्यक्ति के अनुसार खर्चों में होने वाली इस कटौती की प्रक्रिया की शुरुआत नोएल टाटा के कमान मिलने से पहले ही हो गई थी। टाटा ट्रस्ट के खर्चों में कटौती का फैसला इंटरनल ऑडिट और फाइनेंशियल रिव्यू के बाद लिया जा रहा है। इस रिपोर्ट में यह सामने आया था कि



स्टाफ पर होने वाले खर्चों में करीब 180 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। 2022 से पहले डायरेक्ट इंप्लीमेंट प्रोजेक्ट्स जैसे अतिरिक्त खर्चों को जोड़कर कुल खर्च 400 करोड़ रुपये पहुंच गया था।

टाटा ट्रस्ट मैनेजमेंट के रोल को कम करने की प्रक्रिया में है। इस फैसले की वजह टाटा ट्रस्ट को मूल्य हैं। जिनका मानना है कि पैसा अपने स्टाफ की जगह जरूरतमंद लोगों के लिए खर्च करना ज्यादा महत्वपूर्ण है। एक व्यक्ति ने कहा, टाटा ट्रस्ट पब्लिक के एक सेवक के तौर पर काम करता है। यह सेवा पब्लिक के लिए है। ना कि अपने खुद के स्टाफ पर पैसा खर्च किया जाए। हमें अधिक खर्च पर बड़े पोस्ट की आवश्यकता नहीं है। बता दें कि टाटा ट्रस्ट के पास अपने सीनियर फाइनेंस एक्सपर्ट्स और इंटरनल टैलेंट हैं। जो अकाउंट्स और आपरेशन्स को अच्छे से मैनेज कर सकते हैं।

## टाटा ग्रुप की कमान है टाटा ट्रस्ट के पास

टाटा ग्रुप को होल्ड करने वाली कंपनी टाटा संस में टाटा ट्रस्ट की कुल होल्डिंग 66 प्रतिशत की है। इनमें से भी ज्यादातर हिस्सा 2 ट्रस्ट के पास है। 11 अक्टूबर को नोएल टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन बनाए गए थे। वो पहले से ही सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट के सदस्य थे। रतन टाटा की अगुवाई में टाटा ट्रस्ट पर नजर रखने के लिए कार्यकारी समिति बनाई गई थी। इस कमेटी में नोएल टाटा, मेहली मिस्त्री, वेणु श्रीनिवासन और विजय सिंह हैं।

# आईसीआईसीआई बैंक के नतीजों से गदगद ब्रोक्रेज ने बढ़ाया टार्गेट प्राइस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के दूसरे सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर के बैंक ने आज के शुरुआती कारोबार में 3.1 प्रतिशत से उछलकर 1294.55 रुपये चढ़ गया। शेयर में आई इस तेजी के पीछे आईसीआईसीआई बैंक के सितंबर तिमाही के नतीजे हैं, जिन्होंने एक्सपर्ट्स के अनुमानों को पार कर लिया और विश्लेषकों को स्टॉक के लिए अपने टार्गेट प्राइस को बढ़ाने के लिए मजबूर कर दिया। लाइव मिंट के मुताबिक घरेलू ब्रोकरेज फर्म नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने कहा कि आईसीआईसीआई



बैंक के दूसरी तिमाही के नतीजे धीमी जमा वृद्धि और बिगड़ती एसेट क्वालिटी जैसे सेक्टर-वाइज दबावों से अलग हैं। बारीक, हाई क्वालिटी एसेट्स पर एक मजबूत फोकस बनाए रखते हुए, आईसीआईसीआई ने एक फलेक्सिबल बैलेंस शीट बनाई है जिसने बैंक को वित्त वर्ष 21 के बाद से प्रत्येक तिमाही में लगातार मजबूत परिणाम देने में सक्षम बनाया है। ऐसे में ब्रोकरेज ने स्टॉक पर अपनी बाय रेटिंग बरकरार रखी, जिससे इसका टारगेट प्राइस पहले के 1,450 रुपये से बढ़कर 1,470 रुपये प्रति शेयर हो गया।

इसी तरह प्रभुदास लीलाधर ने अपनी बाय रेटिंग को रिपीट किया और व्यापक अनसिक्योर्ड लोन सेगमेंट में तनाव के बीच आईसीआईसीआई के मजबूत प्रदर्शन को देखते हुए अपना लक्ष्य मूल्य 1,520 रुपये से बढ़ाकर 1,640 रुपये कर दिया। आईसीआईसीआई बैंक के लिए कुल 40 एनॉलिस्टों में से 36 ने खरीदारी की सलाह दी है। इनमें से 20 ने स्ट्रोंग बाय की सिफारिश की है।

# यस बैंक के तिमाही नतीजों का दिखा कमाल, शेयरों में करीब 10 प्रतिशत की उछाल, एक्सपर्ट बुलिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दूसरी तिमाही के नतीजे घोषित करने के बाद यस बैंक के शेयरों की कीमतों में आज तेजी देखने को मिली है। इस प्राइवेट बैंक के शेयरों का भाव बीएसई में करीब 10 प्रतिशत चढ़ गया है। बता दें, 26 अक्टूबर को दिन शनिवार को यस बैंक की तरफ से तिमाही नतीजों का ऐलान किया गया था। आइए जानते हैं कि एक्सपर्ट्स यस बैंक को लेकर क्या सलाह दे रहे हैं। बीएसई में सोमवार को यस बैंक के शेयर बढ़त के साथ 20.40 रुपये के लेवल पर खुले। कंपनी के शेयर कुछ ही देर में 9.74 प्रतिशत की तेजी के साथ 21.29 रुपये (सुबह 9.30 मिनट तक) के लेवल तक पहुंच गए। एक्सपर्ट्स के अनुसार यस बैंक ने सालाना आधार पर मजबूत प्रदर्शन किया है। जिसकी वजह से कंपनी के शेयर डिमांड में हैं। ब्रोकरेज फर्म चॉइस ब्रोकिंग से जुड़े सुमित बगाडिया कहते हैं, यस बैंक के शेयरों को तत्कालिक सपोर्ट 18 रुपये पर है।

# हारी सीजन में झूमेगा बाजारः 30 फीसदी बढ़ेगी इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की बिक्री, एआई लैस उत्पादों की मांग अधिक


**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्योहारी सीजन में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की बिक्री पिछले साल की तुलना में 30 फीसदी तक बढ़ने की उम्मीद है। धनतेरस वाले सप्ताह में ऑफलाइन माध्यमों से भी बिक्री के जोर पकड़ने की उम्मीद है। उद्योग जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि त्योहारी सीजन में प्रीमियम यानी महंगे उत्पादों की मांग अधिक है। लोग ऊर्जा दक्षता, उच्च क्षमता और बड़े आकार वाले टीवी, फ्रीज खरीदने के लिए अतिरिक्त भुगतान करने को तैयार हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आईओटी प्रौद्योगिकी संचालित उत्पादों में भी रुचि दिखा रहे हैं।

उद्योग निकाय उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एवं उपकरण निर्माता संघ (सिएमा) ने कहा, सभी श्रेणियों की बिक्री में अच्छी वृद्धि देखने को मिल रही है। गोदरेज अप्लायंसेज के कारोबार प्रमुख कमल नंदी ने कहा, अच्छे मानसून की वजह से त्योहारी बिक्री में तेजी आई है। अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स मंचों पर त्योहारी बिक्री के दौरान हमने पिछले साल की तुलना में 70 फीसदी से अधिक की प्रभावशाली वृद्धि हासिल की है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (घरेलू उपकरण) संजय चितकारा ने कहा, वॉशिंग मशीन और फ्रिज के प्रीमियम उत्पादों की मांग बढ़ी है।

# सैमसंग ने भारत में सैमसंग हैल्थ के लिए नया मेडिकेशंस ट्रैकिंग फीचर लॉन्च किया

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने अपने सैमसंग हेल्थ ऐप2 में मेडिकेशंस ट्रैकिंग फीचर1 को जोड़ा है। इससे यूजर्स को उनके स्वास्थ्य को ज्यादा बेहतर ढंग से मैनेज करने में मदद मिलेगी।

यह फीचर न केवल यूजर्स को उनकी निर्धारित या ओवर-द-काउंटर दवाओं पर नजर रखने में मदद करेगा, बल्कि महत्वपूर्ण चिकित्सा जानकारी और टिप्स भी मुहैया कराएगा। यह फीचर उन लोगों के लिए समय पर दवा लेने की निरंतरता पर निगरानी रखने में मदद कर सकता है, जो हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, पीसीओएस, पीसीओडी और अन्य पुरानी बीमारियों की वजह से लंबे समय से दवा ले रहे हैं और जिन्हें समय पर दवा लेने की आवश्यकता होती है। सैमसंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, नोएडा के मैनेजिंग डायरेक्टर




क्यूंगयून रू ने कहा, सैमसंग एक ऐसा ब्रांड है जो अपने ग्राहकों को सबसे अधिक महत्व देता है और उनकी रोजाना की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए लगातार उत्पादों और सेवाओं पर काम करता है। हम डिवाइसेस और सेवाओं को जोड़कर लोगों को उनके स्वास्थ्य को बेहतर ढंग से समझने और उसे मैनेज करने के लिए एक संपूर्ण हेल्थ प्लेटफॉर्म बनाना चाहते हैं। सैमसंग हेल्थ ऐप में भारत के लिए मेडिकेशन फीचर के जुड़ने के बाद हमारा मानना है कि यूजर्स अपनी दवाओं को अधिक आसानी से मैनेज करेंगे, समय पर दवा लेंगे और आखिरकार अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाएंगे।

मेडिकेशन फीचर सैमसंग की अनुसंधान एवं विकास, डिजाइन और उपभोक्ता अनुभव टीमों के बीच सहयोगात्मक कोशिशों का नतीजा है, जिसे भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। सैमसंग हेल्थ ऐप में चुनिंदा दवा का नाम दर्ज करने पर, मेडिकेशन फीचर यूजर्स को सामान्य विवरण के साथ-साथ इसके संभावित दुष्प्रभावों सहित विस्तृत जानकारी प्रदान करेगा।

इसके अलावा, नए फीचर से ड्रग-टू-ड्रग इंटरैक्शंस से होने वाले रिएक्शंस और अन्य प्रासंगिक सुरक्षा मार्गदर्शन के बारे में जानकारी मिलेगी। यूजर सैमसंग हेल्थ ऐप के माध्यम से यह याद दिलाने के लिए अलर्ट सेट कर सकते हैं कि उन्हें कब दवाएं लेनी हैं और कब उन्हें दोबारा भरना है।

सैमसंग हेल्थ जेंटल से स्ट्रॉन्ग रिमाइंडर्स के साथ इन अलर्ट को यूजर अपनी जरूरतों के मुताबिक बदला जा सकता है ताकि यूजर के लिए उनके महत्व के आधार पर दवाओं को प्राथमिकता दी जा सके। गैलेक्सी वॉच यूजर्स को सीधे उनकी कलाई पर रिमाइंडर भी प्राप्त होंगे ताकि वे अपने फोन से दूर होने पर भी अपने दवा शेड्यूल कर सकें।

# जी जी इंजीनियरिंग लिमिटेड ने वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में शानदार आय की रिपोर्ट पेश की

**मुंबई, एजेंसी।** जी जी इंजीनियरिंग लिमिटेड जो इंफ्रास्ट्रक्चरल और स्ट्रक्चरल स्टील और इंजीनियरिंग उत्पादों की अग्रणी कंपनी है, ने 23 अक्टूबर 2024 को अपनी बोर्ड बैठक में 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी।

30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी की आय में 44.33 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 7,324.12 लाख रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 10,570.96 लाख रुपये हो गया। एबिटा में 1028.75 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 126.57 लाख रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 1,428.66 लाख रुपये हो गया। एबिटा




मार्जिन वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के 1.73 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 13.39 प्रतिशत हो गया। शुद्ध लाभ में 1300.11 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 75.31 लाख रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 1,054.42 लाख रुपये हो गया। 30 सितंबर 2024 को समाप्त छमाही के लिए, आय में 90.31 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही में 9,218.79 लाख रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में 17,544.03 लाख रुपये हो गया। एबिटा में 606.59 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही में 179.60 लाख रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में 1,269.04 लाख रुपये हो गया। एबिटा मार्जिन वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही के 1.96 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में 7.16 प्रतिशत हो गया। शुद्ध लाभ में 741.17 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही में 109.20 लाख रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में 918.56 लाख रुपये हो गया। शुद्ध लाभ मार्जिन वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में 399 बीपीएस से बेहतर हुआ।

2006 में स्थापित, जी जी इंजीनियरिंग लिमिटेड ने इंफ्रास्ट्रक्चरल और स्ट्रक्चरल स्टील तथा इंजीनियरिंग उत्पादों के क्षेत्र में उत्कृष्टता स्थापित की है। गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और सटीकता पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए, कंपनी ने उद्योग में अपनी एक विशेष पहचान बनाई है। कंपनी के उत्पाद विभिन्न उद्योगों जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर, कंस्ट्रक्शन, मेगा प्रोजेक्ट्स, आधुनिक भवन, उच्च-आवासी और व्यावसायिक परियोजनाओं, इंजीनियरिंग सेट-अप्स में इस्तेमाल होते हैं। कंपनी का लक्ष्य अपने उत्पादों और प्रथाओं के माध्यम से एक अधिक सशक्त और पर्यावरणीय जिम्मेदार भविष्य का निर्माण करना है। विश्वास, विश्वसनीयता और उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता के साथ, जी जी इंजीनियरिंग लिमिटेड अपने हितधारकों और वैश्विक समुदाय के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करता आ रहा है।

# न्यूजीलैंड से हार के बाद गौतम गंभीर नहीं जाएंगे साउथ अफ्रीका? लक्ष्मण जाएँगे हेड कोच बनकर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड से मिली दो मैचों में शर्मनाक हार के बाद गौतम गंभीर को लेकर बड़ी खबर है। क्रिकबज की रिपोर्ट की मानें तो टीम इंडिया के हेड कोच साउथ अफ्रीका दौरे पर नहीं जाएंगे। उनकी जगह वीवीएस लक्ष्मण भारत के दक्षिण अफ्रीका के छोटे दौरे के लिए मुख्य कोच होंगे। वह मौजूदा राष्ट्रीय कोच गौतम गंभीर की जगह लेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक शीर्ष अधिकारी ने क्रिकबज को इस फैसले की पुष्टि की।



चार मैचों की यह सीरीज पहले तय नहीं थी। हाल ही में बीसीसीआई और क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने इसे कराने का फैसला किया। भारत 8, 10, 13 और 15 नवंबर को क्रमशः डरबन, गेबेरा, सेंचुरियन और जोहानिसबर्ग में 4 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। टीम 3 नवंबर के आसपास रवाना होगी। दूसरी ओर, बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम 10-11 नवंबर को रवाना होगी। ऐसे में गौतम गंभीर टीम इंडिया के साथ बीजीटी मिशन पर रहेंगे, जो भारत के लिए महत्वपूर्ण है।

बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में काम करने वाले कर्मचारी और अन्य कोच, जैसे साईराज बहुतुले, ऋषिकेश कानिटकर और सुभादीप घोष, लक्ष्मण के अधीन कोचिंग स्टाफ का हिस्सा होंगे। बहुतुले (मुख्य कोच), कानिटकर (बल्लेबाजी कोच) और घोष (फील्डिंग कोच) भारत की उभरती हुई टीम का हिस्सा थे, जिसने ओमान में एशिया इमर्जिंग कप टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। सौराष्ट्र के सीतांशु कोटक और केरल के मजहर मोइदु, दोनों एनसीए से जुड़े हैं, रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली भारत ए टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया गए हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 25 अक्टूबर (शुक्रवार) को चार टी20 मैचों के लिए सूर्यकुमार यादव की अगुआई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत के घरेलू सत्र के बीच में दक्षिण अफ्रीका के दौरे को शेड्यूल करने की कुछ आलोचना हुई थी। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने एक आर्टिकल में लिखा था- अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले दक्षिण अफ्रीका में चार मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी।

अगले महीने ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली 'ए' टीम भी होगी, इसलिए प्रभावी रूप से लगभग 50 से 60 खिलाड़ी प्रीमियर राष्ट्रीय टूर्नामेंट, रणजी ट्रॉफी में अपनी राज्य टीमों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। इस दौरे का एक सकारात्मक पहलू यह है कि यह आईपीएल नीलामी से पहले हो रहा है, चार मैच इस बात का संकेत दे सकते हैं कि फ्रैंचाइजी किस पर पूरी तरह से दांव लगा रही हैं।

### भारतीय टी20 टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान)
अभिषेक शर्मा
संजू सैमसन (विकेट कीपर)
रिंकू सिंह
तिलक वर्मा
जितेश शर्मा (विकेट कीपर)
हार्दिक पंड्या
अक्षर पटेल
रमनदीप सिंह
वरुण चक्रवर्ती
रवि बिश्नोई
अर्शदीप सिंह
विजयकुमार वैशाक
आवेश खान
यश दयाल

# महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम की घोषणा

## सलीमा टेटे को कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार के नवनिर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में 11 से 20 नवंबर तक होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सलीमा टेटे की अगुवाई में सोमवार को 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की गई। नवनीत कौर को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। भारत ने पिछले साल रांची में हुए आयोजन में खिताब जीता था लेकिन उसके बाद से टीम के प्रदर्शन में गिरावट आई है।

इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में टीम को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड सहित पांच अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 11 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ करेगा। टीम के चयन और टूर्नामेंट के लिए उनकी तैयारी पर मध्य पंक्ति की खिलाड़ी सलीमा ने कहा, 'एक और बड़े टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करना एक शानदार एहसास है। हम गत चैम्पियन के रूप में टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। यह इसे और भी खास बनाता है।

उन्होंने कहा, 'हमने कड़ी ट्रेनिंग की है। हमारे पास अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के साथ एक मजबूत टीम है। हमारा लक्ष्य अपने खिताब की रक्षा करना और उसी जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ खेलना है जो हमने पिछले साल दिखाया था। टीम में गोलकीपर की भूमिका अनुभवी सविता और उभरती प्रतिभा बिचू देवी खारीबाम साझा करेंगी। रक्षापंक्ति की जिम्मेदारी उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम और वैष्णवी विट्ठल फाल्के के पास होगी। मध्यपंक्ति में टेटे का साथ नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, और लालरेम्सियामी टीम को मजबूती प्रदान करेंगी।



### भारतीय टीम

**गोलकीपर** – सविता, बिचू देवी खारीबाम।
**डिफेंडर** – उदिता, ज्योति, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुशीला चानू पुखरामबम, इशिका चौधरी।
**मिडफील्डर** – नेहा, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, लालरेम्सियामी।
**फॉरवर्ड** – नवनीत कौर, प्रीति दुबे, संगीता कुमारी, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग।

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, प्रीति दुबे और ब्यूटी डुंगडुंग टीम की मारक क्षमता को बढ़ाएंगी। सुशीला और ब्यूटी चोट से उबरने के बाद टीम से वापसी कर रही है। भारतीय उपकप्तान नवनीत ने कहा, 'हमें अपनी तैयारी और एक दूसरे के साथ पर भरोसा है। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलना उत्साहजनक है और हम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, सलीमा के साथ खेलने का अनुभव बहुत अच्छा रहा और हम इस टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# आईपीएल 2025 के लिए पूरन सहित इन प्लेयर्स को रिटेन कर सकता है लखनऊ सुपर जायंट्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरन, भारतीय सितारे मयंक यादव और रवि बिश्नोई और मोहसिन खान और आयुष बदोनी



की अनकैप्ड जोड़ी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) द्वारा रिटेन किए जाने की संभावना है। बल्लेबाज केएल राहुल को रिटेन किए जाने की संभावना नहीं है, दोनों पक्षों द्वारा अंतिम समय में मन बदलने को छोड़कर, एलएसजी के पास नीलामी में एक राइट-टू-मैच (आरटीएम) कार्ड होगा।

इन पांच सितारों को किस राशि के लिए साइन किया गया है, इसकी सटीक राशि अभी तक पता नहीं चली है, लेकिन आईपीएल के रिटेंशन स्लैब के आधार पर एलएसजी के पर्स से 51 करोड़ रुपए काट लिए जाएंगे। यदि भुगतान की गई राशि इससे अधिक है, तो प्रत्येक फ्रैंचाइजी को अपनी टीम बनाने के लिए दिए गए 120 करोड़ रुपए के पर्स से अधिक राशि काट ली जाएगी।

शीर्ष रिटेंशन पूरन होंगे, उसके बाद मयंक और बिश्नोई का नम्बर आएगा। 2024 के आईपीएल में 14 मैचों में 499 रन और तीन अर्द्धशतक के साथ बाएं हाथ का यह खिलाड़ी रन-स्कोरिंग चार्ट में केवल केएल (14 मैचों में चार अर्द्धशतक के साथ 520 रन) से पीछे था और इस साल टी20 क्रिकेट में हावी रहा है, जिसमें 68 मैचों में एक शतक और 15 अर्द्धशतक के साथ 160.90 की स्ट्राइक रेट से 2,251 रन हैं। वह पहले हाफ के दौरान अंतरिम कप्तान और विकेटकीपर भी थे, जब केएल चोट के कारण बाहर हो गए थे।

# पाकिस्तान में विश्व विजेता कोच की बेइज्जती...

## 6 महीने के अंदर कर्स्टन को छोड़ना पड़ा पद

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने अपनी नियुक्ति के छह महीने के अंदर ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों के साथ मतभेद होने के कारण उन्होंने यह फैसला किया। भारत की 2011 में वनडे विश्व कप की चैंपियन टीम के कोच रहे 56 वर्षीय कर्स्टन को पीसीबी ने इस साल अप्रैल के आखिर में मुख्य कोच नियुक्त किया था।

पीसीबी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आज घोषणा की कि जेसन गिलेस्पी अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे पर पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के कोच होंगे। गैरी कर्स्टन ने अपना



इस्तीफा सौंप दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार कर्स्टन ने पाकिस्तान की टेस्ट टीम के कोच गिलेस्पी और पीसीबी के साथ मतभेद के कारण अपना पद छोड़ा। इससे पहले पीसीबी ने टीम के चयन से जुड़े उनके अधिकार वापस ले लिए थे, जिसे मतभेद का मुख्य कारण माना जा रहा है। टीम का चयन करना अब विशेष रूप से चयन समिति का क्षेत्र है।

दक्षिण अफ्रीका का यह पूर्व बल्लेबाज पाकिस्तान की टीम से जुड़ने से पहले इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटन्स का बल्लेबाजी कोच था। पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम को तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाना है। उसकी टेस्ट टीम ने हाल में समाप्त हुई तीन मैच की श्रृंखला में इंग्लैंड को 2-1 से हराया था।

# धोनी आईपीएल 2025 में खेलेंगे या नहीं

## महान विकेटकीपर बल्लेबाज ने दिया साफ संकेत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2025 में खेल जारी रखने का संकेत देते हुए कहा कि वह खिलाड़ी के तौर पर अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल रहे हैं उसका लुत्फ उठाना चाहते हैं। धोनी ने पिछले सत्र में रुतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपने के बाद काफी निचले क्रम में बल्लेबाजी की थी। इससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थी।

आईपीएल में सभी फ्रेंचाइजी को मेगा नीलामी से पहले 31 अक्टूबर तक अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जमा करनी होगी। इस साल सीएसके द्वारा धोनी को एक अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में बरकरार रखा जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक धोनी ने गोवा में कुछ दिन पहले आयोजित एक प्रचार कार्यक्रम में कहा, 'मैं अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल सका हूं उसका आनंद लेना चाहता हूं।



उन्होंने कहा, 'मैं खेल का वैसे ही आनंद लेना चाहता हूं जैसे कि बचपन में हम शाम चार बजे बाहर जाते थे और खेलते थे, बस खेल का आनंद लेते थे। जब आप खेल को पेशेवर तौर पर खेलते हैं तो कई बार उसका लुत्फ उठाना मुश्किल हो जाता है। मैं जो भी करता हूं उसमें भावनाएं और प्रतिबद्धताएं जुड़ी होती हैं, लेकिन मैं अगले कुछ वर्षों तक खेल का आनंद लेना चाहता हूं।

पिछले सप्ताह चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कासी विश्वनाथन ने भी कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि धोनी आगामी सत्र में खिलाड़ी के तौर पर टीम का हिस्सा होंगे। धोनी ने 2023 में बाएं घुटने की सर्जरी कराने के बाद 2024 के आईपीएल सत्र के दौरान निचले क्रम में बल्लेबाजी की। भारत के पूर्व कप्तान ने बताया कि यह निर्णय मुख्य रूप से टी20 विश्व कप से पहले युवा भारतीय खिलाड़ियों को मैदान में समय बिताने का मौका देने के लिए किया गया था।

धोनी ने कहा, 'मेरी सोच सरल थी, अगर अन्य लोग अपना काम अच्छा कर रहे हैं तो मुझे ऊपरी क्रम में आने की जरूरत क्यों है। अगर आप विशेष रूप से पिछले साल (सत्र) के बारे में बात कर रहे हैं, तो टी20 विश्व कप टीम की घोषणा जल्द ही होने वाली थी। इसलिए हमें उन लोगों को मौका देना होगा राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में थे।

भारत के इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'हमारी टीम (सीएसके) में (रविंद्र) जडेजा और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी थे जिन्हें भारतीय टीम में आने के लिए खुद को साबित करने का मौके चाहिये थे। मेरे लिए इसमें कुछ भी नहीं था, कोई चयन नहीं और अन्य चीजें। इसलिए मैं (निचले क्रम में खेलते हुए) अच्छा हूं और मैं जो कर रहा था उससे मेरी टीम खुश थी।

# फिटनेट को लेकर भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने क्रिकेट फैंस और बीसीसीआई से माफी मांगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने प्रशंसकों और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से माफी मांगी है क्योंकि बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए उनकी वापसी में जल्दबाजी नहीं करने का फैसला किया है क्योंकि वह



अभी तक मैच फिटनेस हासिल नहीं कर पाए हैं।

शमी ने सर्जरी करवाने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपना 'रिहैबिलिटेशन' पूरा किया। लेकिन उनके घुटनों में सूजन के कारण उनकी वापसी की योजना में रूकावट आई। हालांकि शमी ने हाल में घोषणा की थी कि उन्हें कोई दर्द नहीं है। शमी ने इंस्टाग्राम पर अपनी ट्रेनिंग का एक वीडियो पोस्ट किया और कहा कि वह जल्द ही वापसी करेंगे।

इस 34 वर्षीय गेंदबाज ने कहा, 'मैं प्रयास कर रहा हूं और दिन-प्रतिदिन अपनी गेंदबाजी फिटनेस में सुधार कर रहा हूं। मैच के लिए तैयार होने और घरेलू लाल गेंद क्रिकेट खेलने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगा। सभी क्रिकेट प्रशंसकों और बीसीसीआई से भी माफी मांगता हूं। लेकिन बहुत जल्द मैं लाल गेंद क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हूं, आप सभी को प्यार।

शमी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने को तैयार है। उम्मीद है कि वह नवंबर के पहले सप्ताह में कर्नाटक के खिलाफ बंगाल के अगले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलेंगे। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए नहीं चुना गया।

### यूरोपियन क्लब कप शतरंज

## नोवी बोर चैस क्लब ने तीसरी बार जीता यूरोपियन चैस क्लब कप



**बनयाह , सर्बिया (एजेंसी)।** स्पेन के नोवी बोर चैस क्लब ने यूरोपियन चैस क्लब कप 2024 के 39वें संस्करण में सुपरचैस को 3.5-2.5 से मात देकर खिताब अपने नाम कर लिया। ग्रैंडमास्टर डेविड एंटोन गुइजारो ने जीएम जोर्डन वैन फॉरेस्ट को हराकर निर्णायक जीत हासिल की, जबकि बाकी पांच खेल ड्रॉ रहे। नोवी बोर की यह तीसरी ख़िताबी जीत है, इससे पहले उन्होंने 2013 और 2022 में यह खिताब जीता था। भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने 6 में से 4 अंक और पेंटाला हरिकृष्णा ने 3.5 का स्कोर किया और दोनों ही अपराजित रहे। विदित अब 2739.2 की रेटिंग के साथ विश्व में 14वें स्थान पर पहुँच गए है , अंतिम दो राउंड में विदित नें शीर्ष बोर्ड पर पहले हमवतन अर्जुन एरीगैसी और फिर डी गुकेश को ड्रॉ पर रोकते हुए अपनी टीम को जीत दिलाने में खास भूमिका अदा की ।

# इमर्जिंग एशिया कप टी20 में अफगानी बल्लेबाज की धूम

## आईपीएल 2025 ऑक्शन में दांव लगा सकती है ये 4 टीमें

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग का नया चक्र नीलामी से शुरू होगा और 10 टीमें अपनी रिटेंशन सूची को अंतिम रूप देने और फिर अपनी टीम बनाने के लिए बोली लगाने की जंग में लगेंगी। नीलामी के लिए कई बड़े नाम होंगे, जिन्हें बड़ी रकम मिलने की संभावना है। इस बीच अफगानिस्तान का एक युवा खिलाड़ी बड़ी छाप छोड़ सकता है। अफगानिस्तान के बाएं हाथ के बल्लेबाज सेदिकुल्लाह अटल मौजूदा इमर्जिंग एशिया कप टी20 में धूम मचा रहे हैं और 104 की औसत और 161 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ चार मैचों में 313 रन बनाए हैं।

उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाई हैं और अफगानिस्तान ए को टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के पास जबरदस्त बल्लेबाजी कौशल के साथ-साथ पावर-हिटिंग भी है। इसके साथ ही बड़ी पारियां खेलने की उनकी क्षमता ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। आईपीएल 2025 में चार आईपीएल टीमें जो सेदिकुल्लाह अटल को साइन करने की



दौड़ में हैं।

**लखनऊ सुपर जायंट्स** – लखनऊ को एक सलामी बल्लेबाज की जरूरत है और अगर दक्षिण अफ्रीकी को बरकरार रखा जाता है तो सेदिकुल्लाह अटल क्विंटन डी कॉक जैसे किसी खिलाड़ी के लिए बैकअप विकल्प हो सकते हैं। इस युवा खिलाड़ी में बहुत संभावनाएं हैं और एलएस उन्हें लाने पर विचार कर सकता है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** – विराट कोहली के बने रहने के साथ आरसीबी सिदिकुल्लाह अटल जैसे किसी खिलाड़ी को ला सकता है और उन्हें शीर्ष पर रख सकता है। कोहली का संतुलित दृष्टिकोण और अटल की आक्रामकता इस जोड़ी को उनके लिए एक आदर्श संयोजन बना सकती है। साथ ही, कोहली जैसे खिलाड़ी के साथ अफगान युवा खिलाड़ी खेल के बारे में बहुत कुछ सीखेंगे।

**कोलकाता नाइट राइडर्स** – केकेआर ने रहमानुल्लाह गुरबाज को अपनी टीम में शामिल किया है, लेकिन अफगान खिलाड़ी को शायद रिटेन न किया जाए। अगर नाइट्स नीलामी में गुरबाज को फिर से साइन करने में विफल रहती है, तो वे सुनील नरेन जैसे किसी खिलाड़ी के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में अटल पर नजर रख सकते हैं।

**पंजाब किंग्स** – पंजाब के पास नीलामी में सबसे बड़ी राशि होने की संभावना है और इसका मतलब है कि अगर अटल जैसे खिलाड़ी नीलामी में देर से आते हैं, तो वे अतिरिक्त पैसे दे सकते हैं। पंजाब की टीम में अस्थिर कोर के साथ, वे अटल को इसका हिस्सा बनाकर एक मजबूत इकाई बनाने की कोशिश कर सकते हैं।

# मयंक यादव की किस्मत खुल गई

## एक सीजन पहले सिर्फ 20 लाख फीस थी, अब करोड़ों में खेलेंगे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सीजन से पहले होने वाली मेगा नीलामी के लि पूरी तरह तैयार है। फ्रैंचाइजी ने अपनी कोर टीम को बरकरार रखने का फैसला किया है। यानी निकोलस पूरन, मयंक यादव और रवि बिश्नोई तो फ्रैंचाइजी रिटेन करने जा रही है जबकि कप्तान केएल राहुल की विदाई तय है। सूत्रों की माने तो विस्फोटक बल्लेबाज और विकेटकीपिंग भी जानने वाले निकोलस पूरन को कप्तानी मिलना लगभग तय है।

इस बीच मयंक यादव पर पैसों की बरसात होती दिख रही है। चंद साल के भीतर ही फ्रैंचाइजी से वह करोड़ों की फीस लेने वाले हैं। 150 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने में सक्षम मयंक यादव ने अपने पहले ही सीजन में धमाल मचाते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित किया और भारतीय टीम में जगह बना ली। चोट के बावजूद, आईपीएल 2024 के जिन चार मैच में उन्हें खेलने का मौका, मयंक ने उसमें स्टंप के परखच्चे उड़ाकर रख दिए।

**भारत के नए रफ्तार के नए सौदागर का नाम मयंक यादव** – मयंक एक सीजन पहले तक लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए सिर्फ 20 लाख रुपये में खेल रहे थे और अब उन्हें करोड़ों



रुपये मिलने वाले हैं। एलएसजी की मुख्य गेंदबाजी लाइनअप प्रतिभाशाली लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के साथ और मजबूत हुई है, जिन्हें 2022 मेगा नीलामी में अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में रिटेन किया गया था। सीजन के दौरान, बिश्नोई एलएसजी के लिए एक मैच विजेता के रूप में विकसित हुए हैं, जिससे एलएसजी को 2022 और 2023 में प्लेऑफ तक पहुंचने में मदद मिली। दरअसल, मयंक यादव ने अपनी आग उगलती गेंदों से फैंस को उमरान मलिक की याद दिला दी है, जिन्होंने 2021 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल डेब्यू करने के बाद जमकर सुर्खियां बटोरी थीं। आईपीएल 2022 में उनकी 157 किमी प्रति घंटे की स्पीड लीग के इतिहास में चौथी सबसे तेज बॉल बनी थी। मगर मयंक यादव के खेल पर नजर डाले तो उनकी गेंदों में गति के साथ-साथ नियंत्रण भी होता है। घातक तेज गेंदबाज बनने के लिए दोनों का सही कॉम्बिनेशन जरूरी है। मयंक यादव ने दिखाया है कि उनके पास दोनों हथियार हैं, यहां उमरान मलिक पर पर वह भारी पड़ते हैं।

आईपीएल 2024 में सनराजर्स हैदराबाद ने अबतक तीन मैच खेल लिए हैं, लेकिन उमरान मलिक को सिर्फ एक मुकाबले में ही मौका दिया गया, वो भी सिर्फ एक ही ओवर। जिसमें उन्होंने बिना कोई विकेट लिए 15 रन लुटाए। उमरान मलिक के आईपीएल करियर में भी धीरे-धीरे गिरावट आ रही है, उन्होंने आईपीएल 2022 में 14 मैच खेले और 22 विकेट लिए। खराब फॉर्म के कारण उन्हें आईपीएल 2023 में केवल आठ मैच खेलने को मिले, जहां 43.40 की घटिया औसत और 10.85 की इकॉनमी रेट से सिर्फ पांच विकेट मिले। ब्रायन लारा ने खुले तौर पर टीम से बाहर होने के पीछे उनकी खराब फॉर्म को कारण बताया था।

## संक्षिप्त समाचार



### बदसलूकी रोकने को यहां पुलिसकर्मियों को लगाए जाएंगे बॉडी कैमरे, होगी रिकॉर्डिंग

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** भुवनेश्वर-कटक में अब पुलिस थानों के रिसेप्शन पर काम करने वाले कर्मचारियों को बॉडी कमैरे पहनने होंगे। जानकारी के मुताबिक पुलिसकर्मियों, अन्य कर्मचारियों और वहां आने वाले लोगों के व्यवहार पर नजर रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। भरतपुर पुलिस स्टेशन पर सेना के अधिकारी के साथ बदसलूकी और खंडगिरि थाने में महिला पुलिसकर्मी के साथ दुर्व्यवहार की घटना के बाद पुलिस कमिश्नर ने यह आदेश दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि भुवनेश्वर के कई थानों में रविवार से ही इन नियमों को लागू कर दिया गया है। कमिश्नर ऑफ पुलिस एस देवदत्ता ने पारदर्शिता और विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया है। इससे पुलिसकर्मियों और थाने में आने वाले लोगों के व्यवहार पर नजर रखी जाएगी। पुलिस कमिश्नर ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर बताया कि पुलिसकर्मियों का व्यवहार भी नम्र होना चाहिए। इसके अलावा सारे काम कानून के दायरे में होने चाहिए। इसके लिए लगातार निगरानी करना जरूरी है। पोस्ट में कहा गया, बॉडी कैमरे कंट्रोल रूम में रियल टाइम अलर्ट देंगे। इससे पुलिस की प्रतिक्रिया भी तेज होगी। कम से कम एक महीने के लिए ऑडियो और वीडियो को सुरक्षित रखा जाएगा। पहले से मौजूद बॉडी कैमरे को भी हाइटेक करने का प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि कई बार ऐसे घटनाएं सामने आ चुकी हैं जब थाने आने वाले लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। इसके बाद कई बार शिकायतकर्ता ने ही पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी की। पुलिस थानों के लिए जारी किए गए ये कैमरे बातचीत को भी रिकॉर्ड करते रहेंगे। पिछ्ले महीने भरतपुर थाने में रोडरेज को लेकर एक आर्मी ऑफिसर अपनी मंगेतर के साथ थाने पहुंचे थे जहां उन्हें क्रूरता का सामना करना पड़ा था। महिला की आपबीती हैरान करने वाली थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि हाथपैर बांधकर उनकी पिटाई गई है। इसके अलावा अधिकारी से पैंट उतारने की बात कही गई थी। आर्मी ऑफिसर सिख रेजिमेंट में हैं। उन्होंने बताया, रात में रेस्तरां बंद करके घर जाते वक्त कुछ लोगों ने बदसलूकी की। जब इसकी शिकायत को लेकर वह थाने पहुंची तो वहीं सिविल ड्रेस में मौजूद लेडी कॉन्स्टेबल ने उनके साध दुर्व्यवहार किया। इसके बाद मंगेतर (सेना के अधिकारी)कोल लॉकअप में डाल दिया गया और दोनों की बुरी तरह पिटाई की गई।

### एकनाथ शिंदे सीएम हैं और महायुति को उम्मीदवार घोषित करने की जरूरत नहीं : फडणवीस

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का कहना है कि अगर जनता उन्हें सीएम के तौर पर देखती है, तो यह समस्या नहीं समाधान है। साथ ही उन्होंने महाविकास अघाड़ी पर अब तक मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित नहीं करने पर भी तंज कसा। महाराष्ट्र में उम्मीदवारों की घोषणा का दौर जारी है। राज्य में 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को मतगणना की जाएगी। समाचार एजेंसी एएनआई ने एनडीटीवी मराठी इलेक्शन कॉन्क्लेव के हवाले से लिखा, हल्के फुल्के अंदाज में मैं यह कहना चाहता हूं कि जब आपने मेरा परिचय दिया तो कहा कि देवेंद्र जी लोग आपको सीएम समझते हैं यह लोगों की समस्या है। मैं इसे समाधान मानता हूं, समस्या नहीं। इसका मतलब यह नहीं है कि मैं सीएम बनने वाला हूं। सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि इसे परेशानी की तरह मत लीजिए। उन्होंने यह भी कहा कि एकनाथ शिंदे सीएम हैं और महायुति को उम्मीदवार घोषित करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री कौन बनेगा यह चुनाव के बाद घोषित किया जाएगा। हम तीन बड़ी पार्टियां हैं, सीएम एकनाथ शिंदे शिवसेना प्रमुख हैं, अजित पवार एनसीपी चीफ हैं और हमारा संसदीय बोर्ड तय करेगा कि महाराष्ट्र का सीएम कौन होगा। उन्होंने आगे कहा, लेकिन हम चिंतित नहीं हैं, क्योंकि हमारे पास हमारा सीएम एकनाथ शिंदे हैं।

# महाराष्ट्र की माहिम सीट पर तीन सेनाओं के बीच भिड़ंत, कितनी चुनौती दे पाएंगे राज ठाकरे के बेटे



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर माहिम सीट पर मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है। मध्य मुंबई के इस विधानसभा क्षेत्र में तीन सेनाओं के बीच भिड़ंत होने वाली है। राज्य में सत्तारूढ़ महायुति के घटक दल शिवसेना, विपक्षी शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के उम्मीदवारों के बीच त्रिकोणीय फाइट होगी। मनसे ने माहिम विधानसभा सीट से पार्टी प्रमुख राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे को मैदान में उतारा है। वह पहली बार चुनाव लड़ेंगे। माहिम मुंबई की 36 विधानसभा सीट में से एक है।

राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने माहिम से मौजूदा विधायक सदा सर्वणकर को उम्मीदवार बनाया है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) महेश सावंत को मैदान में उतारा है। मालूम हो कि राज ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे चचेरे भाई हैं। शिवसेना जून 2022 में दो गुटो में बंट गई थी, क्योंकि शिंदे के नेतृत्व में कुछ विधायकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी थी।

अमित, ठाकरे परिवार से चुनाव लड़ने वाले तीसरे व्यक्ति होंगे। उनके पिता मनसे के प्रमुख राज ठाकरे ने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे और अमित के चचेरे भाई आदित्य ठाकरे ने 2019 के विधानसभा चुनावों में वर्ली सीट से जीत हासिल की थी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने के बाद उद्धव ठाकरे खुद 2020 में विधान परिषद के लिए चुने गए। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना का मुख्यालय भी माहिम विधानसभा क्षेत्र में स्थित है।

इस बीच, मनसे को महायुति गठबंधन में शामिल करने की कोशिशें भी जारी हैं। मुंबई शहर के भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले सहित दूसरे नेताओं का इसे लेकर बयान आया। उन्होंने कहा कि वे चाहेंगे कि सत्तारूढ़ गठबंधन अमित ठाकरे को समर्थन दे। हालांकि, अभी इस पर अंतिम फैसला लेना बाकी है। शेलार ने कहा, राज ठाकरे ने हिंदुत्व पर अपना रुख बरकरार रखा है। अगर वे हमारा समर्थन करते हैं तो हमें अपना रिश्ता बनाए रखना चाहिए। अमित ठाकरे को महायुति के तौर पर समर्थन देना चाहिए। सीनियर नेताओं से इस पर बात करेंगे। अगर, अमित ठाकरे को भाजपा का समर्थन मिलता है और महायुति उम्मीदवार अपना नाम वापस लेते हैं तो माहिम की कहानी बदल सकती है। राज ठाकरे के बेटे इस सीट पर जीत के प्रबल दावेदार बन जाएंगे। हालांकि, इसकी संभावना कम नजर आ रही है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि भाजपा नेताओं ने महज चुनावी बयानबाजी की है। वहीं, माहिम से मौजूदा विधायक सदा सर्वणकर ने शनिवार को कहा था कि वह सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

## राजस्थान और हरियाणा में वायरल वीडियो ने छेड़ा चालान वॉर, दोनों एक-दूसरे की बसों की फाड़ रहे रसीदें

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा और राजस्थान यातायात पुलिस के बीच चालान युद्ध छिड़ता नजर आ रहा है। इसकी वजह कुछ दिन पहले वायरल हुआ एक वीडियो माना जा रहा है, जिसमें एक महिला कॉन्स्टेबल को कंडक्टर के साथ 50 रुपये के टिकट को लेकर बहस करते देखा गया था। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। दोनों ही पक्ष दर्जनों वाहनों का चालान बना चुके हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वीडियो वायरल होने के बाद हरियाणा याताचात पुलिस ने राजस्थान स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बसों को रोकना और चालान बनाना शुरू कर दिया था। दो दिन के दौरान पुलिस ने चालान के दौरान तस्वीरें भी खीचीं। इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में आरएसआरटीसी के एक कंडक्टर ने कहा, वे मुख्य रूप से नॉन-एसी बसों के चालान बना रहे हैं।

अखबार के अनुसार, आरएसआरटीसी के जीएम मनोज कुमार बंसल ने कहा कि लेन बदलने, ड्राइवर के वर्दी नहीं पहनने, सीट बेल्ट नहीं लगाने जैसे कारणों के चलते हरियाणा यातायात पुलिस की तरफ से करीब 40 आरएसआरटीसी बसों का चालान बनाया गया है। उन्होंने कहा, कुछ चालान 500-1000 के हैं, वहीं कुछ 5000 जितनी रकम के भी हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया, उन्होंने दो दिनों में 39 आरएसआरटीसी बसों को चालान दिए हैं और राजस्थान ने आज सिर्फ दो घंटे ऐसा किया।

अखबार से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि राजस्थान पुलिस ने हरियाणा रोडवेज की 8 बसों को जब्त किया है और 100 से ज्यादा का चालान बनाया है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि राजस्थान की 90 और हरियाणा की 26 बसों का चालान बना है।

राजस्थान के अधिकारी ने आरोप लगाए, उनकी कार्रवाई वीडियो वायरल होने के जवाब में की गई थी।

## विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की मदद करने वाले अफसरों पर एक्शन की तैयारी, हो सकते हैं तबादले

**चंडीगढ़, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की मदद करने वाले अफसर अब नायब सैनी सरकार के निशाने पर आ गए हैं दिवाली के बाद हरियाणा में बड़े स्तर पर अधिकारियों के तबादले हो सकते हैं। इसकी शुरुआत जिलों के एसपी और डीसी से होगी

सीएम नायब सैनी ऐसे अधिकारियों की सूची तैयार करवा रहे हैं, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की मदद की थी। हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों ने चुनाव में गड़बड़ी की कोशिश की थी। जिसकी सूचना सरकार को मिली। गड़बड़ी करने वालों में कई जिलों के एसपी, डीसी, एडीएम और डीएसपी रैंक तक के अधिकारी हैं।दीपावली के बाद इस अधिकारियों को बदला जाएगा। ट्रांसफर की लिस्ट तैयार हो रही है। सरकार के पास विधायकों व जिलाध्यक्षों ने सरकार को ऐसे अफसरों की रिपोर्ट सौंपी है। इस रिपोर्ट के आधार पर ही अब तबादले की सूची तैयार की जा रही है। ऐसा करके सरकार अफसशाही पर लगाम कसना चाहती है। मुख्यमंत्री नायब सैनी हरियाणा में वोटिंग के बाद से ही कहते रहे कि कई अधिकारियों ने चुनाव के दौरान ईमानदारी से काम नहीं किया।

# एफएनजी एक्सप्रेसवे के लिए सर्वे का काम पूरा, तीन मार्ग चिन्हित; एक रूट पर होगा काम

**फरीदाबाद , एजेंसी।** एनसीआर के शहर फरीदाबाद से नोएडा और गाजियाबाद तक सफर करने वालों के लिए राहत की खबर है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद एक्सप्रेसवे की परियोजना के सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है। इस एक्सप्रेसवे की नई डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) में तीन अलांइमेंट (मार्ग) तैयार किए गए हैं। पीडब्ल्यूडी मुख्यालय द्वारा मंजूरी देने के बाद एक पर काम शुरू किया जाएगा।



पीडब्ल्यूडी की ओर से दिवाली बाद डीपीआर मुख्यालय को भेजी जाएगी। परियोजना के सिरे चढ़ने से दिल्ली के रास्ते गाजियाबाद-नोएडा और फरीदाबाद के बीच आवाजाही करने वाले एक लाख लोगों को जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा। शहर से रोजाना करीब एक लाख लोग नौकरी व अन्य कामों के चलते नोएडा-गाजियाबाद के लिए आवाजाही करते हैं। नोएडा-फरीदाबाद के बीच यमुना नदी पड़ती है। लोगों को नोएडा जाने के लिए सड़क मार्ग से दिल्ली कालिंदीकुंज होकर नोएडा जाना पड़ता है। आगरा नहर के साथ बनी इस सड़क पर अक्सर जाम होने कारण वाहन चालकों को परेशानी होती है। वहीं दिल्ली की तरफ से नोएडा जाने पर घंटों ट्रैफिक में फंसना पड़ता है। मेट्रो से जाने पर कम से कम एक घंटे का समय लगता है। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर करीब छह माह पहले लोक निर्माण विभाग की ओर से एक्सप्रेसवे की डीपीआर बनाने के लिए नोएडा की एमएसवी कंपनी को कंसल्टेंट एजेंसी नियुक्त किया गया था। एजेंसी ने डीपीआर तैयार कर लोक निर्माण विभाग को सौंप दी है, जिसमें तीन अलाइनमेंट चिन्हित किए गए हैं। वर्ष 1998 में एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के क्षेत्रीय प्लान में और फरीदाबाद नगर निगम के सुझाव पर वर्ष 2011 के मास्टर प्लान में एफएनजी को शामिल किया गया था। सर्वे के बाद इस योजना को रद्द कर दिया गया। वर्ष 2015 में इसे फिर शुरू करने की योजना तैयार की गई। लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हो सका। एफएनजी परियोजना को प्रदेश सरकार ने अपने फ्लैगशिप प्रोजेक्ट में शामिल किया है। प्रोजेक्ट में हो रही अनावश्यक देरी को लेकर दो वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी।

## इजरायली सैनिकों की गोली से एक फिलिस्तीनी की मौत, वाहन से टक्कर मारने का आरोप



**रामल्लाह, एजेंसी।** इजरायल के सैनिकों ने यरूशलम के उत्तर में एक सैन्य चौकी के पास कथित तौर पर एक कार से हमला करने की कोशिश करने वाले एक फिलिस्तीनी को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। फिलिस्तीनी अथॉरिटी के यरूशलम गवर्नरेट ने रविवार को एक बयान में बताया कि शुफ़ात शरणार्थी शिविर में रहने वाले सामी अल-अमूदी नामक एक युवक को इजराइली सैनिकों ने गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, इससे पहले रविवार को, इजराइली पुलिस ने घोषणा की कि एक फिलिस्तीनी द्वारा चलाए जा रहे वाहन ने फिलिस्तीनी गांव हिजमा के पास सैनिकों को टक्कर मारने की कोशिश की, जिसके बाद सैनिकों ने हमलावर पर गोलियां चलाईं। एक बयान में, पुलिस ने कहा कि हमले में कोई घायल नहीं हुआ और आतंकवादी को तुरंत मार गिराया गया। घटना के बाद, इलाके की सड़कें बंद कर दी गईं और बड़ी संख्या में सैनिकों और पुलिस को घटनास्थल पर भेजा गया।

इजरायल की मैगन डेविड एडोम इमरजेंसी सेवाओं के अनुसार, इसी रविवार को इजरायल के मध्य क्षेत्र में एक सैन्य बेस के पास एक ट्रक ने एक बस को टक्कर मार दी, जिससे लगभग 33 लोग घायल हुए, जिनमें से छह की हालत गंभीर है। जब पैरामेडिक्स मौके पर पहुंचे, तो आठ लोग ट्रक के नीचे फंसे हुए थे। आपातकालीन सेवाओं ने नागरिकों की मदद से सात लोगों को ट्रक के नीचे से सुरक्षित निकाला, और आखिरी व्यक्ति को फायर ब्रिगेड की मदद से बचाया गया।



## श्रीलंका नौसेना ने अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में 12 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**कोलंबो , एजेंसी।** श्रीलंका की नौसेना ने समुद्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में भारत के 12 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नौका भी जब्त कर ली है। एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 12 और लोगों को गिरफ्तार किए जाने से द्वीपीय देश में इस साल ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या बढ़कर 462 हो गई है। श्रीलंका नौसेना ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया और उत्तरी प्रांत जाफना के प्वाइंट पेड्रो तट से उनकी नौका भी जब्त की गई है। इसमें बताया गया कि पकड़े गए 12 मछुआरों को कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। बयान में कहा गया कि श्रीलंकाई नौसेना ने 2024 में अब तक द्वीप के समुद्री क्षेत्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में 462 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी 62 नौकाओं को जब्त किया है। इसमें कहा गया है कि कानूनी कार्रवाई के लिए मछुआरों को अधिकारियों को सौंप दिया गया है। श्रीलंका के मत्स्य मंत्रालय ने बताया कि दोनों पड़ोसियों के बीच बार-बार उत्पन्न होने वाली समस्या (मछुआरों द्वारा मछली पकड़ना) पर चर्चा करने के लिए 12 सदस्यीय भारतीय दल मंगलवार को यहां पहुंचेगा। दोनों देशों के मछुआरों को अनजाने में एक-दूसरे के समुद्री क्षेत्र में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में इमिग्रेशन बना है अहम मुद्दा, ट्रंप और कमला हैरिस ने एक-दूसरे पर जमकर साधा निशाना

**अटलांटा, एजेंसी।** अमेरिकी चुनाव में अब सिर्फ नौ दिन बचे हैं। डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस ने प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक रखी है। चुनाव में इमिग्रेशन एक अहम और विवादास्पद मुद्दा बना हुआ है। भारत और अन्य देशों के कई आप्रवासियों को डर है कि अगर ट्रंप जीतते हैं तो कार्रवाई होगी।

अपने भाषणों में ट्रंप ने वॉशिंगटन की इमिग्रेशन नीति को सख्त करने के लिए आमूलचूल बदलाव का वादा किया है। साथ ही बिना दस्तावेज वाले अप्रवासियों के सबसे बड़े निर्वासन अभियान को अंजाम देने की कसम खाई है।



पाकिस्तान सहित विभिन्न प्रवासी समुदायों के बीच चिंताएं चुने जाने पर मौजूदा शरणार्थी कार्यक्रमों की समीक्षा की भी बात उन्होंने कही है। अवैध रूप से रहने वाले अप्रवासियों के बच्चों के लिए जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त करने का भी संकल्प लिया है, जिससे भारत, बांग्लादेश, और पाकिस्तान सहित विभिन्न प्रवासी समुदायों के बीच चिंताएं पैदा हो गई हैं। कई लोग इसे लेकर ट्रंप की आलोचना भी कर रहे हैं।

वहीं, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अवैध इमिग्रेशन को कम करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा है कि इमिग्रेशन सिस्टम टूट गया है और इसे ठीक करने के लिए विधायी उपायों की आवश्यकता है। हैरिस राष्ट्रपति चुनाव जीतीं तो तृतीय विश्व युद्ध करा देंगी। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया में उपराष्ट्रपति हैरिस पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर वह निर्वाचित हुईं, तो तीसरा विश्व युद्ध कराएंगी। वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग जैसे वैश्विक नेताओं से निपटने में अप्रभावी साबित होंगी। ट्रंप ने तीसरे विश्व युद्ध को रोकने की कसम खाई और दावा किया कि देश इसके इतना करीब कभी नहीं रहा। उन्होंने डेट्राइट में मुसलमानों के एक समूह से मुलाकात की। उन्होंने तर्क दिया कि वह मुस्लिम मतदाताओं के समर्थन के हकदार हैं, क्योंकि वह संघर्षों को समाप्त करेंगे और पश्चिम एशिया में शांति लाएंगे। अमेरिका में इस बार का राष्ट्रपति चुनाव काफी दिलचस्प होने वाला है। ये हम नहीं, न्यूयॉर्क टाइम्स और सिएना कॉलेज का एक सर्वे बता रहा है।

## जापान आम चुनाव: बहुमत से पीछे रहा सत्तारूढ़ गठबंधन, पीएम शिगेरू इशिबा की बढ़ी मुश्किलें

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के आम चुनाव में लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और उसके सहयोगी कोमिटो का सत्तारूढ़ गठबंधन बहुमत का आंकड़ा नहीं छू पाया। सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी, जापान की संवैधानिक लोकतांत्रिक पार्टी ने महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। 15 वर्षों में पहली बार लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और उसके सत्तारूढ़ गठबंधन सहयोगी कोमिटो ने निचले सदन में अपना बहुमत खोया है। पिछली बार उन्होंने 2009 में बहुमत खोया था। एलडीपी और कोमिटो को संसद के शक्तिशाली सदन में 465 सीटों में से कुल 215 सीटें मिलीं, जो बहुमत के लिए जरूरी 233 सीटों से कम है।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, एलडीपी ने अकेले 191 सीटें जीतीं। जबकि चुनाव से पहले उसके पास मौजूद 247 सीटों से बहुत कम है। इसके विपरीत, मुख्य विपक्षी संवैधानिक डेमोक्रेटिक पार्टी 148 सीटों पर पहुंच गई जो चुनाव से पहले 98 सीटों तक सीमित थी। चुनाव नतीजे काफी हद तक मीडिया के पूर्वानुमानों के अनुरूप है। यह चुनाव स्लश फंड घोटाले के बाद पहला राष्ट्रव्यापी मतदान है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129